आश्विन कृष्ण पक्ष सप्तमी उपरांत 12:39 अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 24 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 35, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



दिसानायके ने नया युग लाने का किया वादा 16

सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार बने रहे हैं जडेजा 15

# पूरे परिवार का अपहरण, महिला की हत्या

## कामतानाथ के दर्शन कराने के बहाने किया अपहरण, गला कसने पर पति कार से कूदा

संवाददाता, राठ/सरीला (हमीरपुर)

- पुलिस ने कार बरामद कर चालक को किया गिरफ्तार
- चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर

**अमृत विचार :** कामतानाथ के दर्शन के बहाने एक परिवार का अपहरण कर जान से मारने का प्रयास किया गया। गला कसने पर पति चलती कार से कूद गया, जबकि पत्नी की गला कसकर हत्या कर दी और राठ-उरई हाईवे पर गोहांड कस्बे के पास शव फेंक दिया। बेटे को भी मरा समझ कर रास्ते में फेंक दिया, जबकि बेटी को औरैया में छोड़ा। पुलिस ने तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ अपहरण और हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कार बरामद कर ली है और चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। आरोपियों की तलाश में चार टीमें गठित की गई हैं।

कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के मदारीपुर निवासी सूरज सिंह पुत्र छोटेलाल यादव परिवार के साथ कानपुर नगर के गुजैनी क्षेत्र के प्लाट नंबर 3 बी बर्रा में किराए पर रहता है। वह जूता फैक्ट्री में काम करता है। उसी मकान में त्रिभुवन उर्फ चाचा नाम का व्यक्ति भी रहता है। सूरज ने जरिया पुलिस को बताया कि त्रिभुवन ने चित्रकूट में कामतानाथ के दर्शन के लिए जाने की बात कही तो वह भी पत्नी अमन, बेटा रामजी और बेटी परी के साथ तैयार हो गया।

चित्रकूट जाने के लिए संजीव नामक व्यक्ति की अर्टिगा कार बुक की गई। शनिवार शाम त्रिभुवन ने अपने साथी वीर सिंह और रामप्रसाद को बुला लिया। सभी लोग कार से रवाना हुए। रविवार रात त्रिभुवन ने राठ-उरई हाईवे पर कुम्हरिया गांव के पास सूरज का गला दबाकर मारने का प्रयास किया। वह चलती कार से कूद गया। इसके बाद सूरज के पुत्र शिवा उर्फ रामजी को गोहांड के पास फेंक दिया। बेटी परी और पत्नी अमन को लेकर भाग गए। कार सवारों ने अमन की गला दबाकर हत्या करने के बाद जरिया थाना क्षेत्र के रहंक बंबी के पास फेंक दिया। बेटी परी को औरेया में फेंक दिया। रविवार सुबह रामजी ने गोहांड के पास एक मंदिर में घटना की जानकारी पुजारी को दी। पुजारी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को अपने साथ लेकर उसके पिता सूरज यादव की तलाश की तो वह भी मिल गया। सोमवार सुबह पुलिस ने रहंक बंबी के पास खेत से महिला का शव बरामद किया।

# हम बंटे थे इसीलिए अयोध्या से कटे थे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मीरजापुर में 127 परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास
- 1500 से अधिक युवाओं को वितरित किया स्मार्टफोन व टैबलेट
- मत्स्य आहार प्लांट के लिए लगभग चार करोड़ का चेक भी सौंपा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम और रामलला के नवनिर्मित मंदिर का उदाहरण देते हुए सवाल पूछा है कि ऐसी स्थिति क्यों हुई कि अयोध्या में 500 वर्षों तक इंतजार करना पड़ा? रामलला के भव्य मंदिर को तोड़कर आक्रांताओं ने क्यों गुलामी का ढांचा खड़ा कर दिया था? उसका एक ही कारण है कि हम बंटे थे, इसलिए कटे थे। इसलिए बंटिए मत, बल्कि एकजुट होकर विकास व सुरक्षा के माहौल में आगे बढ़िए।

योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मीरजापुर के गोपालपुर, विकासखंड पहाड़ी में 765 करोड़ रुपये की 127 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 1500 से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरित किए। मत्स्य आहार प्लांट की स्थापना की पहली क़िस्त के रूप में लगभग चार करोड़ का चेक भी सौंपा। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए विद्या शक्ति पोर्टल की भी शुरुआत की।

### माफिया को प्रशासन करता था सैल्यूट

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। खनन, पशु, संगठित अपराध, भूमाफिया हावी थे। जब उनका काफिला निकलता था तो सामान्य जनप्रतिनिधि सहम जाते थे, प्रशासन सैल्यूट करता था। आज माफिया गिड़गिड़ा रहे हैं कि जान बख्श दो।

### अपराधियों के सामने नाक रगड़ते थे विपक्षी

योगी ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जाति का खेल खेलने वाले लोग माफिया व दुर्दांत अपराधियों, दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे। आज जब राज्य की विकास की नई धारा के साथ बढ़ रहा है तो यह फिर से अवरोध बनकर खड़ा होना चाहते हैं। ऐसे लोग वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

## एक नजर

### विधायक अमानतुल्लाह की हिरासत 7 अक्टूबर तक

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को धन शोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान की न्यायिक हिरासत 7 अक्टूबर तक बढ़ा दी। खान की न्यायिक हिरासत की समय सीमा समाप्त होने पर उसे विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के समक्ष पेश किया गया जिन्होंने यह आदेश पारित किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दो सितंबर को खान को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने अदालत को बताया था कि अगर उसे रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है और जांच को बाधित कर सकता है।

### अवैध पटाखा फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में बारूद बरामद

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के महुआ थाना पुलिस ने एक अवैध पटाखा फैक्ट्री पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में बने हुए पटाखे, पोटाश और बारूद बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि महुआ थाना पुलिस को कल रात सूचना मिली कि ग्राम रुधावली में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में दीपावली के लिए बड़ी मात्रा में प्थाखों का निर्माण किया जा रहा है। महुआ थाना पुलिस ने इसकी सूचना समीप के अंबाह थाना पुलिस को भी दी। अंबाह और महुआ थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से ग्राम रुधावली में जाकर उक्त फैक्ट्री पर छापा मार करवाई की।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना डाउनलोड करना अपराध

## सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट का फैसला पलटा, कहा-अदालतें इस शब्द का इस्तेमाल भी न करें

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने एक ऐतिहासिक फैसले में बच्चों से जुड़ा पोर्नोग्राफी कंटेंट देखना या डाउनलोड करना कानूनी अपराध घोषित किया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी कंटेंट को देखना या डाउनलोड करना पॉक्सो एक्ट और आईटी लॉ (सूचना एवं तकनीकी कानून) के तहत अपराध है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गैर सरकारी संगठन ''जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस'' की अपील और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के हस्तक्षेप पर इस विषय में मद्रास हाईकोर्ट के एक फैसले को पलटते हुए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने अपने फैसले में केंद्र सरकार को बाल पोर्नोग्राफी (चाइल्ड पोर्नोग्राफी ) शब्द की जगह संशोधित शब्दावली ''बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री'' (चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेटिव एंड अब्यूजिव मटीरियल) रखने के लिए जरूरी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतें भी चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का इस्तेमाल न करें।

अदालत ने पूरे देश में बच्चों को कम उम्र से ही पॉक्सो के बारे में जागरूक बनाने पर जोर दिया है, ताकि बाल संरक्षण, शिक्षा और यौन कल्याण के लिए एक मजबूत और सुविचारित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके। शीर्ष अदालत ने यह भी माना है कि यदि सोशल मीडिया मंच सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा समुचित रूप से बाल यौन सामग्री के रूप में अधिसूचित आपत्तिजनक सामग्री को साक्ष्य को अप्रभावित रखते हुए अपने मंच से शीघ्रता पूर्वक नहीं हटाते हैं तो ऐसे मंचों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के तहत दी गई सुरक्षा का लाभ नहीं मिलेगा।

दरअसल, एक मामले की सुनवाई में मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर कोई पोर्नोग्राफी कंटेंट डाउनलोड करता और देखता है, तो यह अपराध नहीं, जब तक कि नीयत इसे प्रसारित करने की न हो। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कंटेंट का स्टोरेज, इसे डिलीट न करना और इसकी शिकायत न करना बताता है कि इसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है। हाईकोर्ट ने यह मामला खारिज करके अपने फैसले में गंभीर गलती की है। हम उसका फैसला रद करते हैं और मामले को वापस सेशन कोर्ट भेजते हैं।

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्दावली बदलने को लाया जाए अध्यादेश

तीन जजों की पीठ ने कहा कि संसद को चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्दावली को चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेटिव एंड अब्यूजिव मटीरियल शब्दावली से प्रतिस्थापित करने के लिए से पॉक्सो में संशोधन लाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि इस संशोधन के लिए फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही देश में यौन शिक्षा कार्यक्रमों को व्यापक रूप से लागू करने का भी सुझाव दिया, जिसमें नाबालिगों के साथ रतिक्रिया के चित्रण के कानूनी और नैतिक नतीजों की भी जानकारी शामिल की जाए।


# छत्तीसगढ़ में वज्रपात से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत

- भोजनावकाश में स्कूल में खेल रहे थे बच्चे

**राजनांदगांव, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में सोमनी के पास जोरातराई गांव के स्कूल में सोमवार को बिजली गिरने (वज्रपात) से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई तथा कुछ अन्य घायल हो गए। ये बच्चे भोजन अवकाश में खेल रहे थे। तभी बारिश के बीच बिजली गिरी जिसकी चपेट में उक्त छात्र और अन्य लोग आ गए। जिलाधिकारी संजय अग्रवाल ने स्कूली बच्चों समेत आठ लोगों की मौत की पुष्टि की है। बताया गया कि सोमनी थाना क्षेत्र के जोरातराई गांव में करीब डेढ़ बजे के आसपास मौसम खराब हुआ और बिजली की कडक़ड़ाहट के साथ बारिश हुई। उस वक्त गांव के सरकारी स्कूल के बच्चे भोजन अवकाश पर मैदान में खेल रहे थे और वे बिजली की चपेट में आ गए। इससे घटनास्थल पर ही पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। कुछ बच्चों के घायल होने की भी खबर है। जिलाधिकारी संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक व जिला शिक्षाधिकारी के साथ मेडिकल टीम गांव पहुंची और घायल बच्चों का उपचार शुरू किया।

# सुल्तानपुर डकैती का एक और आरोपी ढेर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



- मारे गए बदमाश अनुज सिंह पर घोषित था एक लाख रुपये का इनाम
- सोमवार भोर में एसटीएफ लखनऊ व अचलगंज पुलिस से हुई मुठभेड़

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर जिले के एक ज्वैलर्स की दुकान में 28 अगस्त को पड़ी डकैती में शामिल रहे दो बदमाशों की अचलगंज क्षेत्र में पुलिस और एसटीएफ से सोमवार भोर में मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से ढेर हो गया जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। मुठभेड़ में मारे गए बदमाश अनुज प्रताप सिंह पर एक लाख रुपये का इनाम था।

सुल्तानपुर स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान में 28 अगस्त को दिनदहाड़े डकैती पड़ी थी। वारदात में शामिल रहे दो बदमाशों की लोकेशन एसटीएफ लखनऊ की टीम को उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र में मिली थी। एसटीएफ ने उन्नाव पुलिस के साथ घेरने की योजना तैयार की। रविवार देर रात एसटीएफ व पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की। बदमाश बाइक से भागने लगे। उन्नाव के थाना अचलगंज क्षेत्र में बदमाशों का पुलिस से आमना-सामना हो गया। अपने को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया, पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के सिर में गोली लगी। दूसरा बदमाश भागने में सफल रहा। मारे गए बदमाश की पहचान अनुज प्रताप सिंह पुत्र धर्मराज सिंह निवासी गांव जनापुर थाना मोहनगंज अमेठी के रूप में हुई। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अनुज की बहन मनीषा सिंह ने भाई को निर्दोष बताया। जो डकैती में शामिल थे सभी का एनकाउंटर होना चाहिए। सजा देने का काम कोर्ट का है। मेरे भाई को विपिन सिंह और विनय शुक्ला ने फंसाया है। पिता धर्मराज सिंह ने कहा कि विपक्ष ने कहा था केवल जाति विशेष का एनकाउंटर सरकार करवा रही है। आज देख लीजिए ठाकुर का भी एनकाउंटर हो गया। जिन पर 35 से 40 केस हैं। उनका एनकाउंटर नहीं हो रहा है।

# खाली छोड़ी केजरीवाल की कुर्सी

नई दिल्ली, एजेंसी



- आतिशी ने संभाला दिल्ली के 8वें मुख्यमंत्री पद का प्रभार
- कहा-भरत की तरह करेंगी मुख्यमंत्री पद का काम

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने सोमवार को दिल्ली की 8वीं मुख्यमंत्री का प्रभार संभाला और कहा कि वह उसी तरह काम करेंगी, जैसे भरत ने अपने बड़े भाई भगवान राम की 'खड़ाऊं' को अयोध्या के सिंहासन पर रखकर काम किया था। वह मुख्यमंत्री कार्यालय में केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठीं और उन्होंने कहा कि केजरीवाल की कुर्सी खाली रहेगी। वह केजरीवाल की कुर्सी के बगल में रखी सफेद रंग की एक अन्य कुर्सी पर बैठीं।

आतिशी ने केजरीवाल सरकार में उनके पास रहे 13 विभागों का प्रभार अपने पास रखा है जिनमें शिक्षा, राजस्व, वित्त, बिजली और पीडब्ल्यूडी शामिल हैं। उन्होंने प्रभार संभालने के बाद कहा कि मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में चार महीने तक उसी तरह काम करूंगी, जैसे भरत ने भगवान राम की खड़ाऊं को सिंहासन पर रखकर काम किया था। अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देकर राजनीति में गरिमा की मिसाल कायम की है।

### मुख्यमंत्री पद का अनादर : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद आतिशी के बयान पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने तंज किया है। उन्होंने कहा कि आतिशी एक खाली कुर्सी दिखाती हैं तो इसका मतलब वह अपने को मुख्यमंत्री नहीं मानती हैं। यह कृत्य मुख्यमंत्री पद और संविधान का अनादर है। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी की आलोचना करते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री के पद का अपमान है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा आतिशी जी और अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली में लालू-राबड़ी मॉडल और सोनिया-मनमोहन मॉडल चलाना चाहते हैं।

# भारत में एमपॉक्स क्लेड-1 बी का पहला मामला मिला

- यूएई से केरल लौटे युवक में मिले लक्षण

**नई दिल्ली।** एमपॉक्स वायरस के जिस स्वरूप (स्ट्रेन) को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले महीने सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था, भारत में उसका पहला मामला सामने आया है। पिछले सप्ताह केरल में एक व्यक्ति के इससे संक्रमित होने की पुष्टि हुई।

सूत्रों ने बताया कि मल्लपुरम निवासी 38 वर्षीय व्यक्ति को 'क्लेड-1बी स्ट्रेन' से संक्रमण का पता चला है, जो हाल में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटा है। सूत्रों ने बताया कि रोगी की हालत स्थिर है। यह इस स्वरूप का पहला मामला है। इस स्वरूप के कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पिछले महीने दूसरी बार एमपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। इससे पहले राजधानी दिल्ली में सामने आया एमपॉक्स का एक मामला हरियाणा के हिसार निवासी 26 वर्षीय व्यक्ति का था, जो इस महीने की शुरुआत में पश्चिमी अफ्रीकी 'क्लेड 2' स्वरूप से संक्रमित पाया गया था।

# तिरुपति मंदिर का हुआ शुद्धिकरण

## प्रसाद विवाद : मंदिर में किया गया शांति होम

तिरुमला, एजेंसी

तिरुमला मंदिर में लड्डू प्रसाद में मिलावट के परिप्रेक्ष्य में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने सोमवार सुबह तिरुमाला मंदिर की यज्ञशाला में वैखानस आगम के सिद्धांतों के अनुसार मंदिर का शुद्धिकरण करते हुए 'शांति होम' किया। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव और अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी सीएच वेंकैया चौधरी ने पवित्र समारोह के संपन्न होने के बाद बताया कि महा शांति होम का उद्देश्य बुरे प्रभावों को दूर करना, लड्डू प्रसादम और अन्य नैवेद्यम की पवित्रता को बहाल करना और श्रीवारी भक्तों का कल्याण करना है।

उन्होंने कहा कि यह पवित्र अनुष्ठान एक पाप-मुक्त अनुष्ठान है और इसके एक हिस्से के रूप में ऋत्विकों द्वारा वास्तु शुद्धि, कुंभजला संप्रोक्षण किया गया। भक्त लड्डू प्रसादम और नैवेद्यम की गुणवत्ता के बारे में अपनी आशंकाओं और गलतफहमियों को दूर कर सकते हैं। मंदिर के मुख्य पुजारियों में से एक वेणुगोपाल दीक्षितुलु ने कहा कि सुबह छह से दस बजे तक यज्ञशाला में संकल्पम, विश्वक्सेना आराधना, पुण्याहवचनम, वास्तु होम, कुंभ प्रतिष्ठा, पंचगव्य आराधना की गई।



मंदिर की रसोई में शुद्धि अनुष्ठान करते पुजारी।

### घी की आपूर्ति करने वाली कंपनी को दी नोटिस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने तिरुमला तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डू प्रसादम के लिए घी की आपूर्ति करने वाली एक कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मंत्रालय ने मंदिर में घी की आपूर्ति करने वाली चार कंपनियों के उत्पाद के नमूने मांगे थे और उनका परीक्षण किया था। इनमें से एक कंपनी के उत्पाद का नमूना मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया है।केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि तिरुमला तिरुपति प्रसाद मामले में आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी गई है और इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार में निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढहा

पटना, एजेंसी



- प्रांत में हाल के दिनों में ढह चुके हैं एक दर्जन से अधिक पुल

बिहार में पटना जिले के बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु का एक निर्माणाधीन हिस्सा रविवार रात को ढह गया। इस घटना को हाल के दिनों में बिहार के कई जिलों में एक दर्जन से अधिक पुलों के ढहने की कड़ी में देखा जा रहा है।

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने घटना के पीछे निर्माण कार्य में वित्तीय भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। हालांकि बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड (बीएसआरडीसीएल) के मुख्य महाप्रबंधक प्रबीन चंद्र गुप्ता ने बताया कि घटना बियरिंग बदलने के दौरान हुई है जो एक नियमित अभ्यास है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु के निर्माण की देखरेख बीएसआरडीसीएल कर रहा है। प्रबीन गुप्ता ने बताया कि खंभों पर गर्डर रखते समय उनमें से एक गिर गया।

# फिल्म लापता लेडीज ऑस्कर के लिए नामित

**चेन्नई।** किरण राव की 'लापता लेडीज' को ऑस्कर पुरस्कार 2025 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सोमवार को यहां यह घोषणा की। पितृसत्ता पर हल्के-फुल्के व्यंग्य से भरपूर इस हिंदी फिल्म को 29 फिल्मों में से चुना गया है जिनमें बॉलीवुड की हिट फिल्म एनिमल, मलयालम की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अट्टम और कान फिल्म महोत्सव की विजेता ऑल वी इमेजिन एज लाइट शामिल हैं। असमी फिल्म निर्देशक जाहनु बरुआ की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय चयन समिति ने सर्वसम्मति से चुनाव किया।

# अतीत में शनि ग्रह के समान छल्लों से घिरी हुई थी पृथ्वी

## 466 मिलियन वर्ष पहले थे वलय, नए शोध से हुआ खुलासा

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** बेहद रोचक जानकारी सामने आ रही कि पृथ्वी भी कभी शनि ग्रह के समान छल्लों से घिरी हुई थी। ऑस्ट्रेलिया स्थित मोनाश यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने यह दावा किया है। शोध में बताया गया है कि 466 मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी के चारों ओर वलय थे।

इसमें दो राय नहीं कि प्रकृति कभी एक समान नहीं हो सकती। बदलना इसका स्वभाव रहा है। हमारी धरती भी इससे अछूती नहीं है। कभी यह धधकती आग का गोला हुआ करती थी तो कभी भीषण हिमयुग की चपेट में रही। मगर अब जो जानकारी सामने आई है, वह आश्चर्य व्यक्त करने वाली है। हमारे सौर मंडल में रिंग सिस्टम आम हैं। शनि, बृहस्पति, यूरेनस, नेपच्यून और यहां तक कि कुछ बौने ग्रहों और क्षुद्रग्रहों में भी छल्ले हैं। अतीत में पृथ्वी के वलयों को लेकर किए गए शोध पर सच्चाई झलकती है। ऑस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने 16 सितंबर को इसका खुलासा किया है। 466 मिलियन वर्ष पहले यानी पृथ्वी मध्य ऑर्डोविशियन काल के दौरान छल्लों से घिरी हुई थी। वैज्ञानिकों ने कहा कि क्षुद्रग्रह प्रभाव से बने क्रेटर के अध्ययन से इसका पता चलता है। अर्थ एंड प्लैनेटरी साइंस लेटर्स में यह शोध प्रकाशित किया गया है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि लगभग 466 मिलियन वर्ष पहले एक बड़ा क्षुद्रग्रह पृथ्वी के रोश सीमा के भीतर से गुजरा था। रोश सीमा पृथ्वी से न्यूनतम दूरी होती है। जिसके भीतर पृथ्वी का आंतरिक गुरुत्वाकर्षण बल प्रभावी होता है। जिसके चलते पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण ने क्षुद्रग्रह को तोड़ दिया और मलबा छिटककर वलय बनकर पृथ्वी की परिक्रमा करने लगा।

शोधकर्ताओं ने 466 मिलियन वर्ष पहले मध्यकाल के 21 ज्ञात क्षुद्रग्रह प्रभावों के स्थानों की जांच की। तब पता चला कि सभी क्रेटर भूमध्य रेखा के 30 डिग्री के भीतर स्थित थे। अनुसंधान दल ने अनुमान लगाया कि क्रेटर मलबे से बने हैं जो धीरे-धीरे पृथ्वी से टकराते चले गए।

### दुनिया के तमाम क्षेत्रों का किया अध्ययन

वास्तव में इस पृथ्वी के वलयों का पता लगाना आसान नहीं था। जिसके लिए शोधकर्ताओं ने पृथ्वी के तलछट या बर्फ के नीचे दबे क्षेत्रों, नष्ट हुए क्षेत्रों और टेक्टोनिक गतिविधि से प्रभावित क्षेत्रों को बाहर रखा और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिकी क्रेटन और यूरोप के छोटे हिस्सों सहित विभिन्न महाद्वीपों को अध्ययन क्षेत्र बनाया। तब यह जानकारी सामने आ पाई।

# निजी स्कूलों में आर्थिक दुर्बल बच्चों के प्रवेश अबकी समय से

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए जारी हुई आरटीई की समय सारिणी
- असमर्थ अभिभावकों के सरकारी कार्यालयों से कराए जाएंगे ऑनलाइन आवेदन

**अमृत विचार।** निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाने का समय निर्धारित हो गया है। शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा व राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने पत्र जारी कर दिया है। कहा गया है कि जो अभिभावक असमर्थ हैं उनके ऑनलाइन आवेदन सरकारी कार्यालयों से कराए जाएं। योजना का प्रचार-प्रसार भी कराया जाए।

महानिदेशक ने पत्र में कहा है कि गैर सहायता मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अलाभित समूह व दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा एक व पूर्व प्राथमिक कक्षा में 25 फीसदी सीटों पर प्रवेश दिया जाना जरूरी है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन होते हैं। लॉटरी प्रक्रिया से स्कूल आवंटन होता है। कुछ जिलों में प्रवेश की प्रक्रिया देरी से चली। बच्चों के प्रवेश जुलाई व अगस्त तक हुए। यह समय शैक्षिक दृष्टि से उपयुक्त नहीं है। इससे दिसंबर से ही पहले चरण की प्रक्रिया शुरू होगी जो चौथे चरण में मार्च 2025 तक चलेगी। शैक्षिक सत्र शुरू होने के दिन पहली अप्रैल से ही आरटीई का लाभ बच्चों को मिलेगा। असमर्थ अभिभावकों के बच्चों के लिए डीएम कार्यालय, सीडीओ, बीडीओ, जिला अस्पताल, सीएचसी, बीएसए, बीईओ कार्यालय से आरटीई की हेल्पडेस्क पर ऑनलाइन आवेदन कराने को कहा गया है। जिला समन्वयक सामुदायिक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नए शैक्षिक सत्र की प्रक्रिया समय पर चलेगी। इसके लिए गाइड लाइन जारी हो गई है।

### इस तरह चलेगी समय सारिणी

पहले चरण के आवेदन एक से 19 दिसंबर तक होंगे। बीएसए 23 दिसंबर तक आवेदनों का सत्यापन व लॉक करेंगे। 24 दिसंबर को लॉटरी व 27 दिसंबर तक बच्चों के प्रवेश को विद्यालय आवंटन की सूची जारी होगी। दूसरे चरण के आवेदन पहली से 19 जनवरी 2025 तक होंगे। 23 जनवरी तक बीएसए सत्यापन व लॉक करेंगे। 24 तारीख को लाटरी निकलेगी। 27 जनवरी तक बच्चों के प्रवेश के लिए विद्यालयों का आवंटन होगा। तीसरे चरण की प्रक्रिया पहली से 19 फरवरी तक चलेगी। 23 फरवरी तक सत्यापन व लॉक होंगे। 24 को लॉटरी निकाली जाएगी। 27 फरवरी तक बच्चों के प्रवेश के लिए स्कूल आवंटन की सूची जारी होगी। चौथे चरण के आवेदन एक से 19 मार्च तक होंगे। 23 मार्च तक सत्यापन व लॉक होंगे। 24 को लॉटरी निकलेगी। 27 मार्च तक स्कूल आवंटन की सूची जारी की जाएगी जहां बच्चों के प्रवेश होंगे।

### शत-प्रतिशत विद्यालय पोर्टल पर दिखें

- महानिदेशक ने कहा है कि जिला स्तर पर शत-प्रतिशत गैर सहायता मान्यता प्राप्त विद्यालयों की आरटीई पोर्टल पर मैपिंग एवं पंजीकरण कराया जाए। प्रवेश के लिए कक्षा एक व पूर्व प्राथमिक कक्षा की क्षमता के आधार पर जनपद का लक्ष्य निर्धारित हो। आवेदनों के सत्यापन व विद्यालय आवंटन के बाद शत-प्रतिशत नामांकन के लिए ब्लॉकवार नोडल अधिकारी नामित किया जाए।

# घूंघट में परीक्षा देने पहुंची महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिले भर में 932 नवसाक्षरों ने दिया इम्तिहान, जल्द आएगा परिणाम
- हर न्याय पंचायत में परिषदीय स्कूलों में बनाए गए हैं परीक्षा केंद्र



घूंघट में परीक्षा देतीं गांव की महिलाएं व पुरुष। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलेभर में रविवार को परिषदीय विद्यालयों में नवसाक्षर परीक्षा हुई। इसमें 932 परीक्षार्थी शामिल हुए। महिलाएं घूंघट में बच्चों को लेकर परीक्षा देने पहुंचीं तो कई बुजुर्ग महिला व पुरुष भी शामिल हुए। कहा जा रहा है कि जल्द ही परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा।

बीएसए संदीप कुमार ने 22 सितंबर की परीक्षा के लिए सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी किया था। इसमें बताया था कि नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत नव साक्षरों की परीक्षा कराई जाए। सुबह 10 से शाम पांच बजे तक परीक्षा हुई। जिलेभर में कुल 984 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए थे। इसमें सबसे कम गुगरापुर ब्लॉक क्षेत्र से 50 और सबसे अधिक 242 कन्नौज क्षेत्र के प्रतिभागी नामांकित थे। जिला समन्वयक सामुदायिक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कुल 932 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। हर न्याय पंचायत में परीक्षा केंद्र बीईओ स्तर से बनाए गए थे। उन्होंने बताया कि गूगल शीट पर नंबर भरे जाएंगे। कॉपियों का मूल्यांकन परिषदीय स्कूलों के शिक्षक करेंगे।

# मुठभेड़ में डकैत को लगी गोली, दबोचा

## करीब 15 महीने पहले शहर में पड़ी डकैती में फरार चल रहा था 50 हजार का इनामी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



जिला अस्पताल में भर्ती घायल डकैत को देखते एसपी अमित कुमार आनन्द।

**अमृत विचार।** कोतवाली कन्नौज व एसओजी टीम ने संयुक्त रूप से डकैती की घटना में फरार चल रहे 50,000 रुपये के इनामिया डकैत को मुठभेड़ में पैर में गोली मार दी। पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, 15,200 रुपये नकद व एक ब्रैसलेट बरामद किया गया।

सदर कोतवाली के मोहल्ला युसुफपुर भगवान मकरंदनगर निवासी इत्र कारोबारी विमलेश चन्द्र तिवारी पुत्र शिवसनेही तिवारी के यहां 28 जून 23 की रात डकैतों ने परिजनों को बंधक बनाकर सोने चांदी के जेवर, 07 लाख 30 हजार रुपया नकद और लाइसेंसी रिवाल्वर व अन्य सामान लूट लिया था। मामले में 29 जून को सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उक्त घटना के पांच आरोपियों अखिलेश जोशी, सुल्तान मोंगिया, मनोज उर्फ मनोहर पारदी, जादव पुत्र संजू, दाताराम उर्फ दादाराम को पुलिस ने 09 जुलाई 2023 को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बाद डकैत विक्की पारदी पुत्र रूप सिंह पारदी निवासी ग्राम माधवगढ़ थाना कचनार जनपद अशोक नगर मध्य प्रदेश 02 जुलाई 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उक्त घटना में प्रकाश में आए वांछित फरार डकैत चप्पड़ राजन काले उर्फ चप्पड़ पारदी पुत्र राजन काले पारदी निवासी मुरादपुर थाना धरनावदा जिला गुना (मध्यप्रदेश) हाल पता ग्राम बंजरबाडी थाना दौलताबाद जनपद औरंगाबाद( महाराष्ट्र) की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। गिरफ्तारी से बचने एवं अधिक समय से वांछित रहने पर पुलिस उपमहा निरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर ने डकैत पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। एसपी अमित आनंद ने बताया कि 22/23 सितंबर की रात सूचना मिली थी कि चप्पड़ जेल में बंद अपने साथियों से मिलने आया है। इस पर कोतवाली कन्नौज व एसओजी टीम ने ग्राम भाटनसरैया जलालपुर पनवारा रोड पर घेराबंदी की। इस दौरान डकैत ने गोली चला दी जिस पर पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। गोली चप्पड़ के पैर में लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर रात में ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी पर एसपी के अलावा सीओ सदर कमलेश कुमार व अन्य पुलिस के अधिकारी कर्मचारी जिला अस्पताल पहुंच गये। बदमाश के पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

### साथियों की पैरवी के लिए वकील से आया था बात करने

**कन्नौज।** एसपी ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में डकैत चप्पड़ राजन काले उर्फ चप्पड पारदी ने बताया कि शहर में व्यापारी के घर डाली डकैती के मामले में जेल में बंद अपने साथियों की पैरवी के लिये कन्नौज में वकील से बात करने आया था। रुपये की व्यवस्था करने के लिए शहर के मकानों में रेकी करने जा रहा था। उसी दौरान पुलिस से मुठभेड हो गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे, दरोगा अजब सिंह, दरोगा शेखर सैनी, सिपाही विनीत चौधरी, अतुल कुमार, सुनील कुमार, धीरज राणा कोतवाली कन्नौज। एसओजी प्रभारी कमल भाटी, हेड सिपाही तेजप्रताप सिंह, सिपाही मनीष कुमार सिंह, सिपाही विकास अग्रहरि, सिपाही गौरव कुमार समस्त एसओजी टीम कन्नौज। के अलावा सर्विलांस टीम केहेड सिपाही दुष्यन्त यादव व शुभम गुर्जर रहे।



उद्यान कार्यालय में अभिलेख देखते सीडीओ रामकृपाल चौधरी, साथ में डीएचओ सीपी अवस्थी व स्टेनो दिनेश कटियार। अमृत विचार

# अक्टूबर में 9 कार्यालयों की बारीकियां परखेंगे सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पहली से 24 अक्टूबर तक ऑफिसों के होंगे निरीक्षण

**अमृत विचार।** सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने विकास भवन में स्थित कई सरकारी विभागों के कार्यालयों के निरीक्षण करने का शेड्यूल जारी कर दिया है। अक्टूबर में नौ ऑफिसों की हकीकत परखी जाएगी। पहली से 24 अक्टूबर तक निरीक्षण लगे हैं।

सोमवार को सीडीओ ने जारी किए पत्र में कहा है कि संबंधित अधिकारी कार्यालय में साफ-सफाई करा लें। अभिलेखों का रखरखाव व विभागीय योजनाओं की प्रगति पुस्तिका तैयार कराकर निर्धारित तारीख को निरीक्षण के समय प्रस्तुत करें। बताया कि एक अक्टूबर को जिला कृषि कार्यालय का निरीक्षण होगा। चार अक्टूबर को समाज कल्याण, सात को मत्स्य कार्यालय, 10 को भूमि संरक्षण कार्यालय, 14 को यूपी नेडा कार्यालय, 16 को पिछड़ा वर्ग कार्यालय, 18 को प्रोबेशन कार्यालय, 22 को समाज कल्याण वित्त विकास निगम व 24 अक्टूबर को अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय का निरीक्षण होगा। सभी निरीक्षण दोपहर 12 बजे से किए जाएंगे। दूसरी ओर जिला उद्यान अधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण किया। सीडीओ ने बताया कि सफाई व्यवस्था व योजनाओं की प्रगति ठीक मिली। अन्य कार्य भी सही थे, स्थापना पटल के अभिलेख अपूर्ण मिले।

# केयर टेकर उन्मुखीकरण कार्यशाला में किया जागरूक

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

- बीडीओ ने 15 केयरटेकरों को बांटी टी-शर्ट

**अमृत विचार।** ब्लाक सभागार कार्यालय में सोमवार को बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव की अध्यक्षता में केयरटेकरों की उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। 15 केयरटेकरों को टी-शर्ट का वितरण किया गया। बीडीओ ने कहा कि केयरटेकर अपनी अपनी गौशाला में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। एडीओ पंचायत लक्ष्मी राज यादव ने सभी सफाई नायकों से ग्राम पंचायत में रोस्टर के हिसाब से साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा।

इस दौरान शीशराम, रामगुलाम, प्रदीप कुमार, अनीस, शहनूर, वीर सहाय, आशीष, शिवमंगल, सुमित, बृजेंद्र सिंह, आनंद कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने चार वारंटियों को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** तालग्राम थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया के नेतृत्व में सोमवार को उपनिरीक्षक दिनेशचन्द्र, नीरज कुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल जयशंकर पटेल, राघव यादव जितेन्द्र कुमार ने अभियान चलाकर छापेमारी की। वारंटी बलवीर पुत्र रुपलाल निवासी ग्राम गुलरिया, करोडी लाल पुत्र सैदान सिंह, रसूकलाल पुत्र सैदान सिंह निवासी ग्राम अदमापुर व चन्द्र शेखर पुत्र आछेलाल निवासी ग्राम चौखटा को गिरफ्तार किया।

### तेज रफ्तार टेंपो ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** तेज गति से आ रहे टेंपों ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे युवक घायल हो गया। ग्राम बनियानी निवासी राजेश पुत्र शिवनंदन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका पुत्र शिवम 11 अगस्त की दोपहर लगभग 3.30 बजे घर से बाइक लेकर बाजार गुरसहायगंज गया था। जैसे ही ब्रह्मदेव मंदिर तिर्वा रोड पहुंचा तभी तेज रफ्तार टेंपो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां से कानपुर रेफर कर दिया गया। पीड़ित राजेश ने नगर के मोहल्ला मुजाहिद नगर निवासी हिमांशु व आशीष गुप्ता पुत्र प्रकाश गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### मां- बेटे को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज कन्नौज।** ग्राम बनियानी निवासी ज्ञान देवी पत्नी ज्ञान सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि परिवार की रजनी देवी, प्रमोद, प्रशांत, कृष्णा ने 21 सितंबर की शाम 8.30 बजे उसकी देवरानी से चार कुंतल गेहूं चुरा कर बेंच लिए। जिनको मेरे पुत्र अमन ने देख लिया। इसी बात की नाराजगी को लेकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसके पुत्र को मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कारागार में दो सौ बंदियों की हुई जांच

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज



बंदियों को जागरूकता पत्रक बांटते जेल अधीक्षक व क्षय रोग अधिकारी। अमृत विचार

- एचआईवी, क्षयरोग और हेपटाइटिस की जांच के लिए लगाया गया शिविर

**अमृत विचार।** जिला कारागार में बंदियों के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा पर ध्यान दिए जाने के लिए स्क्रीनिंग कर एचआईवी, टीवी, हेपटाइटिस आदि स्वास्थ्य सेवाओं के सम्बन्ध में जागरूकता व जॉच शिविर का आयोजन किया गया।

सोमवार को शिविर में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. केपी त्रिपाठी ने कारागार के बंदियों को एचआईवी, टीवी तथा हेपटाइटिस की मूल जानकारी दी। एचआईवी/एड्स के प्रभाव, एचआईवी संक्रमित एवं उच्च जोखिम समूहों के लिये सामाजिक सुरक्षा एवं सम्बन्धित लक्षण, देखभाल, सहयोग एवं उपचार की जानकारी दी। टीम ने 200 बंदियों की जांच की। क्षय रोग से ग्रसित दो बंदियों को प्रदेश सरकार की पोषण भत्ता योजना के तहत 1500 रुपये की वितरण स्लिप/बैंक पास बुक जिला क्षय रोग अधिकारी ने दी। उनके खाते एसबीआई जलालाबाद की शाखा में खुलवाये गये है। अब इलाज की अवधि के दौरान 06 माह तक प्रतिमाह 500 रुपये की दर से इनकों भत्ता मिलता रहेगा। शिविर में जेल अधीक्षक मो. अकरम खान, डॉ. माजिद अली, अखिलेश यादव, रंजीत सिंह, दीपक द्विवेदी, संध्या कटियार काउंसलर-आईसीटीसी, यश विजय काउंसर-एसटीआई, सुनील कुमार लैब टेक्नीशियन आईसीटीसी, सलीम एसटीएलएस-एनटीईपी, जितेन्द्र सिंह एसएसटीएलएस-एनटीईपी, फार्मासिस्ट रामबिहारी व मान सिंह, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार मौजूद रहे।

# सफाई मित्रों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**गुरसहायगंज।** सोमवार को नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न रोगों से ग्रसित 27 सफाई मित्रों का डॉ. अजीत कुमार ने स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की। साथ ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए स्वच्छता व जागरूकता के टिप्स भी दिए। इसी प्रकार नगर पंचायत तालग्राम कार्यालय में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सभी कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता, नितेश, गोकरान, अनुज कुमार, सर्वेश कुमार, रवि शर्मा, आमिर अंसारी, नरसिंह, संतराम, अनमोल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

**कवायद** पहले दिन विनोद दीक्षित अस्पताल परिसर के 12 सरकारी आवासों में लगाये गये

# नर्स के सरकारी आवास में लगा पहला स्मार्ट मीटर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



विनोद दीक्षित अस्पताल के आवासीय परिसर में स्टाफ नर्स के आवास पर मीटर लगा कर माला पहनाते बिजली विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

- मुख्य अभियंता, एक्सईएन मीटर, जेई व जीनस कंपनी के अधिकारी रहे मौजूद

**अमृत विचार।** जिले का पहली स्मार्ट मीटर शहर के विनोद दीक्षित अस्पताल परिसर के आवासों में स्टाफ नर्स के सरकारी आवास में लगाया गया। मुख्य अभियंता व एक्सईएन मीटर ने स्मार्ट मीटर लगने के बाद उसे चालू करा कर उसे फूलों की माला पहनाई। इसके बाद मिठाई बांटी गई।

जिले में बिजली विभाग ने स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत कर दी है। पहले स्मार्ट मीटर विनोद दीक्षित अस्पताल (सीएचसी) परिसर में बने 12 सरकारी आवासों में लगाये गये। पहला मीटर स्टाफ नर्स राजेश्वरी के आवास पर लगा। दोपहर तीन बजे के करीब स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान अधीक्षण अभियंता ननद लाल, अधिशाषी अभियंता मीटर अभिषेक कुमार, बिजली विभाग के जेई समीर के अलावा जीनस सेलूसन कंपनी के सर्किल इंचार्ज सुशांत कुमार समेत कई अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता ने बताया कि स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगवाने पर उपभोक्ता को बिजली दर में दो फीसदी की छूट दी जायेगी। पहले चरण में सरकारी कार्यालय व आवासों को लिया गया है। इसके बाद शहर व कस्बों में लगाये जायेंगे। इनको लगवाने से हर माह रीडिंग कराने से छुटकारा मिल जायेगा। यही नहीं बिजली बिल पर लगने वाले ब्याज व लेट फीस और बकाया बिल जैसी समस्या से निजात मिल जायेगी। घर बैठे मीटर को चार्ज करने की सुविधा होगी। उपभोक्ता वजट के अनुसार बिजली खर्च कर सकेगा। मीटर खराब होने पर उसे निशुल्क बदला जायेगा। फाल्ट व सप्लाई बाधित होने पर तुरंत जानकारी मिलेगी। अधिशाषी अभियंता मगन सिंह ने बताया कि जीनस कंपनी के कर्मचारी मीटर लगाने का काम कर रहे हैं। यदि मीटर लगाने के नाम पर कोई रुपये मांगता है तो उनसे शिकायत कर सकते हैं।



मुकदमे की पत्रावली देखते डीएम शुभ्रांत शुक्ला। अमृत विचार

# पुराने मुकदमों की सुनवाई कर जल्द करें निस्तारण

संवाददाता, तिर्वा

**अमृत विचार।** तहसील का औचक निरीक्षण करने पहुंचे डीएम ने भूलेख समेत तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण कर काफी समय से चल रहे मुकदमों की जल्द ही सुनवाई कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। सोमवार की दोपहर में तहसील पहुंचे डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने भूलेख कक्ष के बाहर खतौनी के लिए किसानो की लंबी कतार देखकर वहां जाकर ली जा रही फीस के बारे में जानकारी ली। इसके बाद तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया। लंबे समय से विचाराधीन मुकदमों की जानकारी ली। पत्रावली देखते हुए तहसीलदार को निर्देश दिए कि जो मुकदमे लंबे समय से विचाराधीन हैं उनके साक्ष्य को देखकर जल्द निस्तारण करें।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मै सूचित करना चाहती हूँ कि गरिमा शुक्ला व गरिमा त्रिपाठी दोनों मेरे ही नाम है। भविष्य में मुझे **गरिमा शुक्ला पत्नी अरुण कुमार त्रिपाठी निवासी –मो0 शेखर कालोनी हरदोई** के नाम से जाना जाए।

**सूचना**
पहले मेरा नाम RAIS AHAMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD RAEESH AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O:MAKBOOL, VILL -SEUR CHAMURKHA, POST- KUREBHAR THANA-KUREBHAR,SULTANPUR, UTTAR PRADESH-228151

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **माता प्रसाद सिंह पुत्र स्व0 प्रताप सिंह मौजा–जगदीशपुर, पोस्ट–बौरिहा पर0महादेवा तहसील तरबंगज वारिहाता ग्राम–पूरे पेदी शिवा वक्तावर पोस्ट बुधईपुरवा, परगना तहसील जिला–गोण्डा,** मैने अपने बड़े पुत्र मलखान सिंह पुत्र माता प्रसाद सिंह का चाल– चलन ठीक नहीं है वह आपराधिक किस्म का होने के कारण अपना पारिवारिक रिश्ता समाप्त करते हुए अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरे एनटीपीसी सेवा अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम ताहिरा और जन्मतिथि 01/07/1968 अंकित है , जो अपूर्ण और अशुद्ध है ।जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम ताहिरा खातून और जन्मतिथि 15/03/1972 दर्ज है , जो पूर्ण और सही है । अतः सेवा अभिलेखों में मेरी पत्नी का सही नाम ताहिरा खातून और जन्मतिथि 15/03/1972 दर्ज किया जाए । **इस्तिखार अहमद पुत्र अब्दुल वहाब निवासी – वार्ड नंबर 10 , भीतरी गांव , नगर पंचायत ऊंचाहार – रायबरेली**

**सूचना**
सूचित हो कि **जमील अहमद** (JAMIL AHAMAD) **पुत्र हाजी अब्दुल रज्जाक, निवासी– मोहल्ला मिर्जागंज, कस्बा व परगना व तहसील–मलिहाबाद, जिला लखनऊ** मेरी पुत्री रमशा जमील (RAMSHA JAMEEL) के विद्यालय के अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश जमील अहमद (JAMIEL AHMAD) दर्ज हो गया है जो कि गलत है, मेरा सही नाम जमील अहमद (JAMIL AHAMAD) है। अतः मेरी पुत्री के विद्यालय अभिलेखों में मेरा नाम संशोधन कर जमील अहमद (JAMIL AHAMAD) दर्ज किया जाये ।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **मोहम्मद इदरीश खाँ पुत्र स्व0 रफी खॉ निवासी–हाता हजरत साहब मोहल्ला काकोरी लखनऊ** मेरी पुत्री MEHVISH KHAN के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम त्रुटिवश KAUSER के स्थान पर QAUSER KHAN नाम अंकित हो गया है जो कि सत्य व सही है। अतः मेरी पुत्री की माता का नाम QAUSER KHAN के स्थान पर KAUSER KHAN पढा व समझा जाये तथा पुत्री की माता का नाम समस्त दस्तावेजो मे QAUSER KHAN के स्थान पर KAUSER KHAN नाम संशोधित कर अंकित किया जाय।

**NOTICE**
We, Sudipto Banerji and Monica Banerji, Directors of AdvantageSB Communications Private Limited, located at 1605, Rupa Solitaire, MBP, Mahape, Navi Mumbai 400710, Registered at 406, Drosia Apartment, Chandganj Garden Lucknow hereby declare that we have no business relationship with Mr. Alok Mukherjee, residing at Hauz Khas, New Delhi, or with Incite Infotech Private Limited, located at 208, 2nd Floor, Triveni Complex, E 10-12, Jawahar Park, Laxmi Nagar 110092, New Delhi, India. Any individual or organization engaging with them on matters related to us or our company does so at their own risk. Please consider this notice as a formal statement of our separation.

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम संजय कुमार संजू पुत्र रामाधर के नाम से जाना जाता है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है।– **संजय कुमार संजू, पुत्र रामाध, ग्राम व पो0 सदरपुर, सीतापुर, उ0प्र0, मो0–93699586674**

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHAMMAD FAROOQ KHAN था अब मैं आपना नाम बदलकर FAROOK KHAN रख लिया हूँ अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।– **फारुक खान मोहल्ला बजार, रौनाही– अयोध्या**

**सूचना**
गाटा संख्या की संपत्ति भूमि के संबंध में पारुल मल पुत्र दादूमल द्वारा कन्हैया लाल जावरानी, चंद्र नाथ लेवरानी और सेवक राम जावरानी और लाल चंद्र जावरानी के पक्ष में निष्पादित मूल विक्रय पत्र।849बीए, सिविल लाइंस हरदोई, परगना बांगर (अंदर नगर पालिका), तहसील और जिला हरदोई में स्थित है, जो विधिवत उप–रजिस्ट्रार सदर, जिला हरदोई के कार्यालय में बुक नंबर के तहत पंजीकृत था।1, वाल्यूम नं. 515, पृष्ठ 181/182, दस्तावेज़ संख्या। 1326, दिनांक 16.09.1966. उपरोक्त कागजात घर से दुकान तक परिवहन के दौरान खो गये थे।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अर्चना कपूर मेरे प्रापर्टी के कागज जिसकी गाटा सं0–849Ba है जो कि सिविल लाइन हरदोई परगना बंगर (नगर पालिका के अन्तर्गत) तहसील एवं जनपद हरदोई में स्थित है और सब–रजिस्ट्रार सदर हरदोई के कार्यालय में बुक नं0–1, वैल्यूम नं0–515, पृष्ठ सं0–181/182, प्रपत्र सं0–1326 दिनांक–16.09.1966 में अंकित है।वास्तव में खो गये है।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल निवासी ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज जनपद जौनपुर ही लेकिन मेरे अभिलेख में मेरा नाम त्रुटि बस कृतिक जायसवाल हो गया है जो सही नहीं है। मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल ही जाना एवं समझा जाए। – **सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल, निवासी– ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज, जनपद जौनपुर**

**सूचना**
मेरे शैक्षिक प्रमाणपत्रों में मेरा नाम अखिलेश कुमार पुत्र बृजपाल है।जबकि आधार पैन कार्ड पासपोर्ट में अखिलेश शर्मा पुत्र बृजपाल शर्मा दर्ज है। मुझे अखिलेश शर्मा के नाम से जाना जाए । अखिलेश कुमार व अखिलेश शर्मा एक ही व्यक्ति है। **अखिलेश शर्मा पुत्र बृजपाल शर्मा, निवासी मानिकपुर मोड सेंट्रल बैंक के पास इटावा**

**NOTICE**
Original sale deed executed by Parul, Mal S/O Dadumal, in favour of Kanhaiya Lal Javrani, Chandra Nath levrani & Sevak Ram Javrani & Lal Chandra Javrani, in respect of the property land of Gata no. 849Ba, Situated at Civil Lines Hardoi, Pargana Bangar (Andar Nagar Palika), Tehsil & District Hardoi, which was duly registered in the office of the Sub-Registrar Sadar, District Hardoi, Vide Book no. 1, Volume no. 515, Pages 181/182, Document no. 1326, dated 16.09.1966.The above papers were lost during transit from home to shop

**आज का मौसम**

मंगलवार को धूप होगी। दोपहर में हल्की बदली रहेगी।

| 35.0° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:59 | सूर्यास्त 06:05 |

# जीटी रोड के अनावश्यक कट बंद किये जाएं: डीएम

## जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एक्सप्रेस वे पर दुर्घटना बाहुल्य स्थानों को चिह्नित करें
- डिवाइडर पर कामर्शियल विज्ञापनों पर पूर्णतः रोक लगाएं

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। इस दौरान जीटी रोड के अनावश्यक कट बंद करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल ने यूपीडा को निर्देश दिये कि दुर्घटना से बचाव एवं सुरक्षात्मक उपाय को आवश्यक कदम उठाएं। एक्सप्रेस वे पर अधिक दुर्घटनायें होने वाले स्थानो का चिन्हित कर वार्निंग संकेतक, रेड/ब्लू (पुलिस संकेतक) बत्ती लगायी जायें। इसके साथ ही वाहन कितनी स्पीड चलाना है कि जानकारी के लिये इलेक्ट्रानिक बोर्ड लगाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाये। निर्देश दिये कि ओवर स्पीड वाली गाड़ियों का चालान किया जाये। निर्देश दिये कि जीटी रोड में जहां कट हैं वहां साइनेज/संकेतक लगाये जायें। इसके साथ ही अनावश्यक जो कट बने हैं उन्हें बंद किया जाये। सड़को पर रेडियम वाली प्लेट लगायी जायें, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। अधिकारी ओपेन माइंड के साथ कार्य करें। समय-समय पर रोड का विजिट करें। जहां जिस कार्य की आवश्यकता है, उसे समय से पूरा करें। उन्होंने सड़क डिवाइडर पर कामर्शियल विज्ञापनों को पूर्णतः रोक लगाने को कहा। जीटी रोड पर मवेशी पाये जाये तो गोशालाओं में संरक्षित किया जाये। स्कूल बसों और ऑटो का फिटनेश करने, स्कूल बसों और आटो में क्षमता से अधिक बच्चे न बैठे, इसके लिए नियमित चेकिंग करें। नियम विरूद्ध स्कूली बस एवं ऑटो के संचालन पर कार्रवाई की जाये। एसपी अमित कुमार आनन्द ने कहा कि आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड लगाया जाएगा। एक्सप्रेसवे से शहर/कस्बों की ओर बताए जाने वाले संकेतक सही किया जाये। दुर्घटनाओं को रोकने हेतु बेहतर रणनीति बनाकर कार्य किया जाये। बैठक में एडीएम आशीष कुमार सिंह, एआरटीओ इज्या तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

### मतदान स्थलों को लेकर हुई बैठक

**कन्नौज।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान स्थलों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई। बैठक में कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मतदेय स्थलों का जर्जर भवन, अधिक मतदाता, विद्यालय के नाम में परिवर्तन होने संबंधित समस्याओं को लेकर विमर्श किया गया। छिबरामऊ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10, तिर्वा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 9 और सदर विधानसभा क्षेत्र में 5 मतदान स्थल समेत कुल 24 मतदेय स्थल सम्भाजन के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिओं से वार्ता हुई। इस दौरान एडीएम प्रशासन आशीष कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार आदि मौजूद रहे।

किशोरी से दुष्कर्म प्रकरण

## नवाब समेत तीनों आरोपियों पर दो दिन में गैंगस्टर

**कन्नौज।** किशोरी से दुष्कर्म मामले में आरोपी नवाब सिंह यादव, भाई नीलू यादव व किशोरी की बुआ पर गैंगस्टर की कार्रवाई की तैयारी पुलिस ने कर ली है। कोतवाली प्रभारी ने पत्रावली तैयार कर ली है। दो से तीन दिन में पुलिस तीनों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करेगी।

किशोरी से दुष्कर्म में पुलिस नवाब समेत तीनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसके बाद इन सभी का गैंग चार्ट तैयार किया गया है।

पता चला है कि इसे पुलिस ने अनुमोदन के लिए जिलाधिकारी के पास भेजा है। वहां से अनुमोदन मिलते ही दो से तीन दिन में इन पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने के लिये कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे मामले से संबंधित फाइल को न्यायालय में दाखिल कर देंगे।

जानकार बताते हैं कि गैंगस्टर की कार्रवाई होने के बाद आरोपियों को कुछ समय तक जमानत मिलने में दिक्कत हो सकती है। साथ ही न्यायालय से भी गैंगस्टर में सजा हो सकती है। उल्लेखनीय है पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव पर किशोरी से दुष्कर्म किए जाने का आरोप हैं।




शहर के सेठ चौराहे के पास उखड़ी सड़क। चिरैयागंज मोहल्ला में सड़क पर गड्ढे। अमृत विचार

# एक माह में ही उखड़ने लगी सड़क

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ईओ ने जांच कराकर ठेकेदार को नोटिस जारी कर भुगतान रोका
- कार्यदायी संस्था ने बारिश के दौरान ही बना दी डामर की सड़क

**अमृत विचार।** नगर पालिका के द्वारा निर्माण कराई गई शहर की मुख्य सड़क एक माह में ही उखड़ गई। सड़क में कई जगहों पर गड्ढे हो गए है। हैरानी की बात ये है कि टेंडर मिलते ही कार्यदाई संस्था ने बारिश के दौरान ही सड़क का निर्माण करा दिया। इसकी बजह से एक माह में ही सड़क की परते खुल गई। मामले की जानकारी होने के बाद अधिशासी अधिकारी ने जेई से मामले की जांच कराई। जांच में सड़क निर्माण की गुणवत्ता की पोल खुल गई। ईओ ने कार्यदायी संस्था नोटिस जारी कर भुगतान पर रोक लगाने के आदेश दिए है।

शहर के लाखन तिराहे से माता फूलमती देवी मंदिर चौराहे को जाने वाली सड़क काफी समय से खस्ताहाल थी। इससे शहर वासियों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क के निर्माण को लेकर नगर पालिका की ओर से बजट तैयार कर प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव के बाद टेंडर प्रक्रिया के जरिए छिबरामऊ क्षेत्र की एक कार्यदाई संस्था को सड़क का निर्माण कराने की जिम्मेदारी मिली। इस सड़क के लिए पालिका की ओर से करीब 13 लाख रुपये का टेंडर जारी हुआ था। कार्यदाई संस्था ने जल्दवाजी में बारिश के दौरान ही डामर की सड़क का निर्माण करा दिया। सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की गई, जिसकी वजह से एक महीने में ही सड़क की परतें उधड़नी शुरू हो गई। सड़क निर्माण के एक सप्ताह बाद से ही सड़क के किनारे दरार और गड्ढे हो गए थे। इसके बाद हुई बारिश से कई जगह से सड़क की बजरी उखड़कर बिखर गई है। बात अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी तक पहुंची तो उन्होंने नगर पालिका जेई राजकुमार को सड़क निर्माण की जांच कराने के निर्देश दिए। जांच में भी कई जगहों पर गड्ढे पर गुणवत्ता की अनेदखी बात सामने आई। इसके बाद पालिका ईओ ने कार्यदाई संस्था को नोटिस जारी कर सड़क की मरम्मत करने के निर्देश दिए।

### क्या बोले जिम्मेदार

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी शामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि सड़क निर्माण की जांच कराई जा चुकी है। कार्यदायी संस्था के भुगतान पर भी रोक लगा दी गई है। सड़क की मरम्मत के बाद ही भुगतान जारी किया जाएगा। बरसात के बाद काम कराने की बात ठेकेदार ने कही है। गुणवत्ता ठीक होने पर की भुगतान किया जाएगा।

## एक नजर

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत, शिनाख्त नहीं

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नेशनल हाईवे पर प्रेमपुर गांव के पास एक होटल के सामने किसी वाहन की टक्कर लगने से एक अधेड़ की मौत हो गई। अधेड़ का शव काफी देर तक हाईवे पर पड़ा रहा। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। रविवार देर रात करीब 10 बजे पुलिस को हाईवे पर एक शव मिलने की सूचना मिली। सूचना पर प्रेमपुर चौकी इंचार्ज संजीव कटारा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

### चेकिंग में बिजली चोरी करते मिले चार पर रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सोमवार को नगर के मोहल्ला गांधी नगर में विद्युत उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार ने अवर अभियंता विकास कुमार के साथ बिजली चोरी रोकने के लिये चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने बाईपास पर कटिया डालकर बिजली चोरी कर रहे 04 लोगों को पकडा। इन सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ओवरलोड चला रहे 08 उपभोक्ताओं के कनेक्शन का लोड बढ़ाकर 01 किलो वॉट से 04 किलो वॉट किया गया। साथ ही घरेलू कनेक्शन में अधिक लोड पाये जाने पर 03 उपभोक्ताओं के कनेक्शन को व्यावसायिक में कन्वर्ट किया गया।

### पोल से बांधकर युवक को पीटने के मामले में रिपोर्ट

**कन्नौज।** मोबाइल चोरी के मामले में युवक को बिजली पोल से बांधकर पीटने के मामले में आरोपी के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। शहर के मोहल्ला सुल्तानपीर हाजीगंज निवासी शमीर पुत्र मेंहदी हसन ने मोहल्ले के ही निवासी अकरम पुत्र हनीफ, रिजबान पुत्र अब्दुल बाकी, नन्ही पत्नी अकरम, राम शंकर के खिलाफ रिपोर्ट सदर कोतवाली में दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि उक्त लोगों ने मोबाइल चोरी का झूठा आरोप लगा कर गालीगलौज की। रोकने पर मारपीट की। बचाने मां नैमा आई तो उक्त लोगों ने उनको भी पीटा। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### वाहन की टक्कर से तिरंगा तिराहा की बांउड्री क्षतिग्रस्त

**छिबरामऊ, कन्नौज।** रविवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से सौरिख कस्बा स्थित तिरंगा तिराहा की बांउड्री क्षतिगस्त हो गई। 15 अगस्त के मौके पर तिरंगा तिराहा के सौंदर्यीकरण के बाद विधायक अर्चना पांडेय ने उद्घाटन किया था। बीती रात किसी वाहन ने पार्क में टक्कर मार दी। जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया। पार्क के क्षतिग्रस्त होने की शिकायत पड़ोस के लोगों ने चेयरमैन मनोज दुबे से की है।

### मंदिर की दीवार तोड़ कब्जे की कोशिश

**छिबरामऊ।** कस्बा क्षेत्र के चौधरियान मोहल्ले में दशकों पुराना एक देवी का मंदिर है। कुछ दिनों पहले मंदिर के पीछे की दीवार को तोड़ कर कुछ लोग कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। इसकों लेकर मोहल्लों वासियों ने एसडीएम उमाकांत तिवारी से शिकायत की। एसडीएम के निर्देश पर निरीक्षक चंद्र प्रकाश तिवारी ने मौके पर पहुंच निर्माण बंद कराया। एसडीएम उमाकांत तिवारी ने बताया कि निर्माण को बंद करा दिया गया है। मामले की जांच लेखपाल विमल कुमार मिश्रा से कराई जा रही है।

# गंगा अभी भी चेतावनी बिंदु के ऊपर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



बाढ़ के पानी से घिरा कटरी गंगपुर का ग्राम सचिवालय। अमृत विचार

- 4 दिन में 42 सेमी घटा पानी राहत की जगी उम्मीद

**अमृत विचार।** गंगा के जलस्तर में पिछले चार दिनों के बाद 42 सेंटीमीटर की कमी आई है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में कुछ हद तक ही राहत मिली है, लेकिन गंगा अभी भी चेतावनी बिंदु से 61 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। कई गांव के आबादी वाले हिस्से में पानी भरा है। वहीं खेत-खलिहानों में खड़ी फसलें डूबी हैं। ग्रामीण ऐसे हालात में बेहद परेशान हैं। उन्हें राहत का इंतजार है।

महादेवी घाट पर गंगा का जलस्तर अब कम होने लगा है। शुक्रवार को गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से तीन सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया था। जलस्तर में शुक्रवार के मुकाबले सोमवार को 42 सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई, लेकिन यह अभी भी चेतावनी बिंदु के पार ही है। गंगा चेतावनी बिंदु से 61 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। शुक्रवार को गंगा का जलस्तर खतरे के निशान पार 126.000 मीटर पर था जो सोमवार को 125.580 मीटर पर आ गया। नरौरा बांध से सोमवार को भी 62 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिन निचले आबादी के गांव में जलस्तर बढ़ने पर बाढ़ का पानी पहुंच चुका है वहां अभी कुछ हद तक ही पानी कम हुआ है। वहीं कटरी गंगपुर स्थित सचिवालय पानी से घिरा है। कासिमपुर, बक्शीपुर्वा, कटरी गंगपुर, दरियापुर पट्टी, जुकईया, समेत कटरी इलाके के आस पास के अन्य गांव में बाढ़ का पानी कई-कई फुट अभी भी भरा है। खेतों में धान, बैगन, धनिया, मिर्च समेत कई फसलों में भी पानी भरा होने से इनकी है।

# सात किसानों के बैनामा तैयार, आज होगी रजिस्ट्री

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** प्रशासन ने औद्योगिक गलियारा निर्माण के लिए चिह्नित भूमि का किसानो से बैनामा कराकर मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी। पहले दिन तहसील प्रशासन ने 7 किसानों की जमीन के बैनामों को तैयार करा लिया जिनकी आज रजिस्ट्री करवाई जाएगी।

थाना ठठिया के आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के निकट अलीपुर आहाना के 900 किसानों की करीब 143 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई थी। यूपीडा से जमीन का प्रस्ताव पास होने के बाद संबंधित किसानों से बैनामा कराकर मुआवजा देने के निर्देश दिए। तहसील प्रशासन ने सोमवार को बैनामा की प्रक्रिया शुरू कर दी। सोमवार को तहसील पहुंचे जैनपुर निवासी रामदेवी पत्नी रामऔतार, राजपाल पुत्र रामऔतार, विजय पाल पुत्र रामऔतार, अजय, सूरज (नाबालिग) संरक्षक माता, अजीजुद्दीन पुत्र जमालूद्दीन, राजेश कुमार पुत्र बाबूलाल की जमीनों के कागज तहसील प्रशासन ने गलियारा के पक्ष में तैयार करवा लिए। समय न रहने से रजिस्ट्री नहीं हो सकी। मंगलवार को प्रशासन यह प्रक्रिया करवा लेगा। इस दौरान पहुंचे डीएम ने किसानो से बात कर उनकी सूची देखी। तहसीलदार अवनीश कुमार ने बताया कि बैनामा के कागज तैयार होने में समय लग गया जिस कारण रजिस्ट्री नहीं हो सकी। जो बैनामा तैयार हुए उनकी रजिस्ट्री मंगलवार को कराई जाएगी। किसानों को अपने पास से एक रुपया तक नहीं खर्च करना है। सारा खर्च प्रशासन करेगा।

### कैंडल मेकिंग सीखकर महिला, पुरुष बनेंगे आत्मनिर्भर

**जलालाबाद, कन्नौज।** महिला व पुरुषों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बैंक ऑफ़ इंडिया की ओर से ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान अनौगी में कैंडल मेकिंग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सोमवार को 10 दिवसीय कैंडल मेकिंग प्रशिक्षण का समापन किया गया। इसमें अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेंद्र कुमार व आरसेटी निदेशक नितिन कटियार के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया गया। जिला प्रबंधक ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर महिला व पुरुष अपना व्यवसाय प्रारंभ कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। आरसेटी निदेशक नितिन कटियार ने प्रशिक्षार्थियों को मुद्रा लोन के विषय में बताया। इस दौरान संकाय देवेंद्र सिंह, कार्यालय सहायक सोनू कुशवाहा, अभिषेक कुमार, आदि मौजूद रहे।



समापन अवसर पर मौजूद प्रशिक्षणार्थी व अधिकारी। अमृत विचार

### स्वच्छता पखवाड़े में इन बच्चों से आप भी सीखिए...




**कन्नौज।** इन दिनों स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा है। ब्लॉक गुगरापुर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कुसुमखोर में छात्र-छात्राएं इस आयोजन में काफी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। शिक्षकों के मार्गदर्शन में अभिभावकों व ग्रामीणों को भी जागरूक कर रहे हैं। सहायक अध्यापक दीपा त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय में बच्चों ने ग्रीन स्कूल मुहिम चलाई। इसके तहत घरों से पौधे लाए। हैंडवॉश डे व शपथ दिवस भी हुआ। साथ ही छात्र शनि, शाबाज, दिव्यांकर, रामतीर्थ व अयान ने सूखा कचरा, गीला, प्लास्टिक, इलेक्ट्रानिक व जैव अपशिष्ट कचरा को अलग-अलग डस्टविन में डालते हुए दिखाया। • अमृत विचार

## सार-संक्षेप



प्रशिक्षण में किसानों को जानकारी देते डा. अमर सिंह। अमृत विचार

### लाभ का सौदा है ग्लेडियोलस की फसल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को फूलों की खेती को लेकर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में ग्लेडियोलस फूल की खेती करने के तरीके व लाभ बताएं। कस्बा क्षेत्र के माधौनगर गांव में कृषि विज्ञान केंद्र की ओर प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डा. अमर सिंह ने ग्लेडियोलस की खेती के लिए जड़ सड़न की समस्या के लिए 5 किग्रा ट्राइकोडर्मा प्रति हेक्टर की दर से भूमि एवं बल्ब शोधित करने की सलाह दी। जिससे जड़ सड़न की समस्या को रोका जा सकता है। ग्लेडियोलस की प्रजाति- व्हाइट प्रोस्पेरिटी, नोवालेक्स, व्हाइट फ्रेंडशिप, फ्रेंडशिप लगभग 3 लाख प्रति हेक्टेयर लागत से 8 से 10 लाख रुपए प्रति हेक्टर आमदनी कर सकते हैं। खाद एवं उर्वरक प्रयोग मिट्टी परीक्षण के उपरांत ही करने की सलाह दी। गृह वैज्ञानिक डा. पूनम सिंह ने पोषण माह के अंतर्गत किसान भाइयों को पोषण से संबंधित विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण 38 किसानों में प्रतिभाग किया।

### अधिवक्ताओं को बांटे सीओपी प्रमाणपत्र

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बार एसोसिएशन महासचिव ललित प्रताप सिंह एडवोकेट ने सोमवार को नए अधिवक्ताओं राम आसरे, अनुज चतुर्वेदी, मोहम्मद सगीर, अखिलेश कुमार, अंबरीश कुमार, रणजीत यादव, अजित सिंह, कृष्ण नारायण सिंह, सतेन्द्र कुमार, विजय कुमार को सीओपी प्रमाण पत्र व परिचय पत्र बांटे। इस दौरान राजीव हजेला, राजेश कठेरिया, विनीत कुमार चतुर्वेदी, स्नेहलता गुप्ता, पियूष सक्सेना, मो खलीक, अजीत, पुष्पेन्द्र यादव, शिवम शुक्ला सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### अधिवक्ता को इलाज के लिए की मदद

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शहर के मोहल्ला नई बस्ती गंगेश्वर नाथ के रहने वाले अधिवक्ता संतोष कुमार गैंगरीन जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो गये। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द सिंह राठौर व महासचिव ललित प्रताप सिंह ने पीड़ित अधिवक्ता के घर पहुंच कर पत्नी गीता देवी को दस हजार रूपए सहयोग राशि प्रदान की। इस दौरान वीरेन्द्र सिंह शाक्य, दफेदार, योगेन्द्र यादव, अजित, सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।



फीता काटकर आयुष्मान पखवाड़ा का उद्घाटन करते विधायक कैलाश राजपूत।

### आयुष्मान पखवाड़ा का विधायक ने किया उद्घाटन

**सौरिख कन्नौज।** आयुष्मान भव योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 20 से 30 सितंबर तक आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को सौरिख सीएचसी पहुंचे तिर्वा भाजपा विधायक कैलाश सिंह राजपूत ने फीता काटकर आयुष्मान पखवाड़ा का शुभारंभ किया है। उन्होंने 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों से आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की है। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. अजहर सिद्दीकी, जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र शाक्य, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पंकज राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष अखिलेश राजपूत, वीरपाल सिंह, आलोक यादव, रावेंद्र सिंह शैलेंद्र कुमार समेत सभी कर्मचारी मौजूद रहे।



नेशनल हाइवे पर पालिका कर्मी व बाइक सवार के बीच होती मारपीट।

### नेशनल हाईवे पर पालिका कर्मी से मारपीट, लगा जाम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नेशनल हाईवे पर साइड के विवाद को लेकर पालिका कर्मी व बाइक सवारों में विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों ने हाईवे पर वाहन रोक मारपीट कर दी। छिबरामऊ नगर पालिका का लोडर चालक लाखन गिहार कमालपुर स्थित कूड़ा निस्तारण प्लांट से लौट रहा था। तभी नेशनल हाईवे पर कपूरपुर के पास तालग्राम क्षेत्र के मायापुर्वा निवासी सौरभ बाइक से आ रहा था। हाईवे पर साइड देने को लेकर बाइक सवार की लोडर चालक से कहासुनी हो गई। कुछ देर बाद दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। स्थानीय लोगों ने मामले को शांत कराया। इस दौरान हाईवे पर जाम लग गया। बाइक चालक सौरभ ने पुलिस को कार्रवाई की मांग को लेकर तहरीर दी है।

सख्ती — तीन साल में एकत्र किए गए 4.9 फीसदी नमूने खाने योग्य नहीं

# बेचे जा रहे मिलावटी खाद्य पदार्थ, फेल हो रहे नमूने

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 45 फीसदी नमूनों के फेल होने पर एक करोड़ 21 लाख जुर्माना

**अमृत विचार।** जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट का खेल जमकर हो रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग के छापे में मिठाई, मसाले व अन्य खाद्य सामग्रियों में भारी मिलावट मिली है। तीन साल के रिकॉर्ड पर गौर करें तो करीब 45 फीसदी नमूने जांच में फेल हुए हैं। संबंधित दुकानदारों पर 1.21 करोड़ का जुर्माना लगा है। वहीं, करीब 150 से अधिक मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं।

भले ही सरकारी मशीनरी हर साल त्योहारों के अलावा समय-समय पर खाद्य सामग्री के नमूने लेकर कार्रवाई करती हो, लेकिन तीन साल के रिकार्ड के मुताबिक खाद्य प्रयोगशाला की जांच में करीब 44.78 प्रतिशत नमूने मानकों पर खरे नहीं उतर पाएं। वहीं 4.9 फीसदी नमूने खाने योग्य ही नहीं थे। लोगों की थाली में शुद्ध खाद्य सामग्री नहीं पहुंच पाती है। इससे लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। इसकी वजह से हर माह सैकड़ों लोग बीमारियों की चपेट में आकर अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचते हैं।

खाद्य सुरक्षा की विभागीय टीम होली, दीपावली, रक्षाबंधन व आम दिनों में हर साल करीब 200 से 250 तक नमूने भरते हैं। इनमें से करीब 40 से 50 फीसदी तक नमूने अधोमानक घोषित हो जाते हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ऐसे लोगों पर नकेल कसने के लिए कार्रवाई कर जुर्माना भी वसूलता है, लेकिन जिले में मिलवाटखोरी रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। मिलावटखोरों से हर साल करीब 30 से 40 लाख जुर्माना भी वसूला गया है।

### तीन साल में 632 में से 283 नमूने अधोमानक मिले

- खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक 632 सैंपल एकत्र कर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए थे। प्रयोगशाला की जांच में 45 फीसदी सैंपल अधोमानक पाए गए। जबकि 4.9 फीसदी असुरक्षित खाने योग्य ही नहीं की श्रेणी में मिले। तीन साल के दौरान खाद्य प्रयोगशाला की जांच में फेल हुए नमूने पर एक करोड़ 21 लाख 43000 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। टीम का कहना है कि मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ विभाग कार्रवाई करेगा।

**तीन सालों में लिए गए नमूनों का रिकार्ड**

| वर्ष | सैंपल | अधोमानक | असुरक्षित | जुर्माना (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 234 | 92 | 6 | 2778000 |
| 2022-23 | 200 | 88 | 5 | 4512000 |
| 2023-24 | 198 | 103 | 20 | 4853000 |
| योग | 632 | 283 | 31 | 12143000 |

### क्या बोले जिम्मेदार

खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश प्रताप ने बताया कि टीम द्वारा ने मिलावटखोरी रोकने के लिए जगह-जगह छापेमारी कर नमूने एकत्र किए जाते हैं। इसके बाद जांच के लिए उन्हें प्रयोगशाला भेजा जाता है। टीम दूध, घी, पनीर, मिठाई, दाल, चावल, गेंहू समेत लगभग हर खान पान में इस्तेमाल होने वाली चीजों की के सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजती है। जांच में नमूने फेल पाए जाने पर जुर्माना वसूला जाता है। इसके साथ ही सजा का भी प्रावधान है।

## चोरों ने ताला तोड़ कर घर से पार किये गहने व नकदी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** रविवार रात परिवार के सभी सदसय घर के बाहर सो रहे थे। तभी चोरों की टोली ने घर में घुसकर नकदी समेत जेबरात पार कर दिए। पुलिस ने गांव के ही दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के लड़ैता गांव निवासी नीरज कुमार यादव ने बताया कि रविवार रात परिवार के साथ घर के बाहर दरवाजे के पास सो रहा था। तभी देर रात चोरों ने घर में घुसकर कमरे में रखी अलमारी से सोने की चेन, अंगूठी व नकदी पार कर दी। सुबह जागने के बाद घर में जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच छानबीन की। लोगों से बात कर गांव के दो युवकों को हिरासत में लिया।

# बारिश ने बिगाड़ा आलू किसानों का गणित, नहीं हो सकी बोआई

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- इस बार आलू की फसल 15-20 दिन देर से होने की संभावना
- एक माह में आलू की कीमतों में 5 रुपये प्रति किलो का हुआ इजाफा


शीत गृह में भंडारित आलू। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में लगातार हो रही बारिश ने आलू की बोआई में खलल डाल दिया है। भारी बारिश के चलते जिले में अब तक आलू की बोआई शुरू नहीं हो सकी है। ऐसे में इस बार आलू की फसल 15 से 20 दिन लेट होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं, आलू की कीमतें अब बढ़ने लगी हैं। बीते एक महीने में आलू की फुटकर कीमतों में 5 रुपए किलों तक का इजाफा हुआ है।

थोक में पिछले महीने तक 17 सौ रुपये प्रति कुंतल तक बिक चुके आलू के भाव अब 22 सौ रुपये प्रति क्विंटल तक आ चुके हैं। पिछले महीने फुटकर में जो आलू 25 रुपए प्रति किलो में बिक रहा था वह अब 30 रुपए किलो के स्तर पर पहुंच चुका है। यूपी की सबसे बड़ी आलू मंडी सातनपुर में एक महीने में आलू की फुटकर कीमतों में 5 रुपए प्रति किलो तक का इजाफा हुआ है। आलू एवं शाकभाजी अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया जिले में कुल 107 कोल्ड स्टोरेज हैं। इसमें 86299.69 में मीट्रिक टन आलू स्टोरेज में स्टोर है। अभी तक शीत गृह से आलू की निकासी 311367.40 मीट्रिक टन हुई है। कुल आलू का यह 36.08 फीसदी है। कोल्ड स्टोरेज में अभी भी 551624.26 फीसदी मीट्रिक टन आलू स्टोर है। यह कुल स्टोर आलू का करीब 60 फीसदी है। उन्होंने बताया की कच्ची फसलों के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। इसमें प्याज, लहसुन आलू आदि के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

किसान नारद सिंह कश्यप ने बताया आलू की अगेती बोआई के लिए 15 से 25 सितंबर पर और सामान्य की बोआई के लिए 15 से 25 अक्टूबर तक का समय सबसे उपयुक्त रहता है। कई किसान 15 नवंबर से 25 दिसंबर के बीच तक आलू की पछेती बुआई करते हैं। आलू की फसल तैयार होने में 60 से 90 दिन लगते हैं। नया आलू दिसंबर अंत से बाजार में आना शुरू होता है। इस बार सितंबर में बारिश ने आलू किसानों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। अभी भी बारिश होने के आसार बने हुए हैं। इससे खेत तैयार नहीं हो पाएंगे। इसके चलते आलू की फसल करीब एक महीना लेट हो जाएगी।

### लेट हो सकती है आलू की फसल

किसानों को आलू की अगेती फसल करने में अभी समय लगेगा जो कोल्ड स्टोरेज में आलू भंडार है उसमें 30% किसान का है और 30 फीसदी व्यापारी का आलू है। व्यापारी तो आलू निकालकर अब बेच रहा है लेकिन किसान का जो बचा हुआ आलू है वह खेत में बोने के लिए बचा है जो आलू बाजार में बिक रहा है। उसे आलू का लाभ व्यापारी को मिल रहा है। किसान तो अपना आलू पहले ही बेच चुका है जो किसान का कोल्ड स्टोरेज में भंडारण है वह खेत में बोने के लिए ही बचा है। अभी भी बारिश की संभावना बनी हुई है। अगर बारिश होती है तो करीब 15-20 दिन आलू लेट हो जाएगा।

### 43232 हेक्टयर क्षेत्रफल में होगी आलू की बोआई

आलू एवं शाकभाजी अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि पिछली बार 43232 हेक्टयर क्षेत्र में जिले में आलू की बोआई हुई थी। इस बार भी यही उमीद है। जिले में ढाई लाख से अधिक परिवार है जो आलू की खेती करते हैं। इसमें करीब 5 लाख से अधिक किसान आलू की खेती करते है। वर्षा होने से करीब 15 दिन आलू लेट हो गया है। कच्चा और पक्का आलू अगर दोनों एक साथ मंडी में पहुंचते हैं तो आलू के भाव में गिरावट होगी।

## युवक के साथ दबंगों ने की मारपीट

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** रंजिश में युवक के साथ दबंगों ने मारपीट कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी कायमगंज भेज दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज की। पुलिस जांच कर रही है।

रविवार को क्षेत्र के गांव ढमढेरा निवासी रमाकान्त बाइक से कंपिल क्षेत्र के गांव कादरदादपुर सराय निवासी बुआ के घर गया था। देर शाम वह घर वापस घर जा रहा था। तभी रास्ते में शाहआलमपुर निवासी तीन ग्रामीणों ने उसकी बाइक की चाबी निकाल ली और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने एक राय होकर उसके साथ जमकर मारपीट की, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## सार-संक्षेप


मरीजों को फल वितरित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव। अमृत विचार

### सीएचसी में हुआ स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने सीएचसी में फीता काटकर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष इमरजेंसी में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। इसके बाद उन्होने इमरजेंसी कक्ष में अभिलेखों आदि की जांच की। पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि अगली बार लगने वाले स्वास्थ्य मेले का आयोजन सार्वजनिक स्थल पर किया जाएगा। स्वास्थ्य मेले मे सर्दी, जुकाम, बुखार से संबंधित 320 मरीजों को दवा वितरित की गई। इस दौरान अधीक्षक डॉ शोभित, डॉ जितेन्द्र बहादुर, डॉ मंधु अग्रवाल, डॉ नदीम अहमद, डॉ अमित कुमार, डॉ अमरेश, चीफ फार्मासिस्ट नेत्रपाल, फार्मासिस्ट रोहित कुमार, आरके चतुर्वेदी, मोहित गंगवार, अनूप कुमार आदि मौजूद रहे।

### राहत सामग्री पाकर खिले ग्रामीणों के चेहरे

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** सोमवार को नायब तहसीलदार मनीष वर्मा ने तराई क्षेत्र के गांव मधवापुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान नायब तहसीलदार ने 65 ग्रामीणों को राहत साम्रगी किट वितरित की। जिसमें 5 किलो लाई, 10 किलो आटा, 10 किलो आलू, 1 लीटर सरसो का तेल, मसाला, माचिस आदि पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान कानूनगो सुधीर पाठक व क्षेत्रीय लेखपाल सुधार पाठक आदि मौजूद रहे।


राहत सामग्री लेता ग्रामीण। अमृत विचार


धंसक रहा टीला। अमृत विचार

### टीला धंसकने से तहसील भवन को खतरा

**फर्रुखाबाद।** शहर के मोहल्ला रकाबगंज स्थित प्राचीन टीले पर ही तहसील सदर कार्यालय भवन स्थापित है। टीले का सीमांकन करने को चहारदीवारी भी बनी है। बरसात में टीला अक्सर धंसकता जा रहा है। चहारदीवारी की कुछ भाग ही शेष बचा है। लोग टीले में मिट्टी भी खोदते हैं। एक कमरा बनाकर टीनशेड डाल दिया गया। कुछ दिन पहले तहसील भवन के पीछे बनी दीवार भी बारिश में गिर चुकी है, तब भी ध्यान नहीं दिया गया। अब पूरा तहसील भवन दरकने लगा तो आलाधिकारियों का इस ओर ध्यान गया। अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने अधिकारियों के साथ रविवार रात में निरीक्षण कर लोगों से भवन खाली करने का निर्देश दे दिए थे। सोमवार सुबह टीले की चहारदीवारी के अंदर बना कमरा रिषभ भारद्वाज ने खाली कर दिया। खास बात यह है कि लोग टीले से मिट्टी खोदना बन्द नही कर रहे है।

### ट्रेन से कट कर अधेड़ की मौत

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली मोहम्दाबाद क्षेत्र के रोहिला अंडरपास के निकट रेलवे ट्रैक पर सुबह करीब छह बजे दिल्ली से फर्रुखाबाद आ रही कालिंद्री एक्सप्रेस ट्रेन से एक 35- 40 वर्षीय अधेड़ की कटने से मौत हो गई ।स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर आरपीएफ मैनपुरी के इंस्पेक्टर दिनेश कुमार राणा भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधेड़ के दाहिने हाथ पर दामिनी लिखा हुआ है। मृतक स्लेटी कलर की पैंट और भूरे कलर की शर्ट पहने हुए था। कोतवाली मोहम्दाबाद पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर मोर्च्युरी भिजवा दिया।

### रोडवेज बस ने बाइक में मारी टक्कर, तीन घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर क्षेत्र निवासी दंपति अपने भतीजे के साथ बाइक से हरदोई स्थित मंदिर जा रहे थे। तेज रफ्तार बस ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे गिरकर दंपति सहित तीनों घायल हो गए। एंबुलेंस से तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया। थाना राजेपुर के ग्राम पूर्वी गोटिया निवासी सुरेंद्र चंद्र पाल अपने चाचा सीताराम और चाची रामश्री के साथ बाइक से सोमवार को जा रहे थे। वह हरदोई जनपद में स्थित एक मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। जमापुर मोड़ से पहले सामने से आ रही बदायूं डिपो की रोडवेज बस ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक चला रहे सुरेश और उनके चाचा-चाची गिरकर घायल हो गए। चालक बस को भगा ले गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। एंबुलेस बुलाकर तीनों घायलों को सीएचसी राजेपुर में भर्ती करवाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया।

### प्रसूता ने एम्बुलेंस में दिया बच्चे को जन्म

**कायमगंज।** क्षेत्र के गांव निवलपुर निवासी विमला देवी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे डॉयल 102 एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी लेकर आ रहे थे। तभी तहसील रोड पर भीषण जाम में एम्बुलेंस फंस गई। प्रसूता को प्रसव पीड़ा बढ गई। एम्बुलेंस में तैनात ईएमटी ने परिजनों के साथ मिलकर सूझबूझ से महिला का प्रसव एम्बुलेंस में कराया। महिला ने पुत्र को जन्म दिया जिससे सभी के चेहरे खिल उठे। जाम खुलने पर जच्चा व बच्चा को सीएचसी में भर्ती कराया। उनका चेकअप किया गया जहां दोनों स्वस्थ्य है।

### डॉक्टर पर पैर का अंगूठा काटने का लगाया आरोप

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरीगेट क्षेत्र के मोहल्ला आवास विकास स्थित एक अस्पताल के डॉक्टर पर ड्रेसिंग करने के नाम पर अंगूठा काटने का आरोप लगा है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नखास निवासी करन ने बताया कि बाइक फिसलने से वह घायल हो गया था। वह ड्रेसिंग के लिए आवास विकास स्थित एक अस्पताल गया। आरोप है कि वहां मौजूद डॉक्टर ड्रेसिंग करने के लिए उसे ओटी में ले गया और इंजेक्शन लगा कर बेहोश कर दिया। जब उसे होश आया तो उसने पैर का अंगूठा कटा पाया। उसने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजनों ने जब डॉक्टर से इस संबंध में बात की उसने कोई बात नहीं की। करन ने अस्पताल पर 15000 रुपये लेने का आरोप भी लगाया। करन ने बताया कि थाने में तहरीर दी गई है। सीएमओ डा. अम्बरीश कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है ।दोषी पाए जाने पर डाक्टर व अस्पताल संचालक पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सामान्य निकाय चुनाव की अन्तिम मतदाता सूची चस्पा

**कायमगंज।** दि किसान सहकारी चीनी मिल समिति लिमिटेड में सामान्य निकाय चुनाव की अन्तिम मतदाता सूची चस्पा कर दी गई है। 4 अक्टूबर को मतदान होगा और उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे। दि किसान सहकारी चीनी मिल समिति लिमटेड के होने वाले सामान्य निकाय चुनाव के प्रतिनिधियों संचालक सदस्य व उपसभापति के निर्वाचन की प्रकिया समिति स्तर पर शुरू हो गई है। सामान्य चुनाव तीन चरण में पूर्ण होंगे। पहले चरण में डेलीगेट, द्वितीय चरण में संचालक सदस्य व तृतीय चरण में उपसभापति का चुनाव होगा। सोमवार को उपजिलाधिकी रवीन्द्र कुमार ने चीनी मिल में अन्तिम मतदाता सूची को चस्पा कराया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची पर 25 सितंबर तक आपत्ति दाखिल होगी। जबकि 26 सिंतबर को प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। इस तरह अन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन भी उसी दिन किया जाएगा। उसके बाद 28 व 29 सितंबर को नामांकन किए जाएंगे जिसकी फीस 100 रुपए होगी। प्रपत्रों की जांच के बाद वैध नाम का निर्देशन 30 सिंतबर को होगा। 1 अक्टूबर को नामांकन वापसी और उसी दिन चुनाव चिन्ह वितरित होंगे। मतदान 4 अक्टूबर को होगा और उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे। चीनी मिल में 19775 किसान सदस्य हैं जो कि 214 डेलीगेट का चुनाव करेंगे। इस दौरान मिल के सीसीओ प्रमोद कुमार, एआरओ कॉपरेटिव वीके अग्रवाल, एडीसीओ अरुण कुमार, एसीडीआई अशोक कुमार, एडीओ एग्रीकल्चर राहुल यादव, प्रवीन कुमार मौजूद रहे।

## एक नजर

### संदिग्ध हालात में भाजपा सेक्टर अध्यक्ष ने लगाई फांसी

**फर्रुखाबाद।** थाना कमालगंज कस्बे के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी भाजपा सेक्टर अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में कुण्डे में फंदा डालकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। जानकारी होने पर परिजनों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर भाजपा नेता को फंदे से उतारा और सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से उसे लोहिया अस्पताल भेज दिया गया, जहां से उसे कानपुर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। वर्तमान में भाजपा नेता कानपुर स्थित लखनपुर अस्पताल में आईसीयू वार्ड में भर्ती है। परिजनों ने बताया कि हालत स्थिर है।


गौरव गुप्ता।

### ऐश्वर्या उपाध्याय ने संभाला सीओ सिटी का कार्यभार

**फर्रुखाबाद।** सीओ सिटी प्रदीप सिंह के तबादले के बाद यहां आई ऐश्वर्या उपाध्याय को एसपी आलोक प्रियदर्शी ने नगर सर्किल का चार्ज सौंपा है। नवागन्तुक सीओ ऐश्वर्या सीओ सिटी के साथ ही फतेहगढ़, फर्रुखाबाद, मऊदरवाजा, कादरीगेट थानों के साथ ही महिला थाना व यातायात शाखा भी देखेंगी। सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय के लिंक अधिकारी के रूप में सीओ अमृतपुर रविन्द्र नाथ राय को लगाया गया है।


ऐश्वर्या उपाध्याय।

### 70 वर्ष बाद भी नही बन सकी 70 मीटर की सड़क

**कायमगंज।** कायमगंज नगर सीमा से सटे गांव चिलौली जिसे लोग नगर का ही हिस्सा समझते हैं, यहां एक गली की करीब 70 मीटर लंबाई की सड़क पिछले 70 वर्ष में भी नहीं बन सकी। गांव के बुजुर्ग लोग बताते हैं कि वह अपने बचपन से ही इस सड़क को कच्चा देख रहे हैं। वहां न कभी खडंज़ा बिछा न पक्की सडक़ बनी। यहां तक कि नाली भी कच्ची है। वर्षा के दिनों में फिसलने से बचने के लिए लोगों ने इधर उधर पड़े पटिया के टुकड़े रख दिए हैं।

# जिला मलेरिया अधिकारी व निरीक्षक का वेतन रोका

## संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक में मौजूद जिलाधिकारी वीके सिंह। अमृत विचार

- कहा, बिना अनुमति जिला नहीं छोड़ेंगे मलेरिया व फाइलेरिया इंस्पेक्टर
- संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई करें

**अमृत विचार।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर एवं दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जनपद में चलाया जाएगा, जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु अन्तर्विभागीय बैठक जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में हुई। इस दौरान उन्होंने अभियान के तहत चलाए जा रहे कार्यों में लापरवाही बरतने पर जिला मलेरिया अधिकारी व मलेरिया निरीक्षक का वेतन अगले आदेशों तक रोकने के आदेश दिए व मलेरिया इंस्पेक्टर को तलब किया। निर्देश दिए कि कोई भी मलेरिया इंस्पेक्टर, फाइलेरिया इंस्पेक्टर व डीएमओ बिना अनुमति के जिला नही छोड़ेंगे।

बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो एवं पूर्व में पाई गई कमियों में सुधार लाते हुए संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। जनपद की रैंकिंग, शीर्ष जनपदों में रहे तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान का उद्देश्य सार्थक हो सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि किसी विभाग के द्वारा अभियान में लापरवाही की जाती है तो संबंधित विभाग की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को अपने विभाग से सम्बन्धित कार्यों की योजना तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को कार्ययोजना के अनुरूप प्रत्येक गांव में साफ सफाई, झाड़ियों की कटाई, एन्टी लार्वा छिड़काव, नालों की सफाई कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों में साफ सफाई, नालियों की सफाई, फागिंग, झाड़ियों की कटाई कराये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जुलाई में चलाये गये अभियान के फीडबैक की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये। जिलाधिकारी ने दस्तक अभियान के अन्तर्गत शासन के द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप गतिविधि संचालित कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्य में लापरवाही बरतने में जिला मलेरिया अधिकारी नौशाद अली व मलेरिया निरीक्षक राजेपुर अनिमेश शुक्ला का वेतन अगले आदेशों तक रोकने के निर्देश दिए व मलेरिया इंस्पेक्टर से जवाब तलब किया। निर्देश दिए कि कोई भी मलेरिया इंस्पेक्टर, फाइलेरिया इंस्पेक्टर व डीएमओ बिना उनकी अनुमति के जिला नही छोड़ेंगे। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, डीडीओ व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


सेवा पखवाड़ा में बोलते विधायक नागेंद्र सिंह। अमृत विचार

## सेवा पखवाड़ा के तहत लगाया गया शिविर

**फर्रुखाबाद।** सीएचसी कमालगंज में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर 2 अक्टूबर 2024 तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। पीएम मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। स्वास्थ्य शिविर में आए मरीजों का परीक्षण कर दवाएं वितरित की गईं और आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई। भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा के दौरान 4 महान विभूतियों का जन्म दिवस पड़ रहा है। इसमें 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का, 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय का, और 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस है। इसलिए 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

# बसपा ने चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद


महात्मा गांधी व डॉ भीम राव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते बसपा नेता।

**अमृत विचार।** बसपा ने विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया। 9 अक्टूबर को बसपा कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस को मनाएगी। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनिति बनाई गई।

सोमवार को कायमगंज में बसपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह लोधी ने की। बैठक में मुख्य अतिथि कानपुर मण्डल प्रभारी विजय भास्कर, जिला प्रभारी रामरतन गौतम, जिला प्रभारी सर्वेश भारती व जिलाध्यक्ष आर डी बौद्ध शामिल हुए। इस दौरान मण्डल प्रभारी ने बताया कि 9 अक्टूबर को कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर सभी लोग एकजुट होकर श्रद्धांजलि अर्पित करेगे और आगामी चुनाव को लेकर कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष उपेंद्र सिंह लोधी ने कहा सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सहयोग से विधानसभा कमेटी की टीम आने वाले विधान सभा चुनाव में प्रत्याशी को जिताकर विधान सभा भेजने का काम करेगी। इस दौरान विधान सभा प्रभारी रामऔतार, अहिवरन लोधी, प्रेम सिंह, उपाध्यक्ष आयुषकांत, सचिव अजीत पाल, कोषाध्यक्ष नेमसिंह गौतम, धर्मेन्द्र राणा, पूर्व अध्यक्ष अमित सिंह उर्फ सोनू गौतम, योगेन्द्र गौतम, अनुज गौतम, आनन्द बर्धन, अनुज वर्मा, सेक्टर अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

अध्यात्म | मानस विचार समिति के तत्वावधान में मानस सम्मेलन के दूसरे दिन हुआ विचार मंथन

# भवसागर से पार जाने को भजन है सारथी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


मानस सम्मेलन में मौजूद रामबाबू पाठक व अन्य। अमृत विचार

- संतों का संरक्षण मिलने पर मानव आंख बंद कर साथ चल देता है
- दुख दूर करने के बहुत से उपाय, पर सुख का कोई उपाय नहीं

**अमृत विचार।** मानस सम्मेलन के दूसरे दिन सोमवार को मानस विद्वानों ने कहा कि जब संतों का संरक्षण मिलता है तब सुरक्षा की गारंटी होती है और मानव आंख बंद करके संतों के साथ हो लेता है।

मानस विचार समिति के बैनर तले डा. रामबाबू पाठक के संयोजन में पांडाबाग के सत्संग भवन में चल रहे मानस सम्मेलन में दुर्ग छत्तीसगढ़ से आए पीलाराम शर्मा ने कहा कि ऋषि विश्वामित्र ने राक्षसों के उत्पात से रक्षा के लिए राजा दशरथ से श्रीराम व लक्ष्मण को मांगा। राजा दशरथ और मां कौशल्या ने श्रीराम और लक्ष्मण को उनके साथ भेज दिया। ऋषि विश्वामित्र ने दोनों बालकों की सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस प्रकार संतों का संरक्षण कौशल्या माता को मिला इसलिए उन्होंने दोनो बालको को जाने से नहीं रोका। झांसी से पधारे मानस विद्वान अरुण गोस्वामी ने कहा कि ईश यानि महीश, शिव को कहा गया है। हम जितने देवी देवताओं की पूजा करते है, वे सभी शिव की पूजा करते हैं। शिव के विवाह में भूत प्रेत, देवी देवता, राक्षस सभी गए थे। भवसागर से पार जाने के लिए ईश्वर का भजन सारथी का काम करता है। चतुर सारथी ही भवसागर से पार कराता है। इंदौर से पधारे मानस मर्मज्ञ महेश चंद्र मिश्र ने कहा कि मानव कर्म सुख पाने के लिए करता है पर फिर भी उसे दुख मिलता है। दुख दूर करने के बहुत से उपाय है पर सुख प्राप्त करने का कोई उपाय नहीं है। जैसे प्रभु का भजन कर हम कर्म करते हैं पर फल रूपी प्रभु हमें नहीं दिखाई पड़ता है। संयोजक डा. रामबाबू पाठक ने कहा कि वाणी अर्थात् देवी सरस्वती अयोध्या में दासी मंथरा के पास गई। देवी सरस्वती पूरे अयोध्या राजभवन में घूमी, पर किसी की बुद्धि नहीं फेर पाई, पर दासी मंथरा मिल गई। देवी सरस्वती दासी मंथरा की बुद्धि को फेरने में सफल हो गईं। श्रीराम लक्ष्मण को अयोध्या से वन भेजकर राक्षसों का उद्धार किया। तबला पर संगत नंदकिशोर पाठक ने की। संचालन पंडित रामेंद्र मिश्रा ने किया। रामवरन दीक्षित, प्रमोद पांडेय, अशोक कुमार रस्तोगी, आलोक गौड़, ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री, सुरजीत पाठक उर्फ बंटू, ब्रजकिशोर सिंह, किशोर, भारत सिंह, समाजसेवी संजय गर्ग, नरेश दुबे, व्रजेंद्र श्रीमाली, विशेष पाठक सहित सैकड़ों मानस श्रोता मौजूद रहे।


शराब ठेके का विरोध करतीं महिलायें। अमृत विचार

## शराब ठेके को हटाने के लिए किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर में महिलाओं ने देशी शराब के ठेके पर पहुंचकर जमकर हंगामा कर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं ने आरोप लगाया की गांव उम्मरपुर के नाम से देशी शराब का ठेका ग्राम उम्मरपुर में ही जाना चाहियें। गांव सलेमपुर में शराब ठेके की दुकान को क्यों रखा गया है। देशी शराब के ठेका को सलेमपुर से बंद करा कर उम्मरपुर में ले जाने को लेकर लगभग 4 घंटे तक ठेके के बाहर महिलाएं नारेबाजी करती रहीं। महिलाओं ने शराब के ठेके को हर वक्त खुला रखने पर भी एतराज जताया है। सूचना पर उपजिलाधिकारी कायमगंज, नायब तहसीलदार कायमगंज, थाना पुलिस व आबकारी निरीक्षक ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को समझाया। दस दिन के अंदर ठेका हटाने का अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद महिलाएं मानीं और अपने घरों को चलीं गयीं।

## एक नजर

### आईसीटी कार्यशाला की कार्यकारिणी घोषित

**ताखा, इटावा ।** टीम शिक्षा के सारथी ने आईसीटी कार्यशाला का आयोजन राइजिंग सन अकादमी इटावा में किया। एसआरजी इटावा संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि शिक्षण में आईसीटी का प्रयोग बच्चों के लिए कितना लाभकारी होता है। साथ ही साथ आईसीटी के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर टीम के संस्थापक ऋषभ त्रिवेदी, टीम लीडर आकाश गर्ग एवं सहसंयोजिका सपना यादव ने पेज निर्माण को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में टीम की जिलाकार्यकारिणी भी बनाई गई, जिसमें ऋषभ त्रिवेदी, आकाश गर्ग, सपना यादव, श्वेता चतुर्वेदी, आभा पुरवार, आरती गुप्ता, दीक्षा गुप्ता, इशांक गुप्ता, प्रियंका सेंगर, शशि प्रभा, रेनू कुमारी, अर्पित चौहान, आकांक्षाको शिक्षा सारथी बनाया गया।

### आक्रोश मार्च में शामिल होंगे सभी कर्मचारी

**इटावा।** कर्मचारी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष राजीव यादव, प्रांतीय महामंत्री अरविंद धनगर के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जनपदीय मुख्यालयों पर पुरानी पेंशन बहाली के महासंग्राम के लिए प्रस्तावित आक्रोश मार्च 26 सितंबर में जनपदीय पदाधिकारी, कर्मचारीगण अपनी सहभागिता करना सुनिश्चित करेंगे।

# घंटों कतार में खड़े रहे मरीज

## आभा एप का सर्वर डाउन होने से सैफई आयुर्विज्ञान विवि के ओपीडी में रही तनाव की स्थिति

संवाददाता सैफई, इटावा



सर्वर डाउन होने से ओपीडी में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में आने वाले मरीजों के पंजीयन के लिए जिस आभा एप को लेकर शाबासी मिली। अब वही मरीजों की परेशानी का कारण बन रहा है। उमस भरी गर्मी में चार चार घंटे मरीजों को इंतजार करना पड़ा।

सोमवार को विश्वविद्यालय में तकनीकी गड़बडियां भी सामने आई इसकी वजह से विश्वविद्यालय की ओपीडी में पहुंचे हजारों की संख्या में मरीजों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ा। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना था कि आभा एप के सर्वर की गड़बड़ी के कारण टोकन नहीं मिल सका,घण्टों इंतजार के बाद मरीजों को विश्वविद्यालय के सर्वर द्वारा काटी गई कंप्यूटराइज पर्ची दी गई जिसके बाद उपचार शुरू हुआ।

ओपीडी में पर्ची काउंटरों में महिला-पुरुष सुबह 8 बजे से लाइन में लगे हुए थे। 9 बजे के बाद सर्वर डाउन हो गया। इधर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही थी । ओपीडी में भीड़ इतनी अधिक थी वहां बाहर निकलने में भी बड़ी समस्या हो रही थी। पर्ची बनने के दौरान अत्यधिक विलम्ब होने के कारण कतार में खड़े मरीजों में वाद-विवाद भी हुआ। जो भी लाइन तोड़कर पहले पर्ची बनाने जाता दिखा या फिर कुछ पूछताछ करने भी पहुंचा तो लाइन में लगे लोगों के विरोध के चलते वहां तनाव की स्थिति भी पैदा हो गई। वहां सुरक्षा में लगे पूर्व सैनिक बार-बार लोगों को शांत करने का प्रयास करने में लगे दिखाई दिए। ओपीडी में पर्ची बनाने वालों ने बताया कि सुबह से ही आभा एप का सर्वर डाउन होने के कारण टोकन नहीं दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय के सर्वर द्वारा कम्प्यूटरीकृत पर्ची बन पा रही थी।

वहीं कर्मचारियों का कहना है कि लोग छोटा मोबाइल लेकर आते हैं। जिसकी वजह से बारकोड स्कैन नहीं हो पाता है। अस्पताल में रोजाना 2500 से 3000 महिला व पुरुष इलाज के लिए ओपीडी में पहुंचे रहे हैं। यहां आभा एप से पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। चिगरोटी निवासी रेखा का कहना है कि हमारे पास बड़ा मोबाइल नहीं था। तो पंजीयन नहीं हो सका। अब बिना इलाज वापस जा रही हूं। मैनपुरी के भोगों निवासी अरविंद कुमार ने बताया कि उसके ब्रेन ट्यूमर है। दो घंटे से अधिक हो गए यहां पर जानकारी दी गई कि आभा जो एप है वह काम नहीं कर रहा है।

## संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**बकेवर, इटावा।** कस्बा के अम्बेडकर नगर मुहल्ले में एक 27 वर्षीय महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर कुंडे से फंदे पर लटका मिला। पति की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला का शव फांसी के फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका का मायका भी पड़ोस में ही है। मृतका ने प्रेम विवाह किया था। कस्बा के अम्बेडकर नगर मुहाल निवासी नीतेश चौधरी की पत्नी चंद्रकांती 27वर्ष रविवार रात्रि घर के अंदर कमरे में कुंदे से दुपट्टे से फांसी लगा ली।रात को मृतका के पति की आंख खुली तो मामले की जानकारी हुई। पति की सूचना पर रात करीब एक बजे बकेवर थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की और फॉरेंसिक टीम बुलावाया और साक्ष्य एकत्रित किये। मृतका का मायका भी ससुराल के चार घर बगल में ही है । थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या लग रहा है।

## सार-संक्षेप



बच्चे की देखभाल करतीं डॉ. अंजली यादव।

### स्वधा हॉस्पिटल में गायनेकोलॉजी विभाग का हुआ उद्घाटन

**जसवंतनगर, इटावा।** जसवंतनगर स्थित स्वधा हॉस्पिटल में अब महिला रोगों से संबंधित 'गायनेकोलॉजी' विभाग पूरी क्षमता के साथ शुरू हो गया है। महिला रोगियों विशेषकर प्रसव के लिए महिलाओं को अब कहीं भटकने या किसी बड़े हॉस्पिटल में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। चौधरी सुघर सिंह ग्रुप आफ इंस्टिट्यूशन से संचालित स्वधा हॉस्पिटल की डायरेक्टर अंजली यादव ने बताया कि गायनेकोलॉजी विभाग के उद्घाटन के साथ ही क्षेत्र के ग्राम सिरसा निवासी प्रसूता भावना ने एक स्वस्थ बेटी को जन्म दिया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर्स टीम ने भावना का सफल बड़ा ऑपरेशन कर डिलीवरी करवाई। जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। यह चिकित्सीय सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध होंगी। स्वधा हॉस्पिटल में जनरल मेडिसिन, गायनेकोलॉजी, पीडियाट्रिक्स( बाल रोग), ऑर्थोपेडिक,यूरोलॉजी, सर्जरी आदि छह विभाग पूरी क्षमता से काम करने लगे है। यहां पर बुधवार को मरीजों के लिए नि:शुल्क ओपीडी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

### राम जी पराशर का भारतीय वाची टीम में हुआ चयन



रामजी पारासर

**इटावा।** स्पेशल ओलंपिक भारत वर्ल्ड समर गेम्स वाची के लिये बौद्धिक रूप से अक्षम रामजी का भारतीय टीम में चयन हुआ है। राम जी 24 सितंबर 2024 को भारतीय टीम के शिविर के लिए अपने कोच वेद प्रकाश के साथ ग्वालियर मध्यप्रदेश में प्रतिभाग करेंगे। विशेष शिक्षक सत्यनारायण प्रसाद जसवंतनगर के प्रयास से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई स्पेशल ओलंपियन ने गोल्ड मेडल व अन्य मेडल प्राप्त किये है। जिला समवयक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा ने ऐसे खिलाड़ियों को तराशने के लिए सत्यनारायण को प्रेरणा दी। इस उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार, ब्लाक व्यायाम शिक्षक राजेश जादौन ने बधाई दी है साथ ही कहा कि हम सबकी शुभकामनाएं आपके साथ है कि आप अच्छा प्रदर्शन करके देश व नगर का मान बढ़ायें।

### पॉक्सो एक्ट में दोषी को 3 साल की सजा

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने पांच साल पुराने छेड़छाड़ के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे 3 साल की सजा सुनाई व 1 हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया। बसरेहर क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति के द्वारा वर्ष 2019 में वीपी सिंह जाटव पुत्र बच्चू लाल निवासी नबाब पुर के खिलाफ छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने छानबीन के बाद उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। सुनवाई के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर वीपी सिंह को दोषी पाया और उसे 3 साल की सजा व 1 हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया।

### मारपीट के मामले में दोषी को 1 वर्ष का कारावास मिला

**इटावा।** अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 5 ने मारपीट के 7 साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया और उसे 1 साल की सजा सुनाई। जसवंत नगर थाना पुलिस ने मारपीट के एक मामले में कांशीराम कालोनी निवासी आकाश पुत्र ग्रीश के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया था। छानबीन के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। सुनवाई के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर आकाश को दोषी पाते हुए एक साल की सजा सुनाई।

### कृषि, डेयरी कालेज में छात्रों को मिलेगा पढ़ाई का मौका

**इटावा ।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि इंजीनियरिंग कालेज के नेताजी सभागार में इंजीनियरिंग कॉलेज, डेयरी कॉलेज, एवं फिशरिस कॉलेज में सत्र 2024 – 25 को यूपी कैटेट एवं जेई मेंस के माध्यम से प्रवेश पाए छात्र–छात्राओं के लिए ओरिएंटेसन प्रोग्राम का आयोजन किया । नव प्रवेशित छात्रों एवं उनके अभिभावकों का तीनों महाविद्यालयों के शिक्षकों से परिचय कराते हुए निकट भविष्य में उनके द्वारा पढ़ाए जाने वाले 4 वर्षीय पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी एवं उपलब्ध संसाधनों से अवगत कराया गया। अधिष्ठाता एनके शर्मा ने प्रतियोगी परीक्षा पास करने एवं इन महाविद्यालयों के चयन करने के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने बताया कि यूपी कैटेट के छात्रों को इस महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अंतिम अवसर 25 सितंबर को मेरठ में होने वाली स्पॉट राउंड काउंसलिंग में दिया गया है। जिसमें कृषि इंजीनियरिंग, डेयरी एवं फिसरी कॉलेज में छात्र–छात्राएं इस वर्ष के लिए प्रवेश पा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन श्वेता दुबे ने किया। छात्रों को एकेडमिक कैलेंडर की जानकारी तरुण कुमार माहेश्वरी द्वारा पीपीटी के माध्यम से उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुलसचिव प्रदीप कुमार सिंह भदौरिया, जे पी यादव, राजीव सिंह, मनीष सहाय, सहित महाविद्यालय के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### अराजकतत्वों ने रोडवेज बस में मारे ईंट पत्थर, किया घेराव

**इटावा।** इटावा– फर्रुखाबाद मार्ग पर थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत बेवर से इटावा 51 सवारी लेकर जा रही रोडवेज की बस पर अराजक तत्वों ने जमकर ईट पत्थर चलाये। वहीं ट्रक लगाकर बस का घेराव भी किया गया। जानकारी देते हुए ट्रक के चालक ध्रुव सिंह पुत्र विश्राम सिंह व कंडक्टर अजय वर्मा ने बताया बरालोकपुर में एक बाइक सवार गलत दिशा से निकला, जिसको बचाकर वे इटावा जा रहे थे। तभी चौपला पर पीछे से 8–10 बाइक पर सवार होकर आये अराजकतत्वों ने बस में ईट पत्थर मारने शुरू कर दिया व चौपला के पास सड़क पर ट्रक लगाकर बस को रोकने का प्रयास किया। चालक ध्रुव सिंह ने बताया उसने बस नहीं रोकी और सूझबूझ से काम लेते हुए बस को तेजी से निकालकर चौबियां थाने पर जाकर खड़ा किया। वहीं बस में पथराव होने से बस में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। चौबिया थाने की पुलिस ने कंडक्टर को साथ ले जाकर बाइक सवारों को ढूंढने का प्रयास किया परंतु वह भागने में सफल हो गये। वहीं इस संबंध में थाना अध्यक्ष चौबिया बीके सिंह ने बताया कि बस के आगे से बाइक सवार के गुजरने पर बस चालक ने ब्रेक लगा दिए जिससे बाइक सवार गिर गया। इसके बाद बस को रोकने पर चालक द्वारा बस भगा दी। बाइक सवारों ने पीछा किया। तो बस चालक ने थाने में गाड़ी खड़ी कर दी। बाइक सवार को हल्की–फुलकी चोट आई हैं।

# स्वास्थ्य शिविर में 300 मरीजों की जांची गई सेहत

कार्यालय संवाददाता, इटावा



स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते डीबीए अध्यक्ष अनिल कुमार, मुकुट सिंह व अन्य।

**अमृत विचार।** किसान सभा ने नगला बरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आंखों एवं संचारी रोगों का इलाज किया गया। शिविर का उद्घाटन डीबीए अध्यक्ष अनिल कुमार गौर एवं शैलेन्द्र सिंह ने किया। किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मुकुट सिंह ने तिरंगा झंडा फहराया। यह शिविर हरप्रसाद, आचार्य सिपाहीराम यादव, लक्ष्मी देवी एवं रामेश्वर दयाल की स्मृति में लगाया गया।

शिविर में शंकरा हास्पीटल चौबेपुर कानपुर के डाक्टरों नर्सिंग स्टाफ एवं शैलेन्द्र सिंह तथा बसरेहर स्वास्थ्य केन्द्र के डाक्टरों ने इलाज किया । मोतियाबिंद के आपरेशन हेतु 36 स्त्री-पुरुषों को चिह्नित कर शंकरा हास्पीटल की टीम आपरेशन करने के लिये ले गयी। क्षेत्र के दर्जनो गांव से करीब से 300 मरीजो ने शिविर का लाभ उठाया।

शिविर संयोजक शौकीन सिंह ने बताया कि जनहित में इस तरह के आयोजन आगे भी किए जाएंगे। शंकरा हास्पीटल के राममोहन, शकुंतला, अशोक कुमारी, किसान सभा के मंत्री संतोष शाक्य, संतोष राजपूत, विवेक यादव, आशा कर्मचारी यूनियन की प्रांतीय महामंत्री संगीता कश्यप, सुमित्रा शाक्य, अनुराग यादव, अजय यादव, प्रमोद उर्फ भूरे, मोनू यादव, विकास, आशीष, आयुष, सहित 20 से ज्यादा स्त्री-पुरूषो ने शिविर में आये मरीजो के लिए आवश्यकतानुसार सुविधाये जुटाने में महत्वपूर्ण योगदान किया।

- मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए 36 स्त्री-पुरुषों को किया गया चिह्नित

### डाक्टरों ने मरीजों की जांच कर बांटीं मुफ्त दवाएं

**ताखा, इटावा ।** कस्बा ऊसराहार के किशनी ऊसराहार मार्ग पर स्थित एक हाउस में रामा देवी हास्पिटल के डाक्टरों ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया । जिसमें मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ प्रिया यादव ने ग्रामीण क्षेत्र से आये मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें जरूरी परामर्श दिया। अभिषेक यादव ने बताया कि सभी मरीजों का उचित परीक्षण करवाकर बीमारी से संबंधित दवाएं वितरित कीं। एक दर्जन गांवों से 435 मरीजों ने कैंप में आकर निशुल्क उपचार करवाया। साथ ही 120 मरीजों का खून जांच किया गया। इस मौके पर गेस्ट हाउस के मालिक अजय यादव, विजय यादव, विक्की यादव, विनोद वर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# स्टे के बावजूद जमीन पर हो रहा कब्जा

संवाददाता बसरेहर, इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अमृतपुर मौजा में किसान निवासाराम की जमीन पर दबंग लगातार कब्जा कर रहे है । पीड़ित दस दिन से लगातार जिले के अधिकारियों के पास चक्कर लगा रहा है । कोई सुनवाई नहीं हुई है।

निवासाराम ने बताया कि बसरेहर के अमृतपुर मौजा में इटावा बरेली हाईवे पर उसकी जमीन पड़ी है। जिसको उसने 25 साल पहले खरीदी थी । जमीन पर लगातार कब्जा हो रहा है । जिस पर वह 10 दिन से जिले के उच्च अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है । शनिवार को फिर उप जिलाधिकारी से शिकायत की तो अधिकारी महज खाना पूर्ति कर चले गए ।उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद लेखपाल मौके पर पहुंचे और खानापूर्ति कर वापस चले जाते हैं। दबंगों ने उसकी जमीन पर बाउंड्री बनाकर गेट लगा लिया है और लगातार कब्जा कर रहे हैं । उसका मुकदमा अपर जिलाधिकारी के न्यायालय में चल रहा है। जहां पर स्टे ऑर्डर भी किया गया है। क्षेत्राधिकार सैफई शैलेंद्र गौतम ने बताया कि उप जिलाधिकारी के मौखिक आदेश के आधार पर थाना पुलिस द्वारा निर्माण कार्य को बंद कराया था । तहसीलदार सदर ने जयप्रकाश ने बताया की एडीएम कोर्ट से स्टे आर्डर के आधार पर काम रुकवाया गयाथा। उसके बाद भी निर्माण कार्य किया जा रहा है तो कार्रवाई की जाएगी।



उच्च प्राथमिक विद्यालय गदालोट में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

# विद्यालय परिसर में जलभराव से बीमारियां फैलने का खतरा

संवाददाता ताखा, इटावा

**अमृत विचार।** बारिश के बाद हुए जलभराव के बीच परिषदीय विद्यालय में बच्चे पढ़ने को मजबूर हैं। ब्लॉक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय गदालोट के परिसर में जलभराव होने से बच्चों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। प्रधानाध्यापक ने ग्राम पंचायत को सूचना दी। कोई सुनवाई नहीं हो रही। प्रधानाध्यापक अमलेश कुमार ने बताया कि विद्यालय परिसर में बारिश की वजह से जलभराव हो रखा है। कई बार लिखित शिकायत विभाग व पंचायत विभाग को दी गई लेकिन कोई बच्चों व विद्यालय की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। इस संबंध में बीडीओ ताखा राजकुमार शर्मा ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है। वह मौके पर जाकर जांचकर विद्यालय की पंचायत विभाग से संबंधित समस्याओं को खत्म कराया जायेगा।

## व्यापारी नेता के निधन पर जताया शोक

**इटावा।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद इटावा ने साई मंदिर पक्का तालाब पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। जिसमें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री सतीश सर्राफ के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में जिला संरक्षक संतोष पटेल, बृजेश मिश्रा, जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, धर्मेंद्र जैन, सर्वेश चौहान, संतोष कुमार वर्मा, विकास गुप्ता विकी, डा हरिशंकर पटेल, लल्लू वारसी, पूर्वी सक्सेना, मीरा, खुशी, रंजीत सिंह कुशवाहा, अमरजीत शर्मा, आकाश वर्मा, भोले राजपूत उपस्थित रहे।

# स्वामी आत्मानंद का समाज में था बहुत सम्मान : सुबोधानंद

कार्यालय संवाददाता, इटावा



स्वामी आत्मानंद की मूर्ति का पूजन करते महंत सुबोधानंद । अमृत विचार

**अमृत विचार।** कालीबाड़ी मंदिर में ब्रहमलीन स्वामी आत्मानंद की पुण्यतिथि मनाई गई। मंदिर में पूजा पाठ के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम से सुबह से शुरू होकर शाम तक चलता रहा।

स्वामी आत्मानंद की पुण्यतिथि के अवसर पर कालीबाड़ी के महंत स्वामी सुबोधानंद ने स्वामी आत्मानंद की पूजा अर्चना की। उन्होने कहा कि स्वामी आत्मानंद लंबे समय तक इस मंदिर में रहे। उनका इटावा के सर्वसमाज में बहुत सम्मान था। धार्मिक आध्यात्मिक आयोजनों में उनकी अग्रणी भूमिका रहती थी और लोगों को उन्होने सदैव सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कालीबाड़ी मंदिर परिसर में साधु महात्माओं को भोजन कराने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विहिप नेता रणवीर सिंह भदौरिया, डा केके सक्सेना, अशोक शर्मा, भोलानाथ गुप्ता, शशि भूषण कटियार, आदेश सक्सेना, रमेश राजपूत आचार्य, विवेक रंजन गुप्ता, शांतनु त्रिपाठी, संजय सकसेना समेत कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

- पुण्यतिथि पर पूजन व भंडारे का हुआ आयोजन

## खेल के मैदान से

वाराणसी में प्रतियोगिता का हुआ था आयोजन, 8 खिलाडी नेशनल जूडो टूर्नामेंट खेलने जाएंगे

# डीपीएस ने जूडो में 1 गोल्ड, 7 सिल्वर समेत 14 मेडल जीते

कार्यालय संवाददाता, इटावा



जूडो में गोल्ड व सिल्वर मेडल विजेता डीपीएस के छात्र–छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा ने वाराणसी के ज्ञान दीप इंग्लिश स्कूल में आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन जूडो प्रतियोगिता 2024 - 25 में सफलता के नए आयाम स्थापित करते हुए कुल 14 मेडल जीतकर अपने स्कूल की खेल प्रतिभा के साथ जनपद इटावा को भी गौरवान्वित किया है। इन 14 पदक विजेताओं में 8 खिलाड़ियों ने नेशनल टूर्नामेंट में जगह बनाई है।

वाराणसी के ज्ञान दीप इंग्लिश स्कूल में 17 से 21 सितंबर तक यह जूडो प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। डीपीएस इटावा की प्रधानाचार्या भावना सिंह ने बताया कि ईस्ट जोन में उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के सभी सीबीएसई स्कूलों के खिलाडी इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे थे। डीपीएस इटावा के इन शानदार खिलाड़ियों ने सभी को हराते हुए 1 गोल्ड, 7 सिल्वर एवं 6 ब्रांज मेडल अपने विद्यालय के नाम दर्ज कर लिए ।

प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल की क्लास 7 की छात्रा पंखुड़ी श्रीवास्तव ने अंडर 11 आयु वर्ग एवम 40 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता है। वहीं कक्षा 11 की छात्रा दिव्या शुक्ला ने अंडर 17 आयु एवं 70 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल, क्लास 11 के रिशांक चौधरी ने अंडर 17 आयु एवं 90 किलो में सिल्वर, क्लास 12 के सिद्धार्थ सिंह ने अंडर 19 एवं 60 किलो में सिल्वर , क्लास 6 के अभय यादव ने अंडर 11 आयु एवं 40 किलो से अधिक में सिल्वर, क्लास 4 के छात्र प्रत्युष चतुर्वेदी ने अंडर 19 आयु एवं 40 किलो में सिल्वर, क्लास 6 की नंदिनी यादव ने अंडर 11 आयु एवं 35 किलो में सिल्वर, क्लास 4 के ही हर्ष यादव ने अंडर 17 आयु वर्ग एवं 50 किलो में सिल्वर मेडल जीत कर अपने विद्यालय सहित जनपद इटावा को भी गौरवान्वित किया है। इसी तरह से क्लास 12 के देवांश यादव ने अंडर 19 आयु एवं 90 किलो में ब्रॉन्ज मेडल , क्लास 12 के ही हर्ष यादव ने अंडर 17 आयु एवं 55 किलो में ब्रॉन्ज , क्लास 10 के वैभव यादव ने अंडर 17 आयु एवं 81 किलो में ब्रॉन्ज , क्लास 4 के शुभ गुप्ता ने अंडर 17 आयु वर्ग एवं 60 किलो में ब्रॉन्ज , क्लास 7 की छात्रा आराध्या यादव ने अंडर 11 आयु एवं 30 किलो में ब्रॉन्ज और क्लास 6 के अक्षय यादव ने अंडर 11 आयु एवं 30 किलो में ब्रॉन्ज मेडल जीत कर दिल्ली पब्लिक स्कूल को शानदार विजय श्री दिलवाई है। चेयरमेन डॉ विवेक यादव ने सभी विजेता बच्चों को जीत की बधाई दी।

### मेधावियों को मिले 2 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक



प्रज्ञा



अनामिका

**इटावा।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्व विद्यालय कानपुर के 39 वें दीक्षांत समारोह में विश्व विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों में चौ चरण सिंह पीजी कॉलेज हेंवरा के इतिहास एमए की छात्रा आकांक्षा राजपूत व संस्कृत विषय की एमए की छात्रा प्रज्ञा को विश्वविद्यालय में संबंधित विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक मिला है। कृषि संकाय की स्नातकोत्तर परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के लिए अनामिका ने कुलाधिपति कांस्य पदक प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय की इतिहास, संस्कृत एवं कृषि स्नातकोत्तर कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने एवं स्वर्ण पदक जीतने पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव, प्राचार्य प्रो शैलेन्द्र कुमार शर्मा, उप प्राचार्य प्रो फतेह बहादुर सिंह यादव, मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो अरविन्द यादव, इतिहास विभाग के डा प्रत्यूष तिवारी, डॉ. कृष्णकान्त यादव, भोला सिंह संस्कृत विभाग की आरती यादव, सुधीर पाठक, शिखा मिश्रा, बबीता सिंह, कृषि संकाय के सुरेश कुमार यादव, सुधीर चन्द्रा, राहुल कुमार, बृजेश कुमार यादव, शिवमंगल यादव, योगेश यादव, अदभुत यादव, जय नरायन, विपिन कुमार ने इन विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

नोटिस

अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **ओमकार पुत्र श्री कुँअर पाल, निवासीगण दयालपुर भीखमपुर औरैय्या तहसील औरैय्या जनपद–औरैय्या** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने........ **पूर्व पश्चिम .... उत्तर दक्षिण ....** है। जिसकी सीमा **पूर्व में रास्ता 18 फीट चौडा पश्चिम** में **खेत दीगर** उत्तर में **आराजी विकेता दक्षिण में आराजी विकेता..... मोहल्ला श्री बृजेश कुमार पुत्र श्री राम भरोसे** निवासी मोहल्ला–**छिपैती इटावा** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत इकदिल**
**इटावा**

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

नोटिस

अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्रीमती अरूणा देवी पत्नी देवेन्द्र, निवासीगण भवानीपुरा तहसील भर्थना, जनपद–इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने........ **पूर्व पश्चिम .... उत्तर दक्षिण ....** है। जिसकी सीमा **पूर्व में रास्ता 18 फीट चौडा पश्चिम** में **खेत राम ज्ञान** उत्तर में **प्लाट दोगरान दक्षिण में प्लाट दोगरान..... मोहल्ला श्री शिव कुमार, पुत्र श्री बाबूराम** निवासी मोहल्ला–**सराय इक दिल** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत इकदिल**
**इटावा**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# बाबरपुर बाजार में गरजा प्रशासन का बुलडोजर

## थोड़ी देर अभियान चलने के बाद व्यापारियों के निवेदन पर अतिक्रमण हटाने के लिए दिया गया समय

संवाददाता अजीतमल, औरैया



अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस बल के साथ मौजूद एसडीएम अमित कुमार तिवारी।



अतिक्रमण हटाता बुलडोजर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमवार को एक बार फिर बाबरपुर फफूंद मार्ग पर सीमांकन के बाद अतिक्रमण हटाने को लेकर बुलडोजर पहुंच गया।

बाबरपुर फफूंद मार्ग पर राजस्व टीम के साथ नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा बीते दिन नापजोख करके लाल निशान लगाये जाने के बाद सोमवार को फफूंद मार्ग पर कुछ देर अभियान चलने के बाद अतिक्रमण अभियान बन्द हो गया। साथ ही दुकानदारों के निवेदन पर अपना सामान खुद हटाने की मौहलत दी गई इसके बाद पुलिस सहित बुलडोजर के साथ अधिकारी भी मौके वापस चले गये।

सोमवार को पूर्व नियोजित अभियान के तहत बाबरपुर फफूंद मार्ग पर व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाये जाने के लिये उपजिलाधिकारी अमित तिवारी आस पास के चार थानों की भारी पुलिस एंव पीएसी बल के साथ कोतवाली प्रभारी राजकुमार एवं नगर पंचायत कर्मचारियों तथा बुलडोजर के साथ दिन के तीन बजे नगर पंचायत क्षेत्र के बाबरपुर फफूंद मार्ग पर अतिक्रमण हटाने पहुंचे। जैसे ही बुलडोजर ने अपना कार्य शुरू किया और कुछ टीन सेड आदि हटा पाए करीब 24 मिनट अभियान चलने के बाद दुकानदारों ने अधिकारियों से अपना अपना अतिक्रमण खुद हटाए जाने की मोहलत दिए जाने के लिए अनुरोध किया, जिसके चलते अधिकारियों ने उनकी बात को मानते हुये कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार द्वारा माईक से एक घंटे का समय देते हुये व्यापारियों को अपना- अपना सामान एवं टीन सेड हटाये जाने की एलाउन्स किया गया। जिसके बाद व्यापारी अपना अपना सामान हटाने में जुट गए। लेकिन दुकानदारों द्वारा अपना अपना सामान हटाए जाने को देखते हुए उन्होंने लगाए गए निशान तक जगह खाली करने के सख्त आदेश देते हुए उपजिलाधिकारी सहित अभियान में लगे समस्त अधिकारी एवं पुलिस बल बिना अतिक्रमण हटाये ही वापस लौट गये। उपजिलाधिकारी अमित कुमार तिवारी ने बताया कि अतिक्रमण अभियान चलाया गया था। लेकिन दुकानदारों द्वारा अपना अपना सामान खुद हटा लेने का वादा किया गया है। जिसके चलते अभियान को आज स्थगित कर दिया गया। दुकानदारों द्वारा टीन सेड एवं सामान हटाने का कार्य किया जा रहा है। जिसको देखा जायेगा अगर फिर भी अतिक्रमण रहता है तो पुनः अभियान चलाया जायेगा।

● **अतिक्रमण हटाने को लेकर मौके पर चार थानों का भारी पुलिस बल रहा मौजूद**

## गैस सिलेंडर में आग लगने से महिला झुलसी

**बिधूना, औरैया।** बिधूना कस्बे में एक मकान में महिला द्वारा रसोई गैस पर घी गर्म करने के लिए गैस चूल्हे पर माचिस लगाते ही रेगुलेटर समेत सिलेंडर में आग भड़क उठी जिससे महिला झुलस गई। बिधूना कस्बे के मोहल्ला तिलक नगर निवासी रामादेवी पत्नी बृजेंद्र सिंह सोमवार की सुबह रसोई गैस चूल्हे पर घी गर्म करने गई थी जैसे ही उनके द्वारा रसोई गैस खोलकर चूल्हे में माचिस लगाई गई वैसे ही रेगुलेटर समेत सिलेंडर में आग भड़क उठी। जिससे महिला रामादेवी आग से मामूली रूप से झुलस गई।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल बिधूना महेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए। मकान में रह रहे अन्य लोगों को आनन-फानन सुरक्षित बाहर निकलवाने के साथ फायर ब्रिगेड को बुलवाकर फायर ब्रिगेड की मदद से रसोई गैस सिलेंडर में लगी आग पर काबू पाया गया। कोतवाल व फायर ब्रिगेड की सक्रियता से बड़ा हादसा होने से बच गया ।

## सार-संक्षेप




छात्र-छात्राओं को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

### कृषि वैज्ञानिकों ने स्वच्छता को लेकर किया जागरूक

**फफूंद औरैया।** सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र औरैया द्वारा फफूंद करबा के टीकमपुर में स्थित मां आर के देवी महाविद्यालय में संपूर्ण स्वच्छता पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अंकुर झा ने की। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को साफ सफाई के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि हमें अपने आसपास के वातावरण को साफ व स्वच्छ रखना चाहिए। केंद्र की डॉक्टर रश्मि यादव ने छात्राओं को मच्छर मक्खी से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया। वहीं विद्यालय के डॉक्टर कल्पना ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उनको शिक्षा की महत्व के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक डॉ.जय गोपाल पांडेय, शिक्षक दीपक सिंह, प्रिया दीक्षित, डॉ.संजय कुमार मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा

**बिधूना,औरैया।** समाज सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ हुई। भव्य क्लश शोभा यात्रा का नगर के लोगों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सोमवार को समाज सेवा समिति के तत्वाधान में तृतीय वार्षिक धार्मिक महोत्सव पर श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की विशाल कलश शोभा यात्रा कस्बे के अछल्दा रोड टेलीफोन एक्सचेंज वाली गली ब्रह्मदेव महाराज सुखचैनपुर से वेद मंत्र उच्चारण के बीच आरंभ हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लिया।कलश शोभा यात्रा भागवत महोत्सव पंडाल से गमा देवी मंदिर से होते हुए अछल्दा रोड, राधा कृष्ण मंदिर, शिव मंदिर से मां दुर्गा मंदिर पहुंची जहां विधि-विधान के साथ कलश पूजन किया गया। समिति के द्वारा बताया गया कि 23 सितंबर से शुरू हुआ यह महोत्सव 1 अक्टूबर तक चलेगा। 2 अक्टूबर को विशाल भंडारे के बाद महोत्सव का विसर्जन किया जाएगा। नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा को लेकर भागवत प्रेमियों में भारी उत्साह का माहौल है।

### मशीन से चारा काटते समय कर्मचारी करंट से झुलसा

**अजीतमल, औरैया।** सोमवार को नगर पंचायत बाबरपुर अजीतजमल में कार्यरत कर्मचारी हरि ओम 36 पुत्र तुला राम निवासी अशोक नगर बाबरपुर अस्थाई गौशाला में कार्यरत है। वह दोपहर में गोवंशों के लिये कर्वी काटने का कार्य कर रहा था तभी अचानक वह करंट की चपेट में आ गया और घायल हो गया। मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर सूचना दी और उसे सीएचसी अजीतमल में भर्ती कराया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल कर्मचारी का हालचाल लेने सीएचसी अजीतमल पहुंचे नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी का कार्य देख रहे। उपजिलाधिकारी अमित कुमार तिवारी ने बताया कि एक कर्मचारी करंट की चपेट में आ गया था लेकिन वह अब पूरी तरह स्वस्थ्य है उसे डाक्टरी परीक्षण के लिये चिचोली भेजा गया है।

### आरपीएफ व जीआरपी ने चलाया जागरूकता अभियान

**औरैया।** रेलवे ट्रैक पर हो रही घटनाओं के मद्देनजर उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर फफूंद रेलवे के आरपीएफ इंस्पेक्टर रजनीश राय हमराह स्टाफ, एसओ जीआरपी इटावा, एसएसई सिग्नल फफूंद, एसएसई पीवे/फफूंद, टीआई/फफूंद तथा स्टेशन अधीक्षक पाता, फफूंद के साथ समन्वय बैठक कर ट्रैक चेकिंग किया तथा लाइन किनारे गांव राजा का पुरवा ,पाता व चडरौवा मे पहुंचकर संभ्रांत व्यक्तियों व ग्रामवासियों को जागरूकता अभियान चलाकर स्टोन पेंटिंग , सैबोटेज, ट्रैस पास व किसी संदिग्ध व्यक्त या वस्तु के दिखने पर सूचित करने हेतु जागरूक किया।



प्रशिक्षण में जानकारी देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

### शिक्षकों का 4 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**अछल्दा, औरैया।** निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत विकास खण्ड-अछल्दा में खण्ड शिक्षा अधिकारी दाताराम के निर्देशन में चरणबद्ध गतिमान नवीन पाठ्य-पुस्तक आधारित 4-दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के चतुर्थ चरण का आज सोमवार को उद्घाटन किया गया। जिसमें राज्य परियोजना के निर्देशानुसार 50-50 के 2-कक्षों में 100-शिक्षकों को प्रशिक्षण हेतु आमंत्रित किया गया। दोनों प्रशिक्षण कक्षों में मानकानुसार कम्प्यूटर, प्रोजेक्टर, इन्टरनेट, फर्नीचर व साउण्ड सिस्टम आदि संसाधनों की प्रतिपूर्ति की गयी। प्रथम दिवस पर ईश वंदना एवं परिचय सत्र से प्रशिक्षण का आरंभ किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने राज्य परियोजना द्वारा प्रेषित लिंक के माध्यम से प्रशिक्षण पूर्व टेस्ट में ऑनलाइन प्रतिभाग किया तथा संदर्भदाताओं द्वारा सत्रानुसार थीम आधारित सारंगी, मृदंग व आनंदमय गणित नवीन पाठ्य-पुस्तकों की समग्र समझ तथा शिक्षक सहायक संन्दर्शिका व कार्य पुस्तिका का कक्षा में प्रयोग एवं बाल मैत्री कक्षा-कक्ष रूपांतरण व संचालन आदि गतिविधियों के गुर सिखाए गये। इसी बीच उपस्थित जिला समन्वयक( प्रशिक्षण) सौरभ गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण में सभी शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति व समय से प्रशिक्षण मानदेय के लिए सभी को आशवस्त किया गया ।इस अवसर पर सन्दर्भदाता/ एआरपी आलोक सिंह राठौर, रामानन्द गौतम, सर्वेश कुमार, मु.जावेद एवं संजीव बाबू राजपूत सहित समस्त शिक्षक व प्रतिभागी मौजूद रहे।

### पूर्व मंत्री की पत्नी के निधन से शोक की लहर



अवंती देवी।

**औरैया।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री ,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी रामबाबू यादव की धर्मपत्नी अवंती देवी (80 वर्ष) का सोमवार की सुबह दिबियापुर स्थिति आवास पर ह्रदयाघात से निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार की दोपहर बाद पैतृक गांव कसहा में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पति पूर्व मंत्री राम बाबू यादव ने उनको मुखाग्नि दी। इस मौके पर सपा के जनप्रीनिधियों, पदाधिकारी के अलावा विभिन्न दलों ,सामाजिक संगठनों के लोग पत्रकार व शिक्षक आदि मौजूद रहे।

### योग रत्न से सम्मानित हुए योगाचार्य रामानंद

**औरैया।** ऋषिकुल योगपीठ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा-2024, देश की राजधानी दिल्ली के लाजपत भवन ऑडिटोरियम में रविवार को संपन्न हुआ जिसमें योगाचार्य रामानंद को देश के प्रसिद्ध योगगुरु सुनील सिंह ने योग रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। रामानंद ने MA योगाचार्य की डिग्री ऋषिकेश से की है वो पिछले 5 साल से योग में ऋषिकेश, हरिद्वार, भोपाल, मेरठ, दिल्ली, नोएडा जैसे शहरों में योग को बढ़ा रहे हैं। ऑनलाइन व ऑफलाइन के माध्यम से भी सभी को योग से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं और स्वास्थ्य एकता जागरूकता को बढ़ावा दे रहे हैं। रामानंद की इस उपलब्धि पर उनके मार्गदर्शक गुरू रामेंद्र सिंह कुशवाहा, माता-पिता गुरुजनों सहित ग्राम पंचायत बंसई प्रधान शहनूर खां, हरीसिंह सिंह सेंगर, रविंद्र सिंह सेंगर (मुन्ना) कुलदीप सिं , राजू सक्सेना सहित समस्त क्षेत्रवासी मित्रों शुभचिंतकों गुरुजनों आदि सभी ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।




रामानंद को प्रतीक चिह्न देकर योग रत्न से सम्मानित करते योगगुरु सुनील सिंह।

### बदमाशों को पकड़ने के लिए दो टीमों का हुआ गठन

**अछल्दा, औरैया।** बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस- वे के सर्विस रोड पर दंपति के साथ तमंचा लगाकर लूट के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशो की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन कर दिया है। रविवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम नगला कहारन निवासी अवनीश कुमार अपनी पत्नी रितिका के साथ अपनी ससुराल देव मील मैनपुरी से वापस अपने घर आ रहे थे। तभी सुभानपुर गांव के पास बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस -वे की सर्विस रोड पर नकाबपोस पल्सर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने तमंचा लगाकर मारपीट कर नकदी, मोबाइल सहित जेवरात लूट लिया था। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा, क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार, थाना प्रभारी बृजेन्द्र कुमार ने घटनास्थल पर जाकर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन कर दिया और लुटेरों के जल्द पकड़े जाने का आशवासन दिया है।

## एक नजर

### जायंट्स सहेली ग्रुप ने दिया स्वच्छता का संदेश

**औरैया।** जायंट्स ग्रुप ऑफ दिबियापुर सहेली ने जायंट्स सेवा सप्ताह के सातवें दिन सोमवार को ग्रुप की अध्यक्ष संध्या अवस्थी ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ मिडिल स्कूल दिबियापुर में सभी छात्राओं को स्वच्छता के बारे मे जानकारी दी तथा सेनिटरी नैपकिन और बिस्कुट का वितरण सभी छात्राओं को किया और स्कूल के सभी छात्र छात्राओं को कॉपी, पेन,कलर, बेल्ट दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉर्डिनेटर पूनम पोरवाल, यूनिट डायरेक्टर प्रीती पोरवाल, फेडरेशन ऑफीसर रेनू सिंह, डी ओ ए डॉ सपना गुप्ता ,डीओएफ रोली गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, सुनीता त्रिपाठी, भारती पोरवाल आदि सभी सहेलियां एवं स्कूल टीचर्स और स्कूल स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

### बेटियों से ही हमारा भविष्य : सपना गुप्ता

**औरैया।** जायंट्स सेवा सप्ताह के छठवें दिन सोमवार को राइजिंग क्वीन ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ पर नन्ही बेटियों को घर घर जाके स्कूल बैग, पानी की बोतल , लंच बॉक्स, पेंसिल बॉक्स, और बिस्किट,पाउडर का डिब्बा,बच्चों को दिया और बेटियों की अच्छी परवरिस के लिए और बेटियों को पढ़ाने के लिए माँ बाप से गुजारिश की और कहा की बेटियों से ही हमारा भविष्य है। इसलिए उनको आत्मनिर्भर बनने में सहायक बने। इस अवसर पर ग्रुप की अध्यक्ष सपना गुप्ता, उपाध्यक्ष नीता जैन, ज्वाइन डी ए ओ नंदनी सेंगर,ज्योत्सना, रजनी,संजू जैन मौजूद रहे।

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र की निवासिनी एक मां ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि 21 सितंबर को सुबह 8 बजे करीब प्रार्थिनी व प्रार्थिनी का पति चिचौली हॉस्पिटल गयी थी। घर पर प्रार्थिनी की पुत्री उम्र लगभग 19 वर्ष जोकि घर पर थी। तभी धर्मेंद्र पुत्र रामऔतार दिवाकर निवासी घसारा मेरे घर में आकर मेरी पुत्री को बहला फुसला कर कहीं ले गया है। पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।



हेलमेट लगाकर विरोध प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार

## व्यापारियों ने हेलमेट लगाकर की दुकानदारी

**औरैया।** शहर के सुभाष चौराहे के समीप के आसपास के व्यापारियों ने अनोखे तरीके का प्रदर्शन किया। ऑटो चालकों के भय से सभी दुकानदारों ने हेलमेट लगा कर दुकानदारी करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन किया। व्यापारियों बताया कि वे लोग ऑटो चालकों के भय हेलमेट लगाकर दुकानदारी करने को मजबूर हैं।

शहर के सुभाष चौराहे पर दुकान एवं ठेले आदि लगाए व्यापारियों में ऑटो चालकों का आतंक व्याप्त है। ऑटो चालकों द्वारा एक तो उनकी दुकानों के सामने अपने वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। इसके अलावा जब कोई उनसे ऐसा करने के लिए मना करता है तो वह उग्र होते हुए उनके ऊपर हमला कर उन्हें चोटिल कर देते हैं। व्यापारियों ने बताया कि शाम के समय यह सभी ऑटो चालक नशा आदि करने के उपरांत आपस में लड़ जाते हैं और ईंट पत्थर चलाने लगते हैं। जिससे कई व्यापारी चोटिल हो चुके हैं। व्यापारी ब्रजेंद्र पोरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अगस्त को एक ऑटो चालक द्वारा उसके सिर में ईंट मारकर उसे घायल कर दिया गया था। वहीं व्यापारियों का कहना है कि यदि पुलिस सक्रिय रहती तो शायद उन लोगों को यह प्रदर्शन न करना पड़ता। उनका कहना है कि वह लोग डरे सहमे हुए है। इस दौरान मुख्य रूप से अनिल पांडे, राशिद, राज किशोर, शमीम, मधुर, आजाद एवं सोनू के अलावा आधा सैकड़ा से अधिक व्यापारियों ने प्रदर्शन किया।

## आर्यन प्रधानमंत्री, अलशिफा गृह मंत्री और अर्थ पांडे बने रक्षा मंत्री

कार्यालय संवाददाता, औरैया




संसद की कार्यवाही में भाग लेते मंत्री एवं सांसद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमवार को औरैया शहर के जालौन चौराहा स्थित पीबीआरपी अकादमी में बच्चों एवं शिक्षकों के बीच एक आम सभा का आयोजन कर विद्यालय स्तर पर बाल संसद का गठन किया गया। बाल संसद के गठन को लेकर आयोजित आम सभा की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक निवेश अग्रवाल ने की।

विद्यालय की उप प्रधानाचार्य एवं सामाजिक विज्ञान विषय की शिक्षिका आकांक्षा शर्मा ने बच्चों के बीच विस्तार से बाल संसद के कार्यों एवं गठन की प्रक्रिया पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। इसके बाद छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र के महत्व को समझने और विद्यालय प्रबंधन में अपनी भागीदारी निभाने के लिए बाल संसद का गठन प्रत्यक्ष मतदान से कराया गया। स्कूल की साफ सफाई का समय, प्रार्थना सभा का आयोजन, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए छात्र-छात्राओं को छह समूह में बांटा गया। योग्यता को देखते हुए मंत्रिमंडल के सदस्यों के बीच विभागों का बंटवारा किया गया।बाल संसद के अध्यक्ष के रूप में कक्षा 8 की छवि यादव, महासचिव के रूप में कक्षा 7 की अवनी पांडे, प्रधानमंत्री के रूप में कक्षा आठ के आर्यन कुमार, गृह मंत्री के रूप में कक्षा 6 की अलशिफा, रक्षा मंत्री के रूप में कक्षा 8 के अर्थ पांडे, महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में कक्षा 7 की हिमांशी, रेल मंत्री के रूप में कक्षा 6 की अक्षिता तिवारी और विपक्ष के नेता के रूप में कक्षा 8 के केशव और प्रियांशी का चुनाव किया गया।विद्यालय के प्रबंधक इंजीनियर दिनेश पांडे ने बाल संसद के सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

● **पीबीआरपी अकादमी में हुआ बाल संसद का गठन, अपने अधिकारों से अवगत हुए बच्चे**

## पुलिया न बनने से 100 बीघा खेत जलमग्न

संवाददाता अयाना,औरैया



पानी में डूबी बाजरा की फसल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुरादगंज- अयाना मार्ग पर पीडब्ल्यूडी की ओर से बनाई गई सड़क से पुलिया गायब कर दी गई। इससे बारिश के मौसम में सड़क किनारे के 100 बीघा से अधिक खेत जलमग्न हो जाते हैं। इस बार भी बारिश के चलते करीब 100 बीघा फसल लमग्न हो गई।

मुरादगंज- अयाना मार्ग पर अयाना गांव के बाहर एक पुलिया बनी हुई थी। जिससे खेतों व गांव से निकलने वाला पानी बंबा तक पहुंचता था। करीब छह साल पहले पीडब्ल्यूडी की ओर से बनाई गई सड़क से पुलिया गायब कर दी गई। इससे खेतों व गांव पानी नहीं निकल पा रहा है। किसान किशन चौहान, शीलनिधि सेंगर, जीतू शुक्ला, राधे गुप्ता, नेता पुष्कर, राघवेंद्र पुष्कर आदि ने बताया कि पुलिया बंद कर देने के हर साल खेत जलमग्न हो जाते हैं। इस बार भी खेतों में पानी भर जाने से कई किसानों की बाजरे की फसल सड़ने लगी है।

## दबंगों ने फेरीवाले को पीटा, दी तहरीर

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव गांव फेरी लगा कर अपने परिवार का पेट पाल रहे युवक से अवैध वसूली कर दबंगों ने मारपीट कर दी।

कोतवाली क्षेत्र के जगन्नाथपुर निवासी अवनेंद्र सिंह रेड़ी पर पेटीज़ रख कर गांव गांव फेरी लगता है और अपने परिवार का भरण पोषण करता है बीते 18 सितंबर को क़रीब 6:15 शाम को प्रताप पुर गांव में अवनेंद्र सिंह रेड़ी पर पैटीज़ बेच रहा था तभी प्रतापपुर के ही पुतिया पुत्र ध्यान सिंह, भल्लू पुत्र शंकर सिंह राजपूत, कमल सिंह का पुत्र नाम अज्ञात आये और पीड़ित युवक से पैटीज़ लेकर बच्चों को खिलाने लगे जब पीड़ित ने पैटीज़ के पैसे मांगे तो उक्त लोगों ने गाली देकर मारपीट करनी शुरू कर दी और रेड़ी में रखे रुपये भी निकाल लिये। जिसकी शिकायत पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो सकी।तभी पुनः बीते रविवार की शाम को शहबाजपुर गांव में पीड़ित अविनेंद्र रेड़ी पर पेटीज़ बेच रहा था तभी उक्त लोग आये और पीड़ित युवक से रुपये मांगने लगे जब उसने रुपये देने से मना किया तो फिर से मारपीट करनी शुरू कर दी और घायल कर दिया।जिसके बाद पीड़ित युवक घायलावस्था में कोतवाली पहुंचा और घटना की तहरीर दी।

**चिकित्सा सुविधा** | सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सीएचसी दिबियापुर, अयाना, बिधूना में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

# मोदी व योगी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बना रहे हैं : राजपूत

कार्यालय संवाददाता, औरैया



स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जांच करवाते पूर्व राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस पर शुरू हुए सेवा सप्ताह पखवाड़ा के तहत सीएचसी दिबियापुर, सीएचसी अयाना, सीएचसी बिधूना में स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिबियापुर विधानसभा के अंतर्गत दिबियापुर सीएचसी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्घाटन पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत ने किया ,वहीं औरैया विधानसभा के अंतर्गत सीएचसी अयाना में सदर विधायक गुड़िया कठेरिया व भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने, बिधूना विधानसभा के अंतर्गत सीएचसी बिधूना में जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे ने फीता काटकर किया।

वहीं सभी जनप्रतिनिधियों ,भाजपा पदाधिकारियों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया और लोगों को केंद्र व राज्य सरकार सरकार की नीतियां बताकर लोगों से शिविर का लाभ लेने की अपील की व जिले में स्थित मेडिकल कालेज ,100 शैय्या अस्पताल में मिल रहे स्वास्थ्य की सुविधाओं के बारे में बताया। पूर्व कृषि राज्यमंत्री ने कहा कि देश में मोदी व प्रदेश में योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बना रही है। डिप्टी सीएमओ एवं नोडल अधिकारी राकेश सिंह ने भी मेडिकल सुविधाओं के मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। दिबियापुर सीएचसी अधीक्षक डा विजय आनंद ने सीएचसी दिबियापुर में मिल रही सुविधाओ के बारे में बताया। पूर्व राज्यमंत्री ने स्वास्थ्य मेले का अवलोकन किया। वहीं स्वास्थ्य शिविर के जिला संयोजक एवं भाजपा जिला महामंत्री कुलदीप दुबे ने बताया की दिबियापुर सीएचसी में 354, अयाना सीएचसी में 262 और बिधूना सीएचसी में 392 ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। तीनो विधानसभा के स्वास्थ्य शिविर में बहुत संख्या में लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर तीनो विधानसभा के संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांती मिश्रा,भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य विवेक पाठक,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सिंह के अलावा जिला उपाध्यक्ष प्रेम कुमार गुप्ता, यशवीर सिकरवार,,पूर्व जिला मंत्री एवं दिबियापुर विधानसभा प्रभारी सदस्यता अभियान अवधेश सिंह पिंकी, जिला मंत्री सतेंद्र भदौरिया, किसान मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री अवधेश शुक्ला,कमलेश ,दिबियापुर मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह चौहान,रामू पांडेय, सदानंद राजपूत,श्याम कुशवाहा, प्रतिमा अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।



स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी देतीं सदर विधायक गुड़िया कठेरिया।

### 60 वर्ष से अधिक उम्र के 18 व्यक्तियों में निकलीं बीमारियां

**अयान,औरैया।** सीएचसी अयाना में सेवा पखवाड़ा व आयुष्मान योजना के छह साल पूरे होने पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की स्क्रीनिंग कर उनको बीमारियों से बचाना रहा। शिविर में आए बुजुर्गों में से 18 बुजुर्ग शुगर व बीपी से पीड़ित मिले। शिविर का उद्घाटन सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक पाठक, डिप्टी सीएमओ मनोज कुमार ने फीता काटकर किया। विधायक ने अस्पताल आए रोगियों को शासन की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि पहले निम्न वर्ग के लोगों को उपचार के लिए रुपयों की समस्या बाधा बनती थी। महंगा इलाज न करवा पाने से उन्हें अपनी जान तक गवानी पड़ जाती थी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि 60 वर्ष की उम्र में लोगों की रोग प्रतिरोध क्षमता कम हो जाती है। इससे वह कई बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। इन लोगों के जांचें न करवाने से छोटी बीमारियां गंभीर रूप ले लेती हैं। बताया कि शिविर में कुल 262 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें 68 व्यक्ति 60 वर्ष से अधिक उम्र के रहे। युवाओं में सर्दी, बुखार, जुकाम से पीड़ित मिले। वहीं बुजुर्गों में 18 लोग शुगर व बीपी से पीड़ित मिले।

# पराली जलाने पर किसानों पर होगा जुर्माना

## सभी उपजिलाधिकारियों को डीएम ने जारी किए प्रचार-प्रसार करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर




- धान कटाई से पूर्व ही पराली जलाने को लेकर प्रशासन हुआ अलर्ट

**अमृत विचार।** धान कटाई से पूर्व ही पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने जिले के सभी एसडीएम को वर्तमान खरीफ फसलों की कटाई मडाई के बाद प्रत्येक दशा में पराली जलाने से रोकने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने एसडीएम, तहसीलदारों, राजस्व लेखपालों तथा कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि धान की फसल तैयार होने वाली है, ऐसी दशा में अभी से अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। जिन किसानों द्वारा पराली जलाने का कार्य किया जाएगा, उन पर पर्यावरण की क्षति की प्रतिपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नियमानुसार अर्थ दंड लगाया जाए और उसकी वसूली भी की जाए। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में सेल का गठन किया गया है। जो खरीफ फसलों की कटाई मडाई के बाद फसल अवशेष (पराली) जलाने की घटनाओं पर विशेष नजर रखेंगे तथा समय-समय पर कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के तहसील स्तरीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर जनपद में पराली जलाने की घटनाओं पर विराम लगाएंगे। जिससे आने वाले समय में पराली जलाने की घटनाएं न होने पाये। कहा कि जिन ग्राम पंचायत में पराली जलाने की घटना होती है तो उन राजस्व लेखपाल तथा प्राविधिक सहायकों को नोटिस जारी कर दंडात्मक कार्रवाई करेंगें।

### पराली से खाद बनाएं किसान

- डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि गांव में भ्रमण कर किसानों को समझाएं कि पराली जलाना दंडनीय अपराध है। पराली को वेस्ट डिकम्पोज़र का प्रयोग कर पराली से खाद बनाएं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि ग्राम प्रधानों के सहयोग से अधिक से अधिक पराली को पशुपालन एवं मनरेगा से समन्वय करते हुए गौशाला में भेजें। उन्होंने सभी उप जिला अधिकारियों को निर्देश दिये है कि तहसील स्तरीय समिति में तहसीलों के ग्राम प्रधान को भी आमंत्रित कर पराली ना जलाने के लिए ग्राम पंचायत के किसानों को आगाह कर दें।

### गांव में वेस्ट डिकम्पोजर का करें वितरण

- डीएम ने अधिकारियों से कहा कि वॉल पेंटिंग वॉल राइटिंग तथा होर्डिंग लगाकर अधिक से अधिक किसानों को जागृत किया जाए कि पराली जलाना दंडनीय अपराध है। जिससे फसल अवशेष जलाने की घटनाएं न होने पाए। साथ ही गांव में वेस्ट डिकम्पोज़र का वितरण भी करें।

# युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**फतेहपुर।** बांदा जनपद के थाना चरखा गांव हौदहा में लकड़ी कटान के लिए लगभग 32 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई वहीं मृतक के परिजनों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सिरसी भलेवा गांव निवासी सत्य प्रकाश का पुत्र अनिल लकड़ी कटाई का कार्य करता था। जिसे 30 सितंबर को इसी थाने के कंधई गांव निवासी ठेकेदार लवकुश अपने साथ बांदा जनपद के हौदहा गांव लकड़ी कटान के लिए ले गया था। जिसकी रविवार की शाम संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। ठेकेदार शव को देर रात मृतक के परिजनों को सौंपकर चला गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के ससुर बिहारी लाल ने बताया कि उसका दामाद ठेकेदार के साथ लकड़ी कटान के लिए गया था।

# कर्मी पर समूह रजिस्टर से छेड़छाड़ का आरोप

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचीं समूह की महिलाएं। अमृत विचार

- समूह की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** भिटौरा ब्लाक के कर्मचारी पर समूह रजिस्टर से छेड़छाड़ करके फंसाने के किए जा रहे प्रयास का आरोप लगाते हुए समूह सखी की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और बाद में डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की।

सतरूप समूह सखी, लक्ष्मी साहू, सुमन, भोले शंकर समूह स्वमीया समूह की महिलाएं सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंची और ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्राम पंचायत भदसरी में समूह सखी के रूप में कार्यरत हैं। उनका कार्य समूह की बैठक कराना व उनके अंतर्गत आने वाले समूहों की लोकेशन फीडिंग का कार्य है। जिसमें उन्होने लक्ष्मी समूह की फीडिंग की है और इस समूह में एक फर्जी तरीके से दीपा देवी पत्नी अमित कुमार अग्निहोत्री को ब्लाक कर्मचारी प्रारंभ निषाद ने जबरन लक्ष्मी स्वरूप के रजिस्टर में दर्ज किया है जो कि गलत है। न ये कभी बैठक में आईं और न मैं इनको जानती हूं। उनके अलावा किसी भी नई महिला को नहीं जानती हूं। लक्ष्मी समूह की कोषाध्यक्ष साधना देवी पत्नी अरूण कुमार पांडेय के साथ छल करके ब्लाक कर्मचारी प्रारंभ निषाद द्वारा लक्ष्मी समूह के रजिस्टर से छेड़छाड़ करके जबरन साधना देवी के साथ बेईमानी व धोखा किया जा रहा है। महिलाओं ने मामले की निष्पक्ष जांच करके कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस मौके पर सीमा देवी, चंदा देवी, सीमा देवी, मालती, नीलम, किरन, रामदुलारी, शोभा, मुरली, उमावती, लता देवी, मिथलेश, राजरानी, विमला देवी, उर्मिला, प्रेमा देवी, प्रेमा, मीना देवी, शोभा देवी आदि मौजूद रहीं।

# राहुल गांधी को एसपीजी सुरक्षा दिए जाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग विभाग ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी व उनके सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ लगातार किए जा रहे भड़काऊ व उकसाने वाले बयानों से उत्पन्न हो रही स्थिति को ध्यान में रखते हुए राहुल गांधी को एसपीजी सुरक्षा दिए जाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है।

पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार साहू एडवोकेट की अगुवई में कांग्रेसी कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि बीजेपी व उसके सहयोगी दल के नेताओं द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ भड़काऊ व उकसाने वाले बयान देना और केंद्र सरकार द्वारा तरविन्दर सिंह मारवाह, केंद्रीय मंत्री नवनीत सिंह बिट्टू, यूपी के मंत्री रघुराज सिंह के साथ शिवसेना विधायक संजय गायकवाड के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई न करना स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। राहुल गांधी जबसे संविधान, संवैधानिक मूल्य बचाने, पिछड़े दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज को उनकी आबादी के हिसाब से भागीदारी दिलाने के जातिगत जनगणना, आर्थिक सर्वे और संस्थापगत सर्वे मुद्दे को लेकर देशव्यापी मुहिम पर है तब से निराश हताश आरएसएस, बीजेपी व सहयोगी दल राहुल गांधी पर लगातार हमलावर हैं। मांग किया कि राहुल गांधी को एसपीजी कवर सुरक्षा दिए जाने के साथ ही नफरती तत्वों पर उचित कार्रवाई की जाए। इस मौके पर चन्द्र प्रकाश लोधी, विमल सिंह आदि रहे।

# प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या का प्रयास

संवाददाता, असोथर

- सात बच्चों की मां ने प्रेमी के साथ पति को चारपाई से बांधा
- ग्रामीणों के पहुंचने पर बची जान, आरोपी मौके से फरार



इसी चारपाई में बंधा था पीड़ित युवक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिल कर पति को हत्या करने की नीयत से चारपाई पर बांध दिया। पीड़ित युवक ने शोर मचाया तो ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी के साथ पत्नी मौके से भाग निकली। पीड़ित युवक ने थाने में लिखित शिकायती पत्र दिया है।

क्षेत्र के घरवासीपुर मजरे भैरवां निवासी सुखराज पासवान पुत्र सुखपाल ने लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि शनिवार रात को अपनी पत्नी से खाना लेकर खाने लगा तो कढ़ी में कुछ अजीब सा महसूस हुआ। पीड़ित ने पत्नी से दाल मंगवाई और चावल के साथ दाल खाने लगा, दाल का स्वाद भी अलग महसूस हुआ। किसी तरह थोड़ा दाल चावल खाकर उसने बच्चों का बिस्तर लगाकर सुला दिया और खुद अपना बिस्तर लगाकर चारपाई पर सो गया। देर रात सोते समय युवक की पत्नी शोभा देवी और एक अज्ञात युवक ने उसे दबा लिया, युवक की नींद खुली और देखा की वह चारपाई से बंधा हुआ है। शोर मचाने पर पत्नी ने पति का मुंह दबा लिया। किसी तरह से उसने शोर मचाया तो गांव के लोग उसके घर की तरफ दौड़े। जिस पर युवक की पत्नी और एक अज्ञात व्यक्ति मौके से भाग निकले। ग्रामीणों ने रस्सी खोला और पति ने पत्नी का पीछा करते हुए भैरवां गांव पहुंचा। पत्नी को पकड़कर घर लाया और मोबाइल चेक किया तो जानकारी हुई कि लगभग 10 बजे पत्नी की गांव के ही रहने वाले एक युवक से बात हुई थी। पत्नी से पूछताछ दौरान पीड़ित युवक की पुत्री काजल ने बताया कि शाम करीब 4 बजे गांव का ही एक व्यक्ति घर में दवा फेंककर चला गया था। मां ने उस दवा को उठाया था। घटना के बाद सुबह पति ने थाने आकर लिखित शिकायती पत्र दिया।

### पुलिस ने गाली गलौज करते हुए थाने से भगाया

पीड़ित युवक सुखराज ने बताया कि घटना के बाद पुलिस को रविवार सुबह लिखित शिकायती पत्र दिया था। पुलिस ने थाना प्रभारी के न होने की बात कहते हुए सोमवार को बुलाया था। जब युवक सोमवार को थाने पहुंचा और पुलिस से मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही तो दारोगा डीडी वर्मा ने पीड़ित युवक को गाली गलौज करते हुए थाने से भगा दिया और कहा कि चाहे जहां जाओ मुकदमा नहीं दर्ज किया जाएगा। पीड़ित युवक न्याय के लिए दर दर भटकने को मजबूर है। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पति-पत्नी में आपसी विवाद हुआ है। जांचकर कार्रवाई की जाएगी। एसएसआई पर पीड़ित द्वारा लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं।

## सार-संक्षेप



भंडारे में प्रसाद वितरण करते परिवार के लोग। अमृत विचार

### पूर्व मंत्री की चौथी पुण्यतिथि पर कराया भंडारे आयोजन

**फतेहपुर।** शहर के गणेश शंकर विद्यार्थी चौराहा सिविल लाइनइ में निज निवास पूर्व मंत्री स्वर्गीय अचल सिंह की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके पुत्र अतुल सिंह ने बताया की उनके पिता अचल सिंह लगातार अपने कार्यकाल में जनता की सेवा में लीन रहते थे। कोई भी फरियादी उनके दरवाजे से खाली हाथ नहीं जाता था।यही कारण है कि उनकी पुण्यतिथि में भी बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं और भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अचल सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, हंसराज सिंह, सचिन श्रीवास्तव, नीलू तिवारी, रितेश प्रताप सिंह, टोनी सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह गौतम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### लक्ष्मी चन्द्र बने व्यापार मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री शुभम

**असोथर।** नगर पंचायत के एक प्राइवेट विद्यालय में जिला उद्योग व्यापार मंडल के गठन को लेकर मीटिंग की गई। जिसमें जिला उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे व पूरी टीम द्वारा संगठन की मजबूती के लिए असोथर नगर पंचायत में व्यापारियों की सर्वसम्मति से दशकों से ब्यापार मंडल के अध्यक्ष रहे लक्ष्मी चन्द्र को पुन: अध्यक्ष मनोनीत करते हुए महामंत्री शुभम शिवहरे व राजेश कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाकर जल्द ही कमेटी के विस्तार व ज्यादा संख्या में ब्यापारियों को जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान की शुरुआत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं संरक्षक के रूप में विमल सिंह, राम सजीवन गुप्ता, राजेन्द्र मिश्रा, सर्वेश कुमार मोदनवाल, अनिल राज गुप्ता को जिम्मेदारी देने के साथ ही 2 अक्टूबर को शपथ ग्रहण की तारीख तय की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से सुभाष अग्रहरि, विकास सिंह, कृष्ण पाल सिंह, कामता प्रसाद, श्रवण कुमार तिवारी, नीरज अवस्थी समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

### साक्षात्कार आज

**फतेहपुर।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त उद्योग ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के व्यक्तियों हेतु प्रशिक्षण योजना अन्तर्गत पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए कालीन एवं दरी बुनाई ट्रेड में मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय में साक्षात्कार किया जाना प्रस्तावित है। इसलिए आनलाइन पोर्टल पर आवेदित अभ्यर्थी अपने-अपने मूल अभिलेखों एवं अन्य सम्बन्धित प्रपत्रों के साथ निर्धारित तिथि व स्थान पर समय से साक्षात्कार में उपस्थित हों।

### अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ बाईपास सनगांव रोड पर रविवार की दोपहर मिले अज्ञात युवक की शिनाख्त मृतक के पुत्र रवि ने की। बताया कि उसके पिता श्री प्रकाश पुत्र ननकऊ (40) निवासी देवपुरवा थाना सांड़ जनपद कानपुर एक सितंबर को अपनी बहन दाया निवासी हुसैनगंज से मिलने गए थे। कल वह किस समय घटनास्थल पहुंच गए इसकी जानकारी उसे नहीं है।

### सर्पदंश से वृद्धा की मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माधी दयाल का पुरवा मजरे कटोघन निवासी चंद्रभान सिंह की पत्नी राधा देवी घरेलू कार्य कर रही थी। तभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान देर शाम उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# प्लेज पार्क के लिए करें जरूरी कार्यवाही

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- कैबिनेट मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की
- नये औद्योगिक आस्थानों के विकास के लिये प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश



अधिकारियों के साथ बैठक करते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग, मंत्री राकेश सचान का आगमन सोमवार को मुख्यालय में हुआ। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ लोक निर्माण विभाग के सर्किट हाउस में बैठक की।

उन्होंने सीएम डैश बोर्ड के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। कहा कि प्लेज पार्क स्थापित करने के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों पर यथोचित कार्यवाही की जाए। उप जिलाधिकारियों के माध्यम से ग्राम समाज की भूमि का चिह्नांकन करते हुए नए औद्योगिक आस्थानों के विकास के लिये प्रस्ताव शीघ्र तैयार किए जाएं। उन्होंने खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं खादी उत्पादों की बिक्री को बढ़ाने के भी निर्देश दिए। वहीं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं माटीकला रोजगार योजना की समीक्षा की गई। रेशम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि जिले के सभी रेशम फार्मों में तार फेन्सिंग के प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय प्रेषित करें। इस मौके पर उपायुक्त उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी एवं रेशम विकास अधिकारी रहे।

# कच्ची दीवार ढहने से बालक की मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कंधरापुर में रविवार की रात कच्ची दीवार ढह जाने से सात वर्षीय बालक दब गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी लाए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कंधरापुर गांव निवासी अंगदलाल का पुत्र हर्ष मौर्या उर्फ राज रविवार की रात खाना खाकर कच्ची कोठरी में सो रहा था। बारिश के दौरान दीवार भीग कर कमजोर हो गई थी। जो रात ढह गई और मलबे में बालक दब गया।

परिजन व आस-पास के लोगों ने आनन-फानन मलबा हटाया और उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक ने बालक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौफेरवा के समीप कई दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल हुई 40 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान जिला चिकित्सालय में मौत हो गई। बताते चलें कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के लौगांव निवासी कृष्णपाल की पत्नी चंदी उर्फ काली कई दिन पूर्व हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत रिश्तेदारी में गई थी। तभी चौफेरवा के समीप सड़क हादसे में घायल हो गई थी। सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां रविवार की शाम उसकी मौत हो गई।

**अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल: फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बसंतीखेड़ा गांव निवासी गजराज का 22 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था तभी जाफराबाद के समीप चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया।

इसी प्रकार सदर कोतवाली क्षेत्र के गढ़ीवा मुहल्ला निवासी स्व. छेद्दू का 65 वर्षीय पुत्र सुखलाल रविवार को ई-रिक्शा में बैठकर गाजीपुर थाना क्षेत्र के हमेथा गांव बहन के यहां जा रहा था जैसे ही ई-रिक्शा बिझौली गांव के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे वह घायल हो गया।

# रंगदारी मामले में पुलिस ने लगाई फाइनल रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नजीराबाद पुलिस ने कोर्ट में दाखिल की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** बिकरू कांड के पैरोकार की ओर से पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष समेत 18 नामजद व पांच से सात अज्ञात लोगों के खिलाफ नजीराबाद थाने में दर्ज कराए गए रंगदारी के मुकदमें में साक्ष्यों के अभाव में पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी। मामले में आरोपी अभिनव शुक्ला व रमन गुप्ता की ओर से एडीजे-6 की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी, जिस पर पुलिस ने कोर्ट में फाइनल रिपोर्ट की आख्या दी।

बिकरू कांड के पैरोकार अधिवक्ता सौरभ भदौरिया ने नजीराबाद थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया था कि कुख्यात विकास दुबे के खजांची जयकांत बाजपेई और उसके भाइयों जयकांत और रजयकांत व अन्य गिरोह के लोगों के खिलाफ मुख्य पैरोकार और सरकार की गठित एसआईटी में गवाह हूं। जिस कारण से जयकांत बाजपेई उसका भाई रजयकांत बाजपेई, शोभित बाजपेई, अजयकांत बाजपेई जेल गए थे। आरोप है कि जेल से आने के बाद तीनों के साथ पैरोकार के रूप में प्रेसक्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित, पत्रकार विपिन गुप्ता, यश मिश्रा, असलम राईनी, सलमान खान, निसार अहमद, पत्रकार विवेक पांडे उर्फ सोनू, पत्रकार राहुल बाजपेई, विशाल कोरी, पत्रकार अमन तिवारी, हिस्ट्रीशीटर मनोज यादव, प्रिंस सोनकर, पत्रकार अभिनव शुक्ला, पत्रकार रमन गुप्ता, इखलाख अहमद और 5-7 अज्ञात के समय-समय पर रोककर बिकरू कांड की पैरोकारी और अन्य घोटालों की पैरोकारी न करने के लिए दबाव बनाने लगे थे। 3 अगस्त 2023 रात ब्रह्मनगर चौराहे पर इन सभी लोगों ने उन्हें रोक लिया और अवनीश दीक्षित और विपिन गुप्ता ने उनकी कनपटी पर पिस्तौल रखकर कहा 20 लाख रुपये का इंतजाम कर लो अन्यथा गोली मार देंगे।

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 | 46 फीसदी से ज्यादा गर्भवतियों में हीमोग्लोबिन कम

# 50 फीसदी से ज्यादा आबादी एनीमिक

कार्यालय संवादादाता, कानपुर

- मंडल में कन्नौज का हाल सर्वाधिक खराब

**अमृत विचार।** नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 की रिपोर्ट के मुताबिक शहर में 15 से 49 वर्ष की 57 फीसदी महिलाएं व 46 फीसदी से ज्यादा गर्भवती एनीमिया की शिकार हैं। यह चिंताजनक स्थिति तब है, जबकि महिलाओं व किशोरियों में हीमोग्लोबिन का स्तर जांचकर दवाओं की सुविधा सभी सरकारी अस्पतालों व आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध है। कानपुर मंडल में महिलाओं में एनीमिया दर कन्नौज में सर्वाधिक दर्ज की गई है। यहां 65.2 फीसदी महिलाएं और 66.4 फीसदी गर्भवती रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी के कारण एनीमिया से पीड़ित हैं। डॉक्टरों के अनुसार इसका मुख्य कारण कुपोषण के साथ ही महिलाओं द्वारा खानपान ध्यान नहीं देना, फॉस्ट फूड का अधिक सेवन करना और अनियमित जीवनशैली है। किशोरावस्था से ही खानपान पर ध्यान न देने से महिलाओं में खून की कमी बढ़ रही है।

**एनीमिया पीड़ित महिलाएं (आंकड़े प्रतिशत में)**


| जिला | 15 से 49 वर्ष | गर्भवती |
|---|---|---|
| कन्नौज | 65 .2 | 66 .4 |
| इटावा | 57 .4 | 51.9 |
| फर्रुखाबाद | 57 .5 | 47 .7 |
| कानपुर नगर | 57 .0 | 46 .3 |
| कानपुर देहात | 54 .9 | 60 .2 |
| औरैया | 39 .1 | 42 .1 |

### इस तरह कर सकते बचाव



केओजीएस की अध्यक्ष डॉ.कल्पना दीक्षित ने बताया कि मैदा युक्त भोजन के सेवन से किशोरी व महिलाओं में एनीमिया की समस्या बढ़ी है। बचाव के लिए गुड़ व चना का सेवन करना चाहिए। आयरन व कैल्शियम की दवा भोजन के 2 घंटे बाद लें। पौष्टिक आहार, मोटा अनाज, हरे-पत्तेदार सब्जियों का सेवन करें। 2 बच्चों के बीच कम से कम 3 साल का अंतर रखें।

### चिंता और तनाव से भी होती खून की कमी



चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ. संजू अग्रवाल ने बताया कि छोटी-छोटी बातें सोचने और अधिक समय तक तनाव में रहने से किशोरियों व महिलाओं के शारीरिक व मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है, इससे भी शरीर में खून की कमी हो जाती है। फॉस्ट फूड सेवन से शरीर में पर्याप्त मात्रा में खून नहीं बनता है। सभी सरकारी अस्पतालों व उपकेंद्रों पर महिलाओं व किशोरियों के लिए आयरन, कैल्शियम व विटामिन की दवाएं निशुल्क उपलब्ध हैं। रक्त जांच की भी सुविधा है।

# श्रावस्ती की महिला से हुआ था गैंगरेप दो गिरफ्तार

**कानपुर।** बजरिया थानाक्षेत्र में श्रावस्ती की महिला यात्री को मदद का झांसा देकर घर ले जाकर दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने महिला का मेडिकल कराया है।

जिला श्रावस्ती निवासिनी महिला का आरोप था कि 21 सितंबर को वह रोडवेज बस से कानपुर झकरकटी बस अड्डे उतरी थी। इस दौरान किसी ने उसका पर्स चोरी कर लिया। घटना से परेशान होकर वह वहीं पास बैठकर रोने लगी। इस दौरान एक ऑटो चालक आया और सहानुभूति दिखाते हुए स्टेशन छोड़ने की बात कही। ऑटो चालक ने अपना नाम बजरिया खटिकाना निवासी मंगूलाल खटिक बताया। इसके बाद वह मदद का झांसा देकर ऑटो में बैठाकर अपने घर ले गया और दुष्कर्म किया। वह वहां से निकली तो वहीं के निवासी चुन्नीलाल सोनकर ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।

# सिलेंडर से मालगाड़ी में आग लगाने का था मंसूबा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर से 35 किमी दूर महाराजपुर थानाक्षेत्र में स्थित प्रेमपुर रेलवे स्टेशन से 100 मीटर की दूरी पर लूप लाइन पर सिलेंडर रखकर मालगाड़ी को पलटाने की साजिश के मामले में सोमवार को एक नई बात सामने आई है। फोरेंसिक सूत्रों ने बताया कि जिस 5 किलो के सिलेंडर को ट्रैक पर रखा गया था उसका नोजल खुला हुआ था। अंदेशा यह जताया जा रहा है कि साजिशकर्ताओं ने भरे सिलेंडर की नोजल खोलकर तड़के ट्रैक पर सिलेंडर रखा होगा। जिससे टकराने पर निकलने वाली चिंगारी से धमाका हो जाए और आग लग जाए। सूत्र बताते हैं घटनास्थल पर बियर के केन, नमकीन के पैकेट, पानी और जूस की बोतल मिली है, उससे इस घटना में कई लोगों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। सोमवार को भी सिविल पुलिस समेत अलग-अलग टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं और जांच पड़ताल की।

जांच टीमें इस बात की जानकारी कर रही हैं कि साजिशकर्ताओं ने इस बार मेन लाइन को छोड़कर लूप लाइन को क्यों चुना। फोरेंसिक सूत्रों ने बताया कि एक्सपर्ट को सिलेंडर पर कुछ फिंगर प्रिंट मिले हैं जिन्हें संदिग्धों से मिलान करवाएंगे।

### रेलवे कर्मियों और गांव वालों से पूछताछ

**कानपुर।** सोमवार दोपहर डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और ट्रैक का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद ट्रैक किनारे-किनारे जांच करते हुए प्रेमपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां रेलवे कर्मियों से पूछताछ की। यहां रुकने वाली चारों पैसेंजर ट्रेनों के बारे में पूछा। उनके साथ आरपीएफ व स्थानीय पुलिस थी। सोमवार शाम जीआरपी, आरपीएफ व पुलिस की टीमों ने प्रेमपुर व बड़ागांव में ऐसे सभी दुकानदारों के घरों की तलाशी ली जो ठेलों पर छोटे सिलेंडर रखते हैं। प्रेमपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखे गए। घटनास्थल के आसपास व दोनो गांवों के पास काम करने वाले मजदूरों से भी पूछताछ हुई।

अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च!

एक ही अग्नि इस संसार में अदृश्य रूप से प्रवेश करते हुए जिस किसी वस्तु में प्रज्ज्वलित होती है और उसी के अनुरूप दृश्यमान होती है, उसी प्रकार सभी प्राणियों में विद्यमान परमात्मा एक होते हुए भी जिसमें प्रविष्ट होता है उसी के अनुसार रूप धारण कर लेता है और उनसे बाहर भी रहता है। (कठोपनिषद 2-5-9)

## संपादकीय

# बड़ा फैसला

पिछले कुछ वर्षों के दौरान बच्चों से जुड़ी अश्लील फिल्मों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पूरे इंटरनेट का 37 फीसदी पोर्नोग्राफी है और इसके बड़े हिस्से में बच्चों को शामिल किया गया है। बाल पोर्नोग्राफी से निपटने के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग कई नियामक दिशानिर्देशों की अनुशंसा कर चुका है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर पोर्नोग्राफी और बच्चों एवं समाज पर इसके प्रभाव जैसे चिंताजनक मुद्दे पर अध्ययन के लिए गठित राज्यसभा की एडहॉक कमेटी ने 25 जनवरी, 2020 को सौंपी अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिया था कि बाल पोर्नोग्राफी की परिभाषा को व्यापक बनाया जाए ताकि उसमें लिखित सामग्री और ऑडियो रिकॉर्डिंग भी शामिल की जा सके जोकि नाबालिग के साथ यौन गतिविधि का समर्थन करती हो या उसे प्रदर्शित करती हो। कानून में 'यौन स्पष्टता' को भी परिभाषित किया जाए। कमेटी ने सुझाव दिया था कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो को बाल पोर्नोग्राफी के सभी मामलों को अनिवार्य रूप से रिकॉर्ड और रिपोर्ट करना चाहिए। इस संबंध में सोमवार को उच्चतम न्यायालय ने एक बड़े फैसले में कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को देखना और उसे डाउनलोड करना अपराध है। न्यायालय का मानना है कि पॉक्सो कानून में बच्चों के साथ यौन शोषण और दुर्व्यवहार के लिए 'बाल पोर्नोग्राफी' की जगह 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' (सीएसईएएम) लिखना सही होगा। क्योंकि बाल पोर्नोग्राफ़ी शब्द का प्रयोग अपराध को गौण बना सकता है।

पोर्नोग्राफ़ी को अक्सर वयस्कों के बीच सहमति से किया गया कार्य माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए यह फैसला सुनाया है। मद्रास उच्च न्यायालय ने एक निर्णय में कहा था कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67 बी के तहत अपराध नहीं माना जा सकता। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया था कि मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले से बाल पोर्नोग्राफी की मांग बढ़ेगी, लोग बच्चों को पोर्नोग्राफी में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। उच्च न्यायालय के फैसले से तय हो गया है कि चाइल्ड पोर्न डाउनलोड करना और देखना पॉक्सो अपराध की श्रेणी में आता है। इस संबंध में अदालत ने जो निर्देश दिए हैं उनसे संभावित अपराधों को रोकने में मदद मिल सकती है। फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। जरूरी है कि यौन शिक्षा जैसे कार्यक्रमों के संबंध में जनसामान्य के बीच भ्रामक सोच को दूर किया जाना चाहिए और युवाओं को यौन सहमति और यौन शोषण के प्रभाव की स्पष्ट समझ कराई जानी चाहिए।

# ऊर्जा क्षेत्र में करने होंगे नए प्रयोग



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

> भारत की बात करें, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है।

दुनिया में एक बार फिर ऊर्जा क्षेत्र को लेकर चर्चा हो रही है। यह ऊर्जा क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। आखिर क्यों बार-बार एनर्जी सेक्टर पर इतनी गंभीरता से बातचीत की जा रही है? क्यों वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को उठाया जा रहा है? असल में दुनिया ऊर्जा के क्षेत्र में संकटों का सामना कर रही है। सभी इस बात को समझ चुके हैं कि इस क्षेत्र पर अभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाला समय चुनौतीपूर्ण होगा। उभरते ऊर्जा संकट, घटते जीवाश्म ईंधन संसाधनों और उच्च तेल की कीमतों के साथ जलवायु परिवर्तन की चिंताओं ने बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय, वैकल्पिक, पर्यावरण अनुकूल और कार्बन तटस्थ ईंधन के विकास की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। अधिकांश ऊर्जा संकट स्थानीय कमी, युद्ध और बाजार में हेरफेर के कारण हुए हैं।

भारत की बात करें, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है। परिणामस्वरूप भारत ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जैसे कि सौर, पवन और जल विद्युत। वहीं देश के ऊर्जा क्षेत्र में अभी अपर्याप्त निवेश है। देश के ऊर्जा क्षेत्र को अपने बुनियादी ढांचे में सुधार और अपनी ऊर्जा क्षमता का विस्तार करने के लिए वृहद निवेश की आवश्यकता है, लेकिन सरकार और निजी क्षेत्र ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त निवेश नहीं कर पा रहे हैं। देश की निम्न प्रति व्यक्ति आय और उच्च गरीबी दर भी लोगों के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का वहन कर सकना कठिन बनाती है। भारत विश्व के सबसे बड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जकों में से एक है और इसका ऊर्जा क्षेत्र इन उत्सर्जनों का एक प्रमुख योगदानकर्ता है।

हालांकि सरकार की ओर से अल्पकालिक और दीर्घकालिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि के लिहाज से 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता के 500 गीगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इधर, दुनिया में भारत एनर्जी ट्रांजिशन में ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है। यह उस विकास से स्पष्ट है, जो हमने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में हासिल किया है। अक्षय ऊर्जा क्षेत्र सेक्टर रोजगार उत्पादन की दृष्टि से भी उम्मीदें बंधाता हुआ नजर आ रहा है। पूरी दुनिया जहां जलवायु परिवर्तन के खतरे को रोकने के लिए इस क्षेत्र को विकसित करने में जुटी है, वहीं भारत जैसे विकासशील देश ने इस स्रोत के विकास में अच्छी सफलता हासिल की है। पिछले दस सालों में देश ने अक्षय ऊर्जा उत्पादन की अपनी क्षमता में पांच गुना बढ़ोतरी की है। इसके साथ ही ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में नए लक्ष्यों को तय किया है।

> निवेश की बात करें तो देश के एनर्जी सेक्टर में साल 2000 से 2019 के बीच 14 .32 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। सरकार इस सेक्टर पर खासा ध्यान दे रही है, जिसके कारण आने वाले समय में इस सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा। इससे नौकरी की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

वहीं अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार पैदा करने के लिहाज से चीन, ब्राजील और अमेरिका के बाद भारत दुनिया में चौथे नंबर पर है। पूरे विश्व में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में नियुक्त लोगों का 5.7 प्रतिशत भारत में है। इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दस साल पहले तक सेक्टर ने भारत में चार लाख नौकरियां उत्पन्न की थीं। असल में भारत में एनर्जी सेक्टर में आगे काफी ग्रोथ की संभावनाएं हैं और इस सेक्टर में जाने के लिए छात्रों को कुछ खास कोर्स करने की जरूरत पड़ेगी। एनर्जी सेक्टर में बीटेक पावर, एमबीए ऑयल एंड गैस, एमए एनर्जी इकोनॉमिक्स, सोलर एनर्जी आदि से जुड़े कई कोर्स होते हैं, लेकिन आने वाले समय में सबसे ज्यादा संभावनाएं सोलर एनर्जी में है, इसलिए छात्रों को इसी कोर्स का चुनाव करना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए एनर्जी सेक्टर को रिवाइव करना जरूरी होगा।

वहीं देश में एलईडी बल्ब के इस्तेमाल से उजाले के लिए खर्च होने वाली बिजली में करीब 75 फीसदी की कमी आई है। अध्ययन बताते हैं कि ऊर्जा दक्ष उपकरणों के इस्तेमाल से करीब 30 फीसदी बिजली खपत कम की जा सकती है यानी भवनों में 1.20 लाख गीगावाट बिजली बचाए जाने की संभावना है। यदि भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानक लागू हो जाएं, तो अतिरिक्त 30 फीसदी बिजली बच सकती है। यह बिजली बिहार और झारखंड जैसे राज्यों के एक साल की जरूरत के बराबर है। सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, देश में उद्योग जगत सबसे ज्यादा 42 फीसदी बिजली खर्च करता है। घरेलू क्षेत्र 24 फीसदी बिजली खर्च करता है। व्यावसायिक भवनों में बिजली की खपत आठ फीसदी है। भवन क्षेत्र की कुल खपत 32 फीसदी है, लेकिन भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानकों का क्रियान्वयन सबसे कम हुआ है।

निवेश की बात करें तो देश के एनर्जी सेक्टर में साल 2000 से 2019 के बीच 14.32 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। सरकार इस सेक्टर पर खासा ध्यान दे रही है, जिसके कारण आने वाले समय में इस सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा। इससे नौकरी की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। 2022 तक भारत सरकार नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता को बढ़ाकर 175 गीगावाट कर चुकी है। इसमें 100 गीगावाट सोलर पावर और 60 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। वहीं भारत की कोल आधारित क्षमता 2040 तक 191 गीगावाट से बढ़कर 400 गीगावाट होने की संभावना है। हालांकि भारत लंबे समय से ऊर्जा उत्पादन के लिए सबसे ज्यादा भरोसा कोयले पर करता आया है, लेकिन पिछले दशक के मध्य से इसमें ग्रीन एनर्जी की भागीदारी महत्वपूर्ण रही है।

मौजूदा समय में भारत की ऊर्जा पर निर्भरता दूसरे देशों पर ज्यादा है। देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई पहल की जा रही हैं। इसी क्रम में नवीकरणीय ऊर्जा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जिसके लिए सोलर एनर्जी के क्षेत्र में सरकार की ओर से काफी काम किया जा रहा है। भारत ने साल 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए लगभग 50 प्रतिशत ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित करना बड़ा लक्ष्य है। साल 2040 तक भारत की ओर से 15,820 टेरावाट आवर बिजली का उत्पादन नवीकरणीय स्रोत से करने का भी लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में सोलर एनर्जी इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न कंपनियां सोलर एनर्जी की तरफ तेजी से काम कर रही हैं। इसकी वजह से इस सेक्टर की कंपनियों में अच्छी ग्रोथ देखने को मिल रही है।

देखा जाए तो देश में ऊर्जा क्षेत्र में त्वरित सुधारों की दरकार है। सबसे पहले तो आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू कोयले की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान देना होगा। इसे कोयले के कैलोरी मान को बढ़ाने और राख की मात्रा को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में निवेश कर प्राप्त किया जा सकता है। वहीं नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करना होगा। देश में सौर, पवन और जल विद्युत जैसे ऊर्जा स्रोतों की अपार क्षमता मौजूद है। सरकार को प्रोत्साहन राशि और सब्सिडी के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास को प्रेरित करना चाहिए।

असल में वैश्विक ऊर्जा संकट के समाधानों का व्यापक रूप से उपयोग नहीं किया जा रहा है। सबसे अच्छा विकल्प यह है कि गैर-नवीकरणीय संसाधनों पर दुनिया की निर्भरता को खत्म किया जाए और समग्र संरक्षण प्रयासों में सुधार किया जाए। पीले बल्बों की जगह एलईडी बल्ब लगाएं। वे कम ऊर्जा की खपत करते हैं और लंबे समय तक चलते हैं। अगर दुनिया में लाखों लोग आवासीय और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए एलईडी का उपयोग करते हैं, तो ऊर्जा की मांग कम होगी और संकट से बचा जा सकेगा। इसके अलावा, सौर पैनलों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जानी चाहिए ताकि जनता को अक्षय ऊर्जा विकल्पों की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। ज्यादा स्टार वाले उपकरण खरीदे जाने चाहिए, इससे बिजली की बचत होगी। वहीं बिना रेटिंग वाले उपकरणों की बिक्री पर रोक होनी चाहिए। ऊर्जा दक्षता को लेकर लोगों को अभी भी जागरूक होने की दरकार है। इस तरह छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर हम बिजली की बचत कर सकेंगे।

## प्रसंगवश


# अव्यावहारिक मुद्दा

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कमेटी ने एक देश एक चुनाव की सिफारिश कर दी थी, जिसे केंद्रीय कैबिनेट ने अंगीकार कर लिया है और संसद के शीतकालीन सत्र में इस हेतु विधेयक लाने पर सरकार विचार कर रही है। इस पर विपक्ष का एक बड़ा धड़ा विरोध कर रहा है और इसे महत्वपूर्ण मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने की सत्ता पक्ष की चाल बता रहा है। वैसे भी यह काफी कुछ अव्यावहारिक लग रहा है और इसे लागू करना लोहे के चने चबाने के समतुल्य है। इसे कार्यान्वित करने हेतु 18 संविधान संशोधनों की जरूरत होगी, जिसके लिए दोनों सदनों में उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के 2/3 बहुमत की आवश्यकता होगी, जो सत्तारूढ़ गठबंधन के पास नहीं है। सरकार के सहयोगी दल जनता दल (यूनाइटेड) और तेलगू देशम् पार्टी भी अभी तक मौन धारण किए हैं। इन संशोधनों में कुछ को विधानसभाओं से भी पारित कराना होगा, जिनमें अनेक में विरोधी दलों की सरकारें हैं, वे इसमें रोड़े अटकाएंगी। आने वाले विधेयक का मसौदा तो अभी सामने नहीं है, किंतु कोविंद समिति की संस्तुतियां ही समस्या का सही और संपूर्ण निदान नहीं बता पा रही हैं। उदाहरणार्थ यदि बीच में कोई विधानसभा भंग हो जाए, तो समिति कहती है कि उसका चुनाव सिर्फ बचे हुए कार्यकाल के लिए हो। यह क्या बात हुई? चुनाव तो बीच में हुआ ही; 'फिर एक देश एक चुनाव' कैसे रह पाएगा? इसके अलावा यदि लोकसभा ही अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाती है, तब क्या होगा? ऐसी कई परिस्थितियां हो सकती हैं। मिली जुली सरकार हो और सहयोगी समर्थन वापस ले लें; फिर कोई दल या गठबंधन सरकार बनाने की स्थिति में न हो। या सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हो जाए और कुछ दल सत्ता और विपक्ष दोनों से दूरी बना लें। दरअसल, देश के संघीय ढांचे के चलते एक देश एक चुनाव सम्भव नहीं हो पायेगा और संघीय ढॉचा बदला नहीं जा सकता क्योंकि सुप्रीमकोर्ट ने आदेशित कर रखा है कि कोई ऐसा संशोधन नहीं किया जा सकता है, जिससे संविधान के मूल ढांचे में परिवर्तन हो जाय। इन परिस्थितियों में फिलहाल यह मुद्दा सिर्फ चर्चा में ही बने रहने की संभावना है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ मजबूत विपक्ष



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> विपक्ष जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। मजबूत विपक्ष वह है, जिसमें अगले चुनाव में पक्ष के रूप में अंतरित होने की संपूर्ण संभावना संगर्भित हो।

कौन कहता है, इस महान, प्राचीन देश की महान, प्राचीन संस्थाओं के संरक्षण-परिवर्धन में एक ही राजनीतिक दल का योगदान है? यह तो अन्य दलों के साथ सरासर अन्याय होगा। उदाहरण के लिए जाति प्रथा को ले लीजिए। एक महान प्राचीन संस्था, जो इस देश की अनन्य विरासत है। पहले इसकी व्याप्ति रोटी-बेटी तक सीमित थी। अब मतदान में भी इसका विस्तार हो गया है। जैसे अपनी ही जाति में रोटी-बेटी, वैसे अपनी ही जाति में मतदान। इस विस्तार में सभी दलों का समान योगदान है।

बात राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं। अगर आप कॉलेजों एवं अन्य शैक्षिक संस्थाओं के, विशेषकर देहाती इलाकों में नामकरण का अध्ययन करें तो कुछ दिलचस्प तथ्य सामने आ सकते हैं। पता लगाएं कि महामना मदनमोहन मालवीय इंटर कालेज खोलने और चलाने वाले प्रधानतः किस जाति के लोग हैं। फिर कोई महाराणा प्रताप महाविद्यालय मिलेगा। पता लगाइए, इसे खोलने-चलाने वाले मुख्यतः किस जाति के हैं? महात्मा गांधी इंटर कालेज भी मिलेंगे ही, पता करें इनके पीछे किस जाति के लोग हैं? बाबू राजेंद्र प्रसाद और यहां तक कि बंगाल से दूर-दराज के इलाके में भी सुभाष चंद्र बोस डिग्री कालेज मिल सकते हैं। पता करिए इन सबकी प्रबंध समिति में किस जाति के लोगों का बोलबाला है?

आप पाएंगे कि हमने बड़ी शाइस्तगी से अपने महापुरुषों को जातियों के हिसाब से बांट लिया है। महामना मदन मोहन मालवीय पर सिर्फ एक जाति का हक हो गया है। महाराणा प्रताप पर दूसरी जाति काबिज हो गई है और महात्मा गांधी को तीसरी जाति के लिए छोड़ दिया गया है। बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ है और सुभाष चंद्र बोस रहे होंगे पक्के सेक्युलर और अनन्य राष्ट्रभक्त, लेकिन हमारे जातीय बंटवारे में वे बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ एक चौथी जाति के हिस्से में पड़ गए हैं तो क्या किया जाए!

एक जाति ने कब्जाया और बाकी जातियों ने चुप्पी साधकर रजामंदी दे दी, अब और क्या चाहिए? इन महापुरुषों से पूछने की क्या जरूरत कि वे देश के महापुरुष कहलाना चाहेंगे या अपनी-अपनी जाति के? यह महान देश है। हमने तो भगवानों/अवतारों तक को बांट लिया है तो महापुरुषों की क्या बिसात? परशुराम केवल एक जाति के भगवान होकर रह गए हैं। इधर कृष्णावतार पर भी एक नई उभरती जाति ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। देखना है, वे कब तक और जातियों के भक्तों को उपलब्ध रहते हैं। बात राजनीतिक दलों की हो रही थी। कई वर्षों के अंतराल के बाद कांग्रेस को अपने दम पर अधिकृत विपक्षी दल का तमगा मिल गया है। कुछ अच्छे माने जाने वाले सुधार, जो पहले असंभव लगते थे, साकार हो रहे हैं। कुछ बुरे माने जाने वाले सुधार, जो पहले संभव लगते थे, ठंडे बस्ते में डाल दिए गए हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल जी खानदानी राजनीतिज्ञ हैं। अब वे अधिक गंभीर, आश्वस्त, जिम्मेदार और अधिक वाचाल भी हो गए हैं। प्रधानमंत्री के लिए अन्य पुरुष, एकवचन का व्याकरण सम्मत प्रयोग अधिक करने लगे हैं। हर मुद्दे की तरह व्याकरण के मुद्दे पर भी अधिक मजबूत हुए हैं।

विपक्ष जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। मजबूत विपक्ष वह है, जिसमें अगले चुनाव में पक्ष के रूप में अंतरित होने की संपूर्ण संभावना संगर्भित हो। कांग्रेस में है और राहुल में है। सबसे बड़ी बात, वे सदन के अकेले गांधी हैं। इस संभावना को मूर्त करने के लिए कांग्रेस ने अन्य प्रमुख दलों के साथ हाथ मिला लिया है। यह समय की मांग है, सत्ताकामी राजनीति की जरूरत है। अन्य दलों की अवांछित महत्वाकांक्षा आड़े आ सकती है। उन्हें ऐसे मजबूत विपक्ष की संरचना के लिए तीन काम करना अनिवार्य है।

एक तो उनके कर्णधारों को अवांछित महत्वाकांक्षा से मुक्त रहकर, कांग्रेस को प्रतिद्वंद्वी के बजाय सहधर्मी दल मानकर उसका नेतृत्व दिल से और हर प्रांत में स्वीकार करना होगा। दूसरा जिन दलों में (उन्हीं की करतूतों के चलते) जातीय रुझान होने का तमगा लग चुका है, इस तमगे से मुक्ति के लिए प्रकट और विश्वसनीय प्रयास करने होंगे और तीसरा काम इनमें से जो क्षेत्रीय दल हैं, उन्हें अखिल भारतीय दृष्टि विकसित करनी होगी और अखिल भारतीय नीति और कार्यक्रम का खाका बनाना पड़ेगा। ये सभी प्रमुख दल कांग्रेस के साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम बना सके तो इनका, कांग्रेस का और जनतंत्र का भविष्य उज्ज्वल होगा। यक्ष प्रश्न है कि क्या ये ऐसा कर पाएंगे?

## सोशल फोरम

# हिंदी प्रदेशों का शिक्षित मध्यवर्ग

पश्चिम बंगाल में जूनियर डाक्टरों ने पिछले 10 अगस्त से एक जूनियर महिला डाक्टर के रेप के विरुद्ध न्याय की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया है, जो पुलिस कमिश्नर, प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारियों को उनके पद से हटाए जाने और जूनियर डाक्टरों के काम पर लौटने के बाद भी अभी समाप्त नहीं हुआ है। कोलकाता इसका केंद्र है, जबकि देश के कई नगरों और विदेशों में भी इसकी प्रतिध्वनि सुनाई पड़ी है। हजारों-हजार नागरिकों, बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, कलाकारों ने 'रिक्लेम द नाइट' में मोबाइल टॉर्च लेकर जुलूस निकाला। दिन के जूलूस में गीत-संगीत तथा कई कलात्मक प्रयोग होते रहे। लोग बरसात में भीगते हुए रात-दिन डटे रहे, कहीं भी झुके नहीं। कोलकाता में 20 किलोमीटर लंबे शांतिपूर्ण जूलूस में लोगों ने जूनियर महिला डाक्टर के रेप के विरोध में आवाज उठाई। पिछले लगभग 40 दिनों से 'वी वांट जस्टिस' के केंद्रीय नारे के साथ पूरा आंदोलन बिना किसी राजनैतिक झंडे और घुसपैठ के चला। यह सब कोलकाता के लिए भी अभूतपूर्व है। मेरे मन में कुछ प्रश्न उठे : यह एक मध्यवर्गीय आंदोलन ही है और निश्चय ही इसके केंद्र में डाक्टरों के हित की मांगें हैं। इसका चरित्र दिल्ली- हरियाणा-पंजाब के पिछले किसान आंदोलन से भिन्न है। फिर भी जागरूक नागरिकों ने इसका साथ दिया, क्या इसे अभी भी मध्यवर्ग की अंतरात्मा के बचे होने, नागरिक बोध के बचे होने का लक्षण माना जा सकता है?

मध्यवर्ग केवल बंगाल में नहीं, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश आदि हिंदी क्षेत्रों में भी है। क्या वहां का मध्यवर्ग या शिक्षित नागरिक ऐसे किसी भी मुद्दे पर मिल-जुलकर इस तरह लंबे समय तक आंदोलन करने की स्थिति में हैं? और उनमें उच्च अधिकारियों को हटाने और किसी भी एक न्याय के लिए निरंतर लड़ने की ताकत है? यदि नहीं है तो क्यों नहीं है?

जूनियर डाक्टर के आंदोलन के मुद्दों में चिकित्सा क्षेत्र में व्यापक दुर्नीति और नर्सिंग होम, बड़े अस्पतालों में मनमानी लूट के मुद्दे शामिल नहीं हैं और मांगें उनकी सुरक्षा तक सीमित है। यह उनके आंदोलन की सीमा है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

-फेसबुक वॉल से

# एक देश, एक चुनाव के मायने

पांच साल में प्रत्येक ढाई साल के अंतराल में एक बार केंद्र के लिए और एक बार राज्य के लिए होने चाहिए देश के चुनाव। मोदी सरकार ने इच्छा शक्ति के साथ एक देश-एक चुनाव का फैसला कर लिया। देश की आजादी के वक्त केंद्र और राज्य के चुनाव एक साथ ही हुए थे। किंतु राजनितिक कारणों से उत्पन्न विभिन्न मध्यावधि चुनावों के चलते विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार के समय में अंतर आने लगा। प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक मंचों से इस बात को कई बार दोहराया है कि बार -बार चुनाव होने की वजह से देश के विकास में बाधा आती है।

हमारे देश में चुनाव पांच साल में होता है। अमेरिका आदि देशों में यह समय 4 वर्ष का है। भारत में पांच साल के बीच कोई चुनाव ना होने का अर्थ है सत्ता की निरकुंशता। पांच साल तक जो मन चाहे करने का लाइसेंस। बीच -बीच में होने वाले चुनाव केंद्र सरकार को अलोकप्रिय निर्णय लेने से रोकती है और तानाशाही रवैये पर भी लगाम कसती है। आज जो पार्टी सत्ता में है, कभी उसको भी विपक्ष में बैठना पड़ जाए तो इस सत्य का अनुभव उसको भी होगा कि जब देश में राज्य और केंद्र में एक साथ चुनाव होते थे तो अधिकतर सभी राज्यों और केन्द्र में एक ही पार्टी के उम्मीदवार चुनाव जीतते थे। राज्य और केंद्र में एक ही पार्टी का वर्चस्व था।

राज्य और केंद्र के चुनाव एक साथ होने पर केन्द्रीय मुद्दे राज्य की राजनीति को प्रभावित कर सकते हैं एवं राज्य स्तर के क्षेत्रीय मुद्दे केंद्र की राजनीति को। ऐसा बहुत कम होने की संभावना रहेगी कि एक ही समय में एक आम मतदाता लोकसभा में किसी और एवं विधानसभा में किसी और पार्टी के लिए वोट करेगा। आम मतदाता का मन किसी समय में भाजपाई तो किसी समय में कांग्रेसी /समाजवादी तो हो सकता है किंतु एक ही समय में एक साथ केंद्र में भाजपाई और राज्य में कांग्रेसी /सपाई नहीं होगा।

कभी- कभी किसी विशेष लहर (धार्मिक, सामाजिक, सहानुभूति या अन्य) के सहारे एक ही पार्टी या विचारधारा का राज्यों और केंद्र में बहुमत आ सकता है। इस प्रकार विविधताओं वाले देश में एक ही विचार के हावी होने का खतरा है। उदाहरण स्वरूप यदि हम 2024 के लोकसभा चुनाव को साक्ष्य रखते हुए बात करें तो इस बार यूपी में लहर समाजवादी पार्टी समेत विपक्ष के पक्ष में रहीं। अब यदि लोकसभा के साथ ही यूपी विधानसभा चुनाव भी हो गए होते तो केंद्र में मोदी सरकार तो यथावत रहती, योगी जी के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार को खतरा हो जाता। अब यूपी में कम हुई सीटों से यदि उत्तर प्रदेश सरकार सीख ले तो 2027 में फिर से बहुमत हासिल कर लेगी। इसी प्रकार 2014 में मोदी लहर के चलते यूपी की सभी सीटों पर भाजपा ने विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ कर दिया। यदि 2014 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए होते तो अखिलेश सरकार 2017 तक नहीं चल पाती। राज्य और केंद्र के चुनाव एक साथ होने के समय मे विधायक प्रत्याशी अपने और सांसद प्रत्याशी प्राथमिक तौर पर अपने चुनाव जीतने के लिए ही कार्य करते दिखाई देंगे। यदि सरकार एक साथ चुनाव चाहती है तो उसे वन नेशन वन इलेक्शन नहीं, वन नेशन टू इलेक्शन के सिद्धांत पर कार्य करना होगा। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराएं और लोकसभा की सभी सीटों के लिए एक साथ। और दोनों चुनावों के बीच में ढाई साल का अंतराल होना चाहिए। इस प्रकार राज्य विधानसभाओं के होने वाले चुनाव केंद्र सरकार की ढाई साल की कार्य का परीक्षण जैसा होगा। जिस प्रकार क्रिकेट में वर्ल्ड कप और मिनी वर्ल्ड कप (चैंपियंस ट्राफी) होती है, ठीक उसी तर्ज पर। इस प्रकार की व्यवस्था से जनता के बाद हर ढाई साल में (पहले लोकसभा फिर विधानसभा) के माध्यम से सरकार की कार्यप्रणाली का अवलोकन करने का एवं उस पर अपने निर्णय सुनाने का अधिकार होगा।



अनिरुद्ध चौहान
सीजीएसटी अधिकारी

# शुद्धता - एक दिवास्वप्न

अभी तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू में प्रयुक्त घी की शुद्धता पर धमाचौकड़ी मची हुई है, परिणाम का पता बाद में चलेगा क्योंकि अभी कुछ गुजरात की प्रयोगशाला पर प्रश्न कर रहे हैं, तो कुछ मुख्यमंत्री नायडू की अपने पूर्व मुख्यमंत्री से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता देख रहे हैं।

आज मैं मसालों की बात करता हूं। कुछ वर्ष पूर्व मैं केरल के कोच्चि शहर गया था। मसाले उत्पादन में केरल सैकड़ों वर्ष से प्रसिद्ध था। अरब और यूरोपीय व्यापारी मसाले के लालच में मध्य काल से केरल से व्यापार कर रहे थे। मैं कोच्चि के मसाला बाजार की एक दुकान में गया तो मसालों की सुगंध से ही मन भर गया। मेरी पहले लौंग के बोरे पर दृष्टि गई, तो उसमें रखी लौंग का आकार देख हतप्रभ रह गया। सुडौल और उससे निकलने वाली महक से मैं मंत्रमुग्ध हो गया। पूछने पर दुकानदार ने बताया कि हमारे उत्तर प्रदेश आदि में जो लौंग मिलती है, वह लौंग से तेल निकालने के बाद वाली लौंग है, इसीलिए वह सूखी व कम महक वाली होती है। लौंग के तेल का उपयोग चिकित्सीय कार्यों में होता है। यही हाल वहां पैदा होने वाले अन्य मसालों इलायची, काली मिर्च, जायफल आदि का होता है। मैं वहां से थोड़ा मसाले दैनिक उपयोग के लिए घर लाया और अब हम मसाले वहीं से कोरियर से मंगाते हैं। गुणवत्ता के कारण यह मसाले सब्जी या मांसाहारी खाने में कम मात्रा में ही प्रयुक्त होते हैं तथा अब यहां मिलने वाले मसाले कम अच्छे लगते हैं। वहां के शुद्ध मसाले सालों पड़े रहने पर खराब नहीं होते।

फसलों में प्रयुक्त होने वाले रसायनों, कीटनाशकों से फसल के साथ वहां की मिट्टी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लौकी का आकार बढ़ाने हेतु, गाय भैंस का दूध बढ़ाने हेतु उनमें इंजेक्शन से दवा पहुंचाई जाती है। बैंगन में तो इतनी जहरीली दवा का छिड़काव होता है कि हमने बाजार का बैंगन खाना ही छोड़ दिया। आम हो या सेब, कीटनाशक दवा तो पड़ती ही है जिससे फल सुरक्षित रहें।अब तो आंवला की बाग में भी कीटनाशक दवा का छिड़काव हो रहा है। पेड़ों व जमीन पर पड़े रसायन एवं विष पानी के रास्ते जमीन के भीतर एकत्रित जल तक जाकर उसे प्रदूषित कर रहे हैं।

मैं 12-15 वर्ष का था, घर के किसी आयोजन के लिए दूध खरीद कर लाने हेतु पिताजी ने एक यादव को लगाया। जब यादव जी दूधिया के घर गए तो उसने शुद्ध दूध का रेट तीन रुपए प्रति लीटर बताया, जबकि तब 2.50 रुपए का रेट था। यादव जी ने कहा, ठीक है लेकिन दूध शुद्ध हो। वह शुद्ध दूध के लिए 3.50 रुपए का रेट लगाया। यादव जी के अपने सामने ही दूध दुहाने की बात करने पर वह 3.75 रुपए प्रति लीटर का रेट बताया। जब रेट के इतना बढ़ने की बात यादव ने की तो उसने शुद्धता के साथ रेट बढ़ना बताया। बाजार में जब हम सस्ता सामान लेंगे तो शुद्धता से समझौता करना ही पड़ेगा। अधिक दाम देने पर भी शुद्धता की गारंटी नहीं है। यह मिलावट और प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है, इससे खाद्य, जल, वायु सभी प्रभावित हो रहे हैं। इसका हल फिलहाल दिख नहीं रहा है।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

# काम का दबाव

काम के दवाब में एक युवा चार्टेड एकाउंटेड की कार्डियक अटैक से असामयिक मृत्यु देश के सफेद कालर वालों के लिए दिल को छू देने वाली घटना है। इसने पूंजवादी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और मानवता की ओर गंभीर चिंतन पर अपना ध्यान खींचा है। हमारे नीति निर्धारक जो पूंजीवाद पर आधारित नीतियों के पोषक हैं उनके द्वारा सामाजिक दृष्टिकोण भुला दिया गया है।
केरल निवासी एक होनहार 26 वर्षीय अन्ना सेबेस्टियन पेरायिल की अस्वभाविक मृत्यु ने आधुनिक कार्य संस्कृति के बारे में एक महत्वपूर्ण चर्चा को प्रज्ज्वलित कर दिया है, उसकी मां ने नियोक्ता कंपनी के चेयरमैन राजीव मेनानी को लिखे पत्र में नौकरी के कार्य दवाब को इस मृत्यु से जोड़ा है।

इस त्रासदी भरी खबर का दो महीने बाद सामने आना, और उस पर प्रतिक्रिया ने अचंभित किया है।
क्या हम कर्मचारियों के काम के संकट के सकेतों को समझने और उन पर कारवाई करने में बहुत धीमे है? कंपनी ने घटना पर अपना दुख तो जाहिर किया है। परंतु अंतिम संस्कार में संस्थान के लोगों के शामिल न होने ने एक बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है, जबकि इस कंपनी में एक लाख कर्मचारी है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## एक नजर

### कांग्रेस को अपने खराब दिनों में आती है अनुसूचित वर्ग की याद : मायावती



**अमृत विचार,लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि कांग्रेस को अपने खराब दिनों में अनुसूचित वर्ग की याद आती है। आरक्षित वर्ग के लोगों को इन आरक्षण विरोधी दलों से सचेत रहने की जरूरत है। सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये उन्होंने कहा कि देश में अभी तक के हुए राजनीतिक घटनाक्रमों से यह साबित होता है कि कांग्रेस व अन्य जातिवादी पार्टियों को कुछ समय के लिए अनुसूचित वर्ग के नेताओं को मुख्यमंत्री या संगठन में प्रमुख पदों पर रखने की याद आती है, जबकि अच्छे दिनों में इन्हें दरकिनार कर देती हैं।

### नीट यूजी : दूसरे चरण में 2691 सीटों के लिए काउंसिलिंग

**अमृत विचार,लखनऊ :** नीट यूजी में दूसरे चरण की काउंसिलिंग कुल 109 कॉलेजों की एमबीबीएस व बीडीएस की 2691 सीटों के लिए हो रही है। काउंसिलिंग में एमबीबीएस में दाखिला लेने के लिए 84 मैंडिकल कॉलेज और 25 डेंटल कॉलेजों में अभ्यर्थी प्राथमिकताएं दे सकते हैं। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह द्वारा सोमवार को राज्य में कॉलेजवार सीट व्यौरा वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन सीटों में 2210 सीटें अनारक्षित हैं, जबकि ओबीसी 197, एससी में 180, एसटी की 22, ईडब्लूएच की 82 सीटें शामिल हैं।

### आयुष कॉलेजों में दाखिले के लिए काउंसिलिंग 25 से

**अमृत विचार,लखनऊ :** आयुर्वेद, होम्योपैथ व यूनानी कॉलेजों की करीब साढ़े सात हजार से ज्यादा स्नातक सीटों के लिए आयुष यूजी काउंसिलिंग 25 सितंबर को पंजीकरण के साथ शुरू होगी। 01 अक्टूबर को सीट आवंटित कर परिणाम घोषित होंगे। काउंसिलिंग में सरकारी कॉलेजों में केन्द्रीय कोटे की 15 प्रतिशत सीटों को पृथक रखा जाएगा।

# हिंदू वही जो गोकशी रोके, गोरक्षा को समर्पित हो

## जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सिस्टम पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कहा, हिंदू का वोट लेकर उसके साथ धोखा किया गया
- बहुमत की सरकार ने भी गाय को राष्ट्र माता का दर्जा नहीं दिया



अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

**अमृत विचारः** हिंदू वही है जो गोरक्षा करे, गोकशी रुकवाए। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सिस्टम पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदू से वोट लेकर उनके साथ धोखा किया गया है। यदि सत्ताधारी नीति नियंता चाहते तो अब तक गोकशी रोकने के लिए कानून बन गया होता, एक भी गाय की हत्या नहीं होती। गो हत्या रोकने के लिए सरकार को कानून बनाना होगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को गो-ध्वज स्थापना भारत यात्रा कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत में शंकराचार्यस्वामी ने कहा कि सरकार जब अभी तक कानून बनाने में असफल रही तो मुझे मठ से बाहर निकलना पड़ा। गो हत्या रोकने के लिए मेरी ओर से निकाली जा रही यात्रा का सबसे पहले विरोध भाजपा ने किया। उन्होंने कहा कि गो रक्षा को लेकर निकाली जा रही यात्रा 33 प्रदेशों में जाएगी। यात्रा नगालैंड भी जाएगी, अभी तक कार्यक्रम में कोई संशोधन नहीं किया है।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि देश की जनता ने कई बार गो माता के नाम पर वोट देकर विभिन्न दलों की सरकारें बनवाईं, मगर किसी ने भी गाय की सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया। जब एक देश एक चुनाव को लेकर बात हो रही है तो गो माता को लेकर प्रदेशों में अलग-अलग कानून क्यों हैं।

### योगी सिर्फ मुख्यमंत्री के तौर पर कर रहे हैं काम

जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभी सिर्फ मुख्यमंत्री के तौर पर काम कर रहे हैं। गोरक्ष पीठ के अध्यक्ष की भूमिका नहीं दिखाई दे रही है। गोरक्ष पीठ के अध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे होते तो उत्तर प्रदेश में गाय नहीं कट रहीं होतीं। उन्होंने कहा कि गो रक्षा के लिए पूरे देश में यात्रा करेंगे और गो ध्वज फहराएंगे। बताया कि रविवार को अयोध्या गए थे। वहां प्रभु श्रीराम से शक्ति मांगी ताकि गो हत्या बंद करा सकें। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि जिस दिन देश में गो हत्या बंद हो जाएगी उस दिन सोने के पात्र में गाय के दूध से अयोध्या में भगवान राम का अभिषेक करेंगे और दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेंगे।

### तिरुपति के प्रसाद से धर्म किया गया भ्रष्ट

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि तिरुपति के प्रसाद ने सनातनियों का धर्म भ्रष्ट किया है। क्योंकि उसमें जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिलाने की बात सामने आई थी। जिन्होंने प्रसाद ग्रहण किया है वे यदि गो माता के पंच द्रव्य का सेवन करेंगे तो पाप नष्ट हो जाएगा। सनातन धर्म रक्षा बोर्ड को लेकर उन्होंने कहा कि पवन कल्याण को बोलने का कोई अधिकार नहीं है। क्योंकि उनकी नाक के नीचे सब कुछ हो रहा था। सनातन धर्म रक्षा बोर्ड बनाने का काम पवन कल्याण का नहीं है। यह काम शंकराचार्य और महंतों का है। उन्होंने कहा कि सभी मंदिरों में बाहर से लाए जाने वाले प्रसाद को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। बताया कि अल्पसंख्यक नहीं कह सकते कि गो मांस खाना हमारा अधिकार है। इससे बहुसंख्यकों को तकलीफ पहुंचेगी। यदि वे ऐसा कहते हैं तो उनको शरिया और बाइबल मानने वाले देशों में चले जाना चाहिए।

# सिपाही भर्ती की परीक्षा आदर्श मॉडल, अन्य बोर्ड भी अपनाएं

## मुख्यमंत्री ने सभी भर्ती बोर्ड व आयोगों के अध्यक्षों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



योगी आदित्यनाथ

- रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी व समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के लिए कहा

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न बोर्ड व आयोगों के अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि रिक्त पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी व समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। उन्होंने हिदायत दी कि चिकित्सा व तकनीकी विभागों में भी स्थानीय स्तर पर बोर्ड गठित करके शीघ्र भर्ती की जाए। सभी भर्ती प्रक्रियाओं में आरक्षण के नियमों का पालन हर हाल में हो। यह भी कहा कि किसी भी विभाग की तरफ से भर्ती प्रक्रिया को लेकर पेंडेंसी न हो। योगी के मुताबिक, सिपाही भर्ती की परीक्षा आदर्श परीक्षा मॉडल है, सभी आयोग इसे अपनाएं।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रियाओं के संबंध में बैठक की। इसमें उप्र. लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष, अधीनस्थ चयन सेवा आयोग के अध्यक्ष, शिक्षा सेवा चयन आयोग की अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग के अध्यक्ष, पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष, सहकारी संस्थागत सेवा मंडल के अध्यक्ष, डीएम और एसएसपी समेत शासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री को पुलिस भर्ती प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष ने हाल में ही सकुशल संपन्न कराई गई सिपाही भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया व संचालन के संबंध में अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ई-अधियाचन पोर्टल की व्यवस्था की गई है। सभी विभाग इसका उपयोग कर अधियाचन प्राप्त करें। जिन विभागों में नियुक्ति की जानी है, वहां से अधियाचन आयोग को तत्काल भेजकर नियुक्ति प्रक्रिया को संपन्न कराया जाए। ट्रांसपोर्ट, एजेंसी एवं परीक्षा केंद्रों के चयन की प्रक्रिया में सावधानी बरती जाए। गोपनीयता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। किसी भी निजी संस्था को परीक्षा केंद्र न बनाया जाए। केवल राजकीय व राजकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों को ही परीक्षा केंद्र बनाया जाए। परीक्षा केंद्र का चयन जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में किया जाए।

### एआई व सीसीटीवी की भी सहायता लें

मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के दौरान ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस व सीसीटीवी की भी सहायता ली जाए। अफवाह को रोकने पर पूरा ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी बोर्ड व आयोग के अध्यक्षों से कहा कि सभी भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने के लिए क्वेश्चन बैंक तैयार करें।

# मध्यांचल विद्युत निगम ने खोला 'ब्लैक लिस्टेड' कंपनी का टेंडर

## उपभोक्ता परिषद ने उठाए सवाल, जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने गोवा की उस निजी कंपनी का टेंडर खोल दिया है, जिसे हाल में 'ब्लैक लिस्टेड' किया गया था।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने निगम में टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि जानकारी के बाद भी टेंडर प्रक्रिया में निजी कंपनी को शामिल करना अफसरों की लापरवाही है। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से मामले की रिपोर्ट तलब कर अफसरों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करने की मांग की है।

सोमवार को ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम गर्वमेंट ऑफ उत्तर प्रदेश की टेंडर विवरण संबंधी रिपोर्ट में सिंगल फेस मीटर के टेंडर प्रक्रिया में आठ निजी कंपनियों का उल्लेख है। इसमें गोवा की निजी कंपनी एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड को काली सूची में होने के कारण अयोग्य ठहराया गया है। इसमें 'फाइनेंशियल बिड' खोलने की तारीख 19 सिंतबर 2024 का जिक्र है। 24 अगस्त 2024 की बिडिंग में एचपीएल इलेक्ट्रिक के साथ जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड को स्वीकार किया गया है।

प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रही दोनों मीटर निर्माता कंपनियां गोवा में काली सूची में हैं। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मध्यांचल निगम ने एक टेंडर में एचपीएल का पार्ट बिड न खोलकर उसे बाहर किया है, पर दूसरे टेंडर में दोनों कंपनियों का टेंडर का भाग दो खोला गया है।

### 5 अगस्त को काली सूची में डाली गईं कंपनियां

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष का कहना है कि गोवा की दोनों कंपनियों को पांच अगस्त को काली सूची में डाला गया था, ऐसे में जानकारी होने के बाद एक में अयोग्य व दूसरे में योग्य बताए जाने से अफसरों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

# भाजपा को हराया है, भाजपाई उसी का बदला ले रहे हैं : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बार फिर एनकाउंटर पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया है, भाजपाई उसी का बदला ले रहे हैं। किसी का भी फर्जी एनकाउंटर नाइंसाफी है। हिंसा के जरिये उप्र की छवि को धूमिल किया जा रहा है। यह उप्र के भविष्य के विरुद्ध एक बड़ा षड्यंत्र है।

सपा मुखिया ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सबसे कमजोर लोग एनकाउंटर को अपनी शक्ति मानते हैं। सुल्तानपुर में एनकाउंटर में मारे गए एक लाख के इनामी अनुज प्रताप सिंह की बहन का विडियो एक्स पर साझा करते हुए कहा कि शोक में डूबी बहन के आंसू जो शब्द बनकर सबको झकझोर रहे हैं लेकिन हृदयहीन व असंवेदनशील लोगों के लिए इनका कोई महत्व नहीं है।

# नवरात्र में प्रदेशभर के देवी मंदिरों में होंगे विविध आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संस्कृति विभाग नवरात्र पर 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक प्रदेशभर के सभी देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में महिलाओं व बालिकाओं की सहभागिता से विविध सांस्कृतिक आयोजन करेगा।


संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार अष्टमी एवं नवमी पर प्रमुख शक्तिपीठ मन्दिरों में सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनसामान्य को जोड़ते हुए रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। सभी जिलाधिकारी अपनी अध्यक्षता में गठित समिति से अपने जिलों में देवी मन्दिरों, शक्तिपीठों में स्थानीय लोक कालाकारों, भजन मंडलियों, कीर्तन मंडलियों के चयन करेंगे। सभी कार्यक्रम मिशन शक्ति के अनुरूप स्थानीय जनसहभागिता के साथ आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय कलाकारों का चयन संस्कृति विभाग की ई-डायरेक्ट्ररी से किया जा सकता है।

## धर्म दर्शन

### शरः पृथ्वी पर जीवन के उद्भव का प्रथम प्रतीक

उपशमन सूक्त के देवता पर्जन्य हैं। पर्जन्य शब्द सामान्य अर्थों में वर्षा के लिए प्रयुक्त होता है, परंतु सभी का पोषक होने के कारण वह पोषणकर्ता भी है। अतः अनंत आकाश के विभिन्न स्रोतों से बरसने वाले पोषक एवं उत्पादक स्थूल एवं सूक्ष्म प्रवाहों को यहां पर्जन्य के रूप में वर्णित किया गया प्रतीत होता है। इस सूक्त में ऋषि ने धनुष से छूटने वाले विजयशील "शर" (बाण) के उदाहरण से जीवन तत्व के गूढ़ रहस्य को स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

"शर" शब्द का सामान्य अर्थ बाण है, किंतु पृथ्वी से जो अंकुर निकलता है,उसे भी शर कहते हैं। इस प्रकार यह शर पृथ्वी पर जीवन के उद्भव का प्रथम प्रतीक है और उसी पर प्राणी मात्र का जीवन निर्भर करता है। बाण अथवा जीवन तत्व के रूप में उसकी उत्पत्ति पिता पर्जन्य के सेचन से तथा माता पृथ्वी के गर्भ से होती है। यह जीवन तत्व ही समस्त बाधाओं एवं रोग आदि को जीतने में, जीवन लक्ष्य को भेदने में समर्थ होता है। इसलिए उसकी उपमा "शर" से दी गई है। जीवन संग्राम में विजय के लिए प्रयुक्त शर (जीवन तत्व) किस धनुष से छोड़ा जाता है, उसका सुंदर अलंकरण यहां प्रस्तुत किया गया है। उस धनुष का एक छोर माता पृथ्वी है तथा दूसरा छोर पिता पर्जन्य है। ज्या अर्थात प्रत्यंचा उन दोनों को खींचकर उनकी शक्ति संप्रेषित करती है। ज्या का एक अर्थ जन्मदात्री भी होता है। अतः आकाश में स्थित पर्जन्य एवं पृथ्वी की शक्ति के सहयोग से जीवन तत्व का संरक्षण करने वाली सृजनशील प्रकृति ही इस धनुष की ज्या (प्रत्यंचा) है। "शर" शब्द का प्रयोग यथास्थान मूत्र रोग के उपचार हेतु शलाका के लिए भी किया गया है। ऋषि अथर्वा कहते हैं कि अनेक प्रकार से चराचर धारक एवं पोषक पर्जन्य को हम इस "शर" के पिता के रूप में जानते हैं। अनेक प्रकार के स्वरूप देने वाली पृथ्वी को भी हम भली प्रकार जानते हैं। हे ज्या! आप हमारे शरीरों को चट्टान की तरह सुदृढ़ता एवं शक्ति प्रदान करें। शत्रुओं (शारीरिक दोषों) को शक्तिहीन बनाकर हमसे दूर करें। द्युलोक एवं पृथ्वी के मध्य स्थित तेज की भांति यह मुंज (मुक्तिदाता या शोधक जीवन तत्व) सभी स्रावों, रसों एवं रोगों के बीच प्रतिष्ठित रहे अर्थात शरीर या प्रकृति के समस्त स्रावों को वह जीवन तत्व रोगों की ओर न जाने दें। रोगों के शमन में उसका उपयोग करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

इस शरीर के जनक पर्जन्य से हम भलीभांति परिचित हैं। अनंत बलशाली मित्रदेव (प्राण वायु) जो शर का पिता है, को हम जानते हैं। शर के पालक सशक्त वरुण देव को हम जानते हैं। हम शर के पिता आह्लादक चंद्र देव को जानते हैं। हम जानते हैं कि विशेष शक्ति संपन्न पवित्रतादायक सूर्य शर के पालक हैं। ये सभी तुम्हारा कल्याण करें। उनसे तुम्हें विशिष्ट पोषण प्राप्त हो तथा विकार बाहर निकल जाएं। मूत्र वाहिनी नाड़ियों, मूत्राशय एवं आंतों में स्थित दूषित जल इस चिकित्सा से पूरा का पूरा वेग के साथ शब्द करता हुआ शरीर से बाहर हो जाए। शर (शलाका) से मूत्रमार्ग को खोल देते हैं। बांध टूट जाने से जिस प्रकार जलाशय का जल शीघ्रता से बाहर निकलता है, उसी प्रकार रोगी के उदरस्थ समस्त विकार वेगपूर्वक बाहर निकलें। धनुष से छोड़े गए, तीव्र गति से बढ़ते हुए बाण की भांति तेरा संपूर्ण मूत्र (विकार) वेगपूर्वक बाहर निकले।

### वैष्णव संप्रदाय

वैष्णव पुराणों में, विष्णु, ब्रह्मवैवर्त, हरिवंश तथा भागवत में विष्णु, नारायण, यादव कृष्ण तथा गोपाल कृष्ण के चरितों के विभिन्न पहलूओं का विस्तृत विवरण अंकित है। यह तथ्य विवादरहित है कि "श्रीमद् भागवत पुराण ही भागवत संप्रदाय का प्रमुख ग्रंथ है। मोटे तौर पर, वैष्णव संप्रदाय, भगवान विष्णु को ही परमेश्वर मानने वालों का संप्रदाय है। वैष्णव धर्म की सामान्य जानकारी हमें उपनिषद साहित्य से ही प्राप्त होने लगती है। छान्दोग्य उपनिषद में श्रीकृष्ण का उल्लेख मथुरा में जन्में देवकी पुत्र तथा आंगिरस शिष्य के रूप में होती है। वृष्णिवंशीय वासुदेव कृष्ण इस संप्रदाय के उपास्य देव हैं। वासुदेव को ज्ञान शक्ति, बल, वीर्य, ऐश्वर्य तथा तेज नामक छह गुणों से संपन्न होने के कारण ही भगवान या भागवत कहा गया है। वैरागी, दास, रामानंद, वल्लभ, निम्बार्क, माधव, राधा वल्लभ, सखी तथा गौड़ीय इसके उपसंप्रदाय हैं। प्रमुख वैष्णव संप्रदायों के नाम, प्रमुख आचार्य नाम तथा मत इस प्रकार हैं-वैष्णव संप्रदाय विशिष्टाद्वैत रामानुज, ब्रह्मा संप्रदाय द्वैत आनंद तीर्थ, रुद्र संप्रदाय विशुद्ध द्वैत वल्लभाचार्य और सनक संप्रदाय द्वैताद्वैत निम्बार्क। वैष्णव संतों का प्रमुख संबोधन है- आचार्य, स्वामी और संत।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

वैष्णव संतों में मूलतः वैरागी संप्रदाय के तीन प्रमुख अखाड़े श्रीदिगंबर अनी अखाड़ा, श्री निर्वाणी अखाड़ा और श्री निर्मोही अखाड़ा। यहीं पर यह तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जन्मना या जाति से ब्राह्मण न होकर भी वैष्णव धर्म धारण कर, सिर पर चोटी छोड़ सिर मुड़ा और विधिवत यज्ञोपवीत धारण कर वैष्णव ब्राह्मण बन सकता है। जन्मना गैरब्राह्मण से वैष्णव ब्राह्मण बने लोगों मे तमिल बन्निया, तेलगु नायडू, मलयाली गैर ब्राह्मणों की अच्छी खासी संख्या है। अपने सद्कर्म, हार्दिक भक्ति और आस्था के बल पर कोई भी मनुष्य वैष्णव बन सकता है। वैष्णव के लिए शारीरिक सौंदर्य पर ध्यान, तेल मालिश, हजामत से परहेज आवश्यक है। उसके लिए सुबह, दोपहर और सायं बेला में हरि कीर्तन, भजन, सत्संग, धर्म कथा श्रवण अनिवार्य है।


## वर्ग पहेली-201

**बाएं से दाएं**

1. 1. महाप्रलय 2. पितृपक्ष 3. तीर्थस्थान।
4. एक दिशासूचक यंत्र जिसकी सुई सदैव पश्चिम दिशा की ओर रहती है ; कुतुबनुमा, दिग्दर्शक यंत्र।
6. 1. श्रद्धा, आस्था 2. विश्वास, भरोसा, ऐतबार।
7. अभिमानी स्त्री।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. मज़ाक संबंधी 2. हंसोड़, परिहासप्रिय, विनोदी।
2. नियत अनुपात में, अनुपात के अनुसार।
3. 1. घान 2. तेल आदि पेरने का कोल्हू 3. ढेर।
5. यशोदा, कृष्ण की माता।



### वर्ग पहेली -200 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ह | क | 2 ब | क | |
| | ल | | हु | | 3 जे |
| | फ़ी | | का | | ली |
| | | 4 कु | लि | या | |
| | 5 लि | पि | क | | 6 ता |
| | | त | | | नू |
| 7 जु | ई | | 8 स | फ़ी | र |

## सुडोकू -114

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 5 | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | | 9 | | 4 |
| | | 3 | | 6 | 1 | | | 2 |
| | | | 8 | | | 2 | | 1 |
| 2 | | 6 | | | | 4 | | 3 |
| 3 | | 9 | | | 7 | | | |
| 8 | | | 1 | 9 | | 3 | | |
| 4 | | 7 | | | 8 | | | 9 |
| | | 1 | 2 | | | 5 | | |

### सुडोकू - 113 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 5 | 1 | 4 | 9 | 8 | 7 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 1 | 9 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 9 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 | 8 |
| 2 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थितिः 24 सितंबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.38 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** – आज अपना व्यवहार सबके प्रति अच्छा रखें। किराये के घर पर रहने वालों के मन में नए घर को लेकर चिन्ता बढ़ सकती है। आज आप अपनी सधी हुई संवादशैली के प्रभाव से लोगों को प्रभावित कर लेंगे। गलत कार्यों में अपना दिमाग न लगाएं।

**वृष** – आज व्यवसाय में में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। नई संपत्ति खरीदने को लेकर विचार बना सकते हैं। अपनी गलतियों और कमजोरियों को दूर करने का प्रयास करें। विपरीत विचारधारा वाले व्यक्तियों के साथ बहस न करें।

**मिथुन** – आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। करियर में कुछ अच्छा बदलाव हो सकता है। आपकी दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आप कुछ विशिष्ट कार्यों की तरफ मुड़ सकते हैं। धर्म-कर्म को लेकर दिखावा न करें। शुभ कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कर्क** – आज नकारात्मक विचार आपके ऊपर हावी रहेंगे। अनिद्रा और घबराहट की समस्या हो सकती है। दूसरों पर ज्यादा भरोसा न करें। उच्च अधिकारी आपका विरोध कर सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े अधीर रहेंगे, किन्तु आज अपने दिल की बात कहने से बचें।

**सिंह** – आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। अधूरे काम पूरे होने से मन में काफी खुशी रहेगी। जीवनसाथी आपका उत्साह बढ़ायेंगे। महिला जातकों को महंगे उपहार मिल सकते हैं।

**कन्या** – आज आपकी कार्यशैली लोगों के लिए चर्चा का विषय बन रही है। सभी काम सरलता से होते हुए प्रतीत होंगे। अविवाहित लोग विवाह को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। धर्म-कर्म के मामले में आप काफी रुचि लेंगे। परिवार के लोग किसी कारणवश आपसे नाराज हो सकते हैं।

**तुला** – आज विदेश में रहने वाले लोगों को घर की याद आयेगी। निजी कंपनियों जॉब करने वाले लोग अवकाश को लेकर बॉस से चर्चा कर सकते हैं। व्यवसाय संयमित रखें और दूसरों के मामलों में ज्ञान देने से बचें। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें।

**वृश्चिक** – आज दांपत्य जीवन थोड़ा उबाऊ हो सकता है, लेकिन आप अपना व्यवहार जीवनसाथी के प्रति अच्छा रखें। शोध कार्यों के प्रति आपकी रुचि हो सकती है। दोस्तों के साथ मतभेद उभर सकते हैं। निम्न रक्तचाप और थकान की समस्या हो सकती है।


**धनु** – आज जीवनसाथी के साथ क्वालिटी टाइम बिताना पसन्द करेंगे। वैवाहिक संबंध काफी रोमान्टिक रहने वाले हैं। शाम के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर** – आज धन की समस्या दूर होगी। पार्टनर के साथ विवाद समाप्त होगा। आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहेगी। घर में खुशियों का माहौल रहेगा। आपको कारोबार में मनचाही उन्नति मिलने की संभावना है। मानसिक शांति के लिए मित्रों से मिल सकते हैं।

**कुंभ** – आज दिन की शुरुआत खास ठीक नहीं रहेगी। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। मसालेदार भोजन से बचें वरना कब्ज की समस्या भी हो सकती है। परिवार के कुछ लोग आपकी निन्दा कर सकते हैं, लेकिन आपको उन पर अभी ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

**मीन** – आज किसी भी काम में मन नहीं लगेगा। घर की परिस्थितियों के सामने स्वयं को असहज महसूस करेंगे। मच्छरों से सावधान रहें। शाम के समय कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं। इससे आपका मूड फ्रेश हो जायेगा। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद। चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मृगशिरा 21.54 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
औलाद – सुबह : 09.24
कुली नं. 1 – रात : 07.16

&pictures
खिलाड़ियों का खिलाड़ी – सुबह : 10.53
तरला – रात : 08.00

Sony Pix
2012 – सुबह : 10.23
डार्क फोनिक्स – रात : 08.45

Zee Cinema
रक्षाबंधन – दोपहर : 12.16
स्कंदा – रात : 08.00

Zee Action
शिवा द सुपर हीरो 3 – सुबह : 11.27
गुप्त – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर दोपहर : 12.16 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू (पिंटू से)- और सुना यार, बीवी से झगड़ा खत्म हुआ या नहीं?
पिंटू से- अबे घुटनों पर चलकर आई थी मेरे पास, घुटनों पर
चिंटू- क्या बात कर रहा है, सच में?
पिंटू - और नहीं तो क्या
चिंटू- फिर क्या बोली?
पिंटू - बोली बेड के नीचे से बाहर आ जाओ, पक्का अब नहीं मारुंगी!

मिंटू-सोनू जरा अपनी साइकिल देना।
पिंटू- नहीं, मैं नहीं दे रहा।
मिंटू-अगर मुझे साइकिल नहीं दोगे तो मेरा दिल खट्टा हो जाएगा
पिंटू-कोई बात नहीं चीनी खा लेना।

# पड़ोसियों के हमले में वृद्ध की मौत

## सुमेरपुर थाना क्षेत्र के बिरखेरा गांव की घटना, चार के खिलाफ नामजद रिपोर्ट

संवाददाता, सुमेरपुर

- दरवाजे से मिट्टी हटाने को लेकर शुरू हुआ विवाद
- आरोपियों की तलाश में जुटी सुमेरपुर थाने की पुलिस

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बिरखेरा गांव में सोमवार सुबह रिहायशी मकान के बाहर पड़ी मिट्टी हटाने के विवाद में सगे भाइयों ने एक वृद्ध को लाठियों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। इलाज के दौरान घायल की सदर अस्पताल में मौत हो गई। इस मामले में चार के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिरखेरा गांव निवासी राम पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके पिता गोपी पाल (85) सोमवार सुबह 6:30 बजे मकान के सामने पड़ी मिट्टी को हटाने के लिए पड़ोसी मूलचंद पाल से कहा था। इस बात से आगबबूला होकर मूलचंद पाल ने पिता के साथ गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर अपने भाई सदासुख, उदित और जयकरन के साथ मिलकर लाठियों से जमकर पीटा, जिससे वह अचेत होकर गिर गए। बचाने दौड़ी बहू तेजकुमारी को दौड़ाकर घर में घुसकर पीटा और भाग निकले।

घटना की सूचना यूपी 112 को दी गई। घटना की सूचना पाकर यूपी 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल गोपी पाल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान गोपी पाल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराया है। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए हैं। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### मारपीट करने और धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के रिठारी गांव दरवाजे में जाकर गालीगलौज, मारपीट करने पर पीड़ित ने एक आरोपी के खिलाफ मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र की रिठारी गांव निवासी दीपक पुत्र श्याम करण ने थाने में दी तहरीर में बताया कि रविवार को शाम 9 :00 बजे अपने दरवाजे की चबूतरा में बैठा था। तभी पड़ोस के भानु प्रताप पुत्र छोटा उर्फ रघुनंदन आकर अकारण गली गलौज करने लगा विरोध करने पर मारपीट करने लगा। शोर सुनकर पड़ोसियों के आ जाने पर गाली गलौज करता हुआ जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पैतृक भूमि पर दबंगों का कब्जा, डीएम से गुहार

**हमीरपुर।** मजदूर की पैतृक भूमि को दबंगों से कब्जामुक्त कराने की मांग को लेकर पीड़ित ने जिलाधिकारी की चौखट पहुंच न्याय की गुहार लगाई है। सिसोलर थाना क्षेत्र के भुलसी गांव निवासी छेदालाल ने ज्ञापन में बताया कि वह पूरे परिवार के साथ दिल्ली में रहकर मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है ।बीते दो माह पूर्व अपने गांव आया जहां उसका पैतृक घर बारिश के कारण गिर गया था। जिसका वह निर्माण कार्य करा रहा था तभी गांव के कुछ दबंग आए और निर्माणाधीन दीवार को तोड़ दिया। विरोध करने पर उक्त दबंगों ने महिलाओं सहित पूरे परिवार के साथ मारपीट व अभद्र व्यवहार करने पर आमदा हो गए। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस से शिकायत की। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर पीड़ित ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप न्याय की गुहार लगाई है।

## रिटायर दरोगा पर फर्जी बैनामा का आरोप

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा के एक किसान ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर गांव के एक सेवानिवृत्त दरोगा एवं उसकी पत्नी पर फर्जी ढंग से जमीन का बैनामा कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए बैनामा निरस्त करने की गुहार लगाई है।

टेढ़ा के किसान श्यामबाबू ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में कहा है कि सेवानिवृत्त दरोगा राम प्रकाश ने उसकी पुश्तैनी जमीन का फर्जी ढंग से दूसरे व्यक्ति को खड़ा करके पत्नी उषा देवी के नाम बैनामा करा लिया है। पीड़ित किसान का आरोप है उक्त बैनामा में उपनिबंधक सदर एवं उपनिबंधक लिपिक अनूप कुमार वर्मा तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं लेखपाल की मिली भगत है। जिन्होंने बगैर सत्यापन एवं फोटो मिलान किये दाखिल खारिज की रिपोर्ट लगाई है। पीड़ित किसान ने दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की करते हुए बैनामा निरस्त करने की गुहार लगाई है।

# लंबित मांगों पर मांगी कार्यवाही

संवाददाता, कुरारा

- बैठक के दौरान ग्राम विकास अधिकारियों ने जताया रोष
- जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन करने की मांग


बैठक करते ग्राम विकास व ग्राम पंचायत अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड सभागार में ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें लंबित मांगों पर कार्यवाही न होने पर दोनों में संगठनों के पदाधिकारियों ने रोष जताया।

विकासखंड सभागार में आयोजित बैठक अध्यक्षता ओम प्रकाश प्रजापति ने की। बैठक में कहा गया कि शासन की ओर से उनकी विभिन्न मांगों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। लंबित मांगों पर कार्रवाई अपेक्षित रहने से दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने रोष जताया। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर हर माह बैठक संबंधित कार्यालयाध्यक्षों द्वारा नियमित रूप से की जाए। कहा गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2024 के अंतर्गत वृहद जानकारी देने के लिए जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जाए। जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी व कर्मचारी सहयोग करें। योजना के तहत निर्धारित पैरामीटर के सापेक्ष मुख्य बिंदुओं जैसे केसीसी, दो से पांच एकड़ सिंचित, असिंचित, भूमि मालिक व उनकी आय, घरौनी आदि चार पहिया वाहन, आयकर, व्यापार कर से संबंधित ग्राम वार लाभान्वित लाभार्थियों की सूची संबंधित विभाग से प्रमाणित करवाकर उपलब्ध करवाई जाए। बैठक में राम स्वरूप ओमरे, नितेश कुमार सिंह चंदेल, दिलीप कुमार, नीरज कुमार, बलजीत, आनंद, जमाल, ब्रजेश आदि मौजूद रहे।

**एसडीएम ने नौनिहालों का कराया अन्नप्राशन:** खंड विकास कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय पोषण माह के चलते आंगनबाड़ी द्वारा नौनिहालों का अन्न प्रासन कराया गया। इस मौके पर एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे ने नौनिहालों को अपने हाथों से खीर खिलाई। इसी तरह से गर्भवती महिलाओं की भी गोद भराई गई। इस मौके पर बीडीओ, ब्लाक प्रमुख, बाल विकास अधिकारी, मुख्य सेविका समेत अनेक आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहीं।

# बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए रथयात्रा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर रथ यात्रा निकालते लोग। अमृत विचार

- बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा की ओर से निकली रथयात्रा
- शहर में भ्रमण करने के बाद महोबा रवाना हुई यात्रा

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा एवं बुंदेलखंड अधिकार मंच के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को मुख्यालय में रथयात्रा का आयोजन किया गया। रथ यात्रा नगर भ्रमण के बाद राठ महोबा के लिए रवाना हो गई।

बुंदेलखंड अधिकार मंच के संस्थापक अमित खंगार के नेतृत्व में बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल लोगों ने कसम राम की खाते हैं बुंदेलखंड राज्य बनवाएंगे एवं बुंदेलखंड तो लेंगे, लेंगे जैसे दोगे वैसे लेंगे के गगनभेदी नारों से उद्घोष लगाए। यात्रा कचहरी चौराहा से होते हुए महारानी लक्ष्मी बाई तिराहा में समाप्त हुई। जहां से राठ महोबा के लिए रवाना हुई।

संस्थापक अमित खंगार ने बताया है कि 2014 के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं उमा भारती ने बुंदेलियों से वादा किया था कि तीन साल के भीतर बुंदेलखंड राज्य बनाएंगे। लेकिन तीन साल की जगह 10 साल गुजर गए, लेकिन अभी तक बुंदेलखंड राज्य का निर्माण नहीं कराया गया। रथयात्रा के दौरान लोगों में अलग राज्य की मांग को लेकर उत्साह दिखा। रथ यात्रा में हरिमोहन पंचाल, लोकेन्द्र सिंह, सत्तू,सज्जन, जयकिशोर, अशोक नूरी, राजेंद्र, बउवा आदि दोनों ही संगठनों के बड़ी संख्या कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## बाइक सवार गिर कर हुए लहूलुहान

**मौदहा।** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दो की हालत चिंताजनक होने पर प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सुमेरपुर विकासखंड के गांव अतरइया डेरा निवासी मुंशी (28) पुत्र नेता व विनोद (25) पुत्र राम कृपाल तथा नरेंद्र (24) पुत्र चुन्नू बाद सोमवार को सुबह तीनों बाइक से अपने गांव से कबरई की ओर जा रहे थे। तभी मौदहा और नरायच गांव के बीच निरंकारी पेट्रोल पंप के पास बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक सहित सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गए। लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से सभी घायलों को कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां मुंशी और विनोद की हालत चिन्ता जनक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# संचारी रोग नियंत्रण को लेकर बैठक

संवाददाता, कुरारा


संचारी रोग नियंत्रण को लेकर सीएचसी में बैठक करते। अमृत विचार

- एक से 10 अक्टूबर तक चलाया जाएगा अभियान

**अमृत विचार।** स्थानीय सीएचसी में संचारी रोग नियंत्रण को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें विकास विभाग, पशुपालन विभाग, जल संस्थान, बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों ने प्रतिभा किया।

विकासखंड क्षेत्र के ग्रामीण स्थलों में संचारी रोग नियंत्रण के लिए, टीमों का गठन किया गया। जिसमें 1 से 10 अक्टूबर तक ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को संचारी रोग नियंत्रण के बारे में जागरूक करना और उनके रोकथाम के बारे में जानकारी दी जाएगी। वहीं 11 अक्टूबर से आशा व आंगनबाड़ी 31 अक्टूबर तक अपने-अपने गांव में संचारी रोग नियंत्रण के लिए काम करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में सीएचओ, आशा व आंगनबाड़ी कैंसर पीड़ित, बीपी असाध्य लोगों को रोगों के रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने के साथ स्लेट भी बनाएगी। नाइट सर्वे में विकासखंड क्षेत्र के दो ग्राम पंचायत बचरौली व कुसमरा को चिह्नित किया गया है।

यहां स्वास्थ्य टीमें जागरूक करेंगी और स्लेट भी बनाएगी। सीएचसी अधीक्षक सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि इन टीमों को जिला स्तर में 25 सितंबर को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। संचारी रोग नियंत्रण की बैठक में खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता, पशुपालन विभाग से राहुल कुमार, बाल विकास परियोजना से दीपक कुमार, जल संस्थान से राजेंद्र प्रसाद यादव ने प्रतिभाग किया। स्वास्थ्य विभाग से सुधीर कुमार, योगेंद्र यादव आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### शहर के साथ अब गांवों में भी बढ़ रहा डेंगू का प्रकोप

**हमीरपुर।** जिले में बुखार के साथ डेंगू का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। जिला अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में डेंगू बुखार के मरीज आ रहे हैं। गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया जा रहा है। अब तक जिले में डेंगू बुखार के मरीजों की संख्या 56 हो चुकी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्करा के प्रभारी डॉ .बृजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि इस समय अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में बुखार के मरीज आ रहे हैं। गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया जा रहा है। जिले में मौसम बदलने के साथ बुखार का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 150 से 200 बुखार के मरीज आ रहे हैं। उनकी जांच कराई जा रही हैं। कुछ मरीजों की प्लेटलेट्स भी कम आ रही हैं। उन्होंने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। रात्रि में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। नारियल पानी का सेवन करें।

# मजदूर ने नशे में निगल लिया जहर, थमीं सांसें

संवाददाता, मुस्करा


जगदीश।

**अमृत विचार।** कस्बे के एक मोहल्ले में रविवार रात अधेड़ मजदूर ने नशे में जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। सुबह पत्नी ने पति को मृत पड़ा देखा तो उसकी चीख निकल पड़ी।

कस्बे के छह थोक बिश्नोई पट्टी निवासी पानकुंवर पत्नी जगदीश अहिरवार ने बताया कि उसके दो पुत्र, एक पुत्री हैं। जिसमें एक पुत्र अविवाहित है। बताया कि बड़ा पुत्र दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है और छोटा पुत्र अपने मामा के यहां गया था। ससुर भी रिश्तेदारी में गए हैं। सास गुजर चुकी हैं। बताया रविवार रात वह दूसरे निर्माणाधीन मकान में थी। जबकि पति घर पर अकेले थे। बताया पति शराब पीने के आदि थे। बीती रात भी उन्होंने जमकर शराब पी रखी थी। तभी रात में शराब के नशे में उन्होंने जहरीला पदार्थ घोलकर पी लिया। जब वह सुबह करीब पांच बजे घर पहुंची तो उसने पति को मृत अवस्था में पड़ा देखा। जिस पर उसने चीत्कार मचाकर पड़ोसियों को जगाया।

वहीं पर पड़ोस में रहने वाले ग्राम प्रधान महेंद्र प्रताप अहिरवार ने बताया कि जगदीश (48) पुत्र काशी प्रसाद अहिरवार अपने पिता की इकलौती औलाद थी। पिता के नाम लगभग 20 बीघा जमीन है। जगदीश ईंट भट्ठों पर जाकर मेहनत मजदूरी का काम करता था। साथ ही वह शराब पीने का भी लती था। शराब के नशे में जगदीश ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके चलते उसकी मौत होना प्रतीत हो रही है। तो वहीं घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# जालौन में पकड़ा गया कार चालक

संवाददाता, राठ/सरीला

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने बताया पुलिस ने जालौन से चालक को पकड़ा है। कार भी बरामद कर ली गई है। ढाई वर्षीय बच्ची परी को बरामद कर लिया गया है। कानपुर के नयापुरवा निवासी कार चालक संजीव की निशानदेही पर महिला अमन के शव को जरिया थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है।


इस मामले में चार लोगों के खिलाफ अपहरण और हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। मौके पर फील्ड यूनिट टीम भेजी गई है। डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

थानाध्यक्ष भरत कुमार का कहना है कि सूरज यादव ने बताया कि जोल्हूपुर मोड़ से उरई की तरफ जैसे ही कार चली, तभी चालक के फूफा ने गमछे से उसका गला घोंटने का प्रयास किया तो वह चलती कार से कूद गया। आरोपी पत्नी व दोनों


घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार


घायल रामजी।


पुत्री परी।


अमन।

बच्चों को लेकर भागे तो उसने यूपी 112 को सूचना दी। इसके बाद वह पत्नी, बच्चों की तलाश में कानपुर वापस चला गया। सोशल मीडिया ग्रुप पर ढाई वर्षीय बेटी परी को औरैया में होने की जानकारी मिली तो वह पहुंचा। कार के राठ की तरफ आने की पुलिस को भनक लगी तो राठ, जरिया और चिकासी थाने की पुलिस भी खोजबीन में जुट गई। तब जरिया क्षेत्र में गोहांड कस्बे की आगे राठ-उरई मार्ग पर महिला का शव बरामद हुआ। 10 वर्षीय बेटा रामजी अचेत अवस्था में पड़ा मिला।

### बेटे की मन्नत पूरी करने जा रहे थे चित्रकूट

**कानपुर।** हमीरपुर के राठ में परिवार को कार में अगवा कर महिला की हत्या की खबर गुजैनी पहुंची तो पड़ोसी सन्न रह गए। सूरज यादव करीब 7 वर्षों से पत्नी अमन व एक बेटे रामजी व ढाई साल की बेटी के साथ किराए के मकान में रहते थे। बेटा पैदा होने की मन्नत पूरी करने वह चित्रकूट जा रहे थे। किरायेदारों ने बताया कि गोविंदनगर निवासी अरविंद पांडेय के गुजैनी स्थित दो मंजिला मकान में सूरज के आलावा तीन परिवार और रहते हैं। सूरज ने मकान मालिक अरविंद से कहकर भूतल के कमरे में त्रिभुवन उर्फ चाचा को रखवाया था। इसी मकान में प्राइवेट कर्मी मनोज पत्नी पूजा और तीन बच्चों के साथ रहते हैं। ऊपरी मंजिल पर प्रशांत, पत्नी सोनम और दो बच्चों के साथ रहते हैं। किरायेदार पूजा ने बताया कि अमन के बेटे रामजी का चार अक्टूबर को 11 वां जन्मदिन है। अमन बेटे का जन्मदिन मनाने की तैयारी कर रही थी। चित्रकूट से लौटकर जन्मदिन मनातीं।

# शिथिलता बरतने पर होगी कार्रवाई: डीएम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आवेदकों का द्वितीय स्तर पर सत्यापन के लिए जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। अतः इस योजना को अच्छे ढंग से धरातल पर क्रियान्वित किया जाए तथा अधिक से अधिक पात्र लोगों को इस योजना से लाभान्वित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत सभी कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करें। इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सही ढंग से प्रशिक्षण दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना का धरातल पर गंभीरता से क्रियान्वयन होना चाहिए। इसमें खानापूर्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में उपायुक्त उद्योग ने अवगत कराया कि योजना के अंतर्गत कुल 8148 आवेदन प्राप्त हुए है। जिनमें अब तक कुल 6661 आवेदकों का प्रथम स्तर पर सत्यापन हो चुका है। बैठक में सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम न्यायिक डॉ.नागेंद्र नाथ यादव, जीएमडीआईसी रवि वर्मा, सीएमओ डॉ.गीतम सिंह, डोमेन विशेषज्ञ बृजकिशोर गुप्ता, गणेश यादव व नरविंद सिंह तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

अनदेखी — दो साल पहले करोड़ों रुपये की लागत से बनकर हुई थी तैयार

# राठ की नवीन सब्जी मंडी बेमकसद साबित

संवाददाता, राठ


नवीन सब्जी मंडी के बाहर खड़े जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के गल्ला मंडी के पीछे बनी करोड़ों की लागत से निर्मित नवीन सब्जी मंडी में सब्जी फल की दुकानें न लगने से खाली पड़ी मंडी स्थल सफेद हाथी बनकर रह गया है। जिम्मेदार आंखे बंद कर बैठे हुए हैं।

करीब दो साल पहले सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर गल्ला मंडी के पीछे नई सब्जी एवं फल मंडी का निर्माण कराया था। जिसमें फल सब्जी आदि के थोक व फुटकर विक्रेता अपनी दुकानें लगाकर व्यवसाय को गति और ग्राहकों को कम कीमत पर सब्जी फल आदि की खरीददारी सुनिश्चित कर सकें। इस पहल के साथ ये नवीन मंडी स्थल का निर्माण सरकार द्वारा कराया गया था। लेकिन मंडी बनने के बाद भी विभागीय जिम्मेदारों की लापरवाही और उदासीनता से आज तक नवीन सब्जी मंडी चालू नहीं हो सकी।

राठ-उरई राजमार्ग के दोनों ओर सब्जी की दुकानें लगने से आए दिन जाम और दुर्घटनाएं होना आम बात है। विभागीय जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित नवीन सब्जी मंडी सफेद हाथी बनकर रह गई है। जहां सरकार आम जनमानस के लाभ और व्यापारियों के व्यवसाय को बढ़ावा देने के मकसद से ऐसी मंडियों को निर्मित कराकर भले चहुं ओर विकास कराने को प्रतिबद्ध हो लेकिन स्थानीय स्तर पर विभागीय जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नवीन सब्जी मंडी चालू न करा पाना विभागीय उदासीनता और जिम्मेदारों की निष्क्रियता पर सवाल खड़े कर रहा है। अपना दल एस के जिलाध्यक्ष महेंद्र राजपूत ने डीएम को भेजे गए पत्र में बताया कि वर्तमान में सब्जी मंडी उरई रोड पर लगती है। अति व्यस्त राजमार्ग होने के कारण आए दिन जाम लगना आम बात है। वहीं कई शिक्षण संस्थान भी इसी रोड पर है। जिससे स्कूली बच्चे आते जाते हैं। सब्जियों की दुकानें लगने से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। उन्होंने डीएम से नवीन सब्जी मंडी को चालू करवाने की मांग जनहित में की है।

## दादी के इशारे पर पोते पर हमला

**सुमेरपुर।** कस्बे में मोक्षधाम के समीप रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी मां बेटे और बहू पर प्राणघातक हमला कराने की तहरीर सौंपी है। थाना क्षेत्र के सुरौली बुजुर्ग के मूल निवासी मुकेश सिंह ने बताया कि उसका परिवार कस्बे के मोक्ष धाम के समीप रहता है। मां मुन्नी सिंह की तबियत खराब थी, जिसकी देखभाल के लिए पुत्र आकाश सिंह एवं बहू को भेजा था। रात में मां के इशारे पर लोगों ने पुत्र आकाश सिंह की गला रेतकर हत्या का प्रयास किया। पुत्र के गले में धारदार हथियार का गहरा घाव है। पीड़ित ने मां के खिलाफ तहरीर सौंपी है। पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि दादी पोते के मध्य विवाद हुआ है। जांच कराई जा रही है।

# शिविर में 451 मरीजों का इलाज

संवाददाता, सुमेरपुर


फीता काटकर स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत करते सांसद व विधायक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सेवा पखवाड़ा के तहत कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ राज्यसभा सदस्य एवं सदर विधायक ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 451 मरीजों का उपचार किया गया। सदर विधायक ने चिकित्सकों से मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी हासिल की।

सोमवार को कस्बे के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद एवं सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में कुल 451 मरीजों का उपचार किया गया।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.रामअवतार ने बताया कि यह शिविर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य शिविर के तहत आयोजित हुआ था। शिविर में डा.संजय कुमार, डा.पुष्पेंद्र कुमार, डा.तरुण पाल, डा.विन्देश वर्मा, डा.पंकज यादव, डा.परवेज अहमद कादरी, डा.शमा परवीन, डा.पुष्पांजलि वर्मा ने मौजूद रहकर मरीजों का उपचार किया। शिविर में 7 लोगों के आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। शिविर में कुल 451 मरीजों का उपचार करके निशुल्क दवा का वितरण कराया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, रोहित शिवहरे, रामदेव सिंह, अधिशासी अधिकारी दिनेश आर्य, महेश गुप्ता दीपू, नीलम बाजपेई, मीना यादव, श्याम धुरिया, उषा सिंह, अभिनव द्विवेदी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 2 बारातियों की हत्या के दोषियों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



● द्वारचार के दौरान हर्ष फायरिंग में गई थी दोनों की जान

**अमृत विचार।** बारात के द्वारचार के समय हर्ष फायरिंग करके दो बारातियों की जान लेने के दो दोषियों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक को 71-71 हजार का अर्थदंड भी दिया।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि रैपुरा थाने के उड़की माफी गांव के निवासी नत्थू प्रसाद यादव ने राजापुर थाने में चार मई 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इंटवा महुलिया गांव के निवासी हरिश्चंद्र के बेटे शंकर यादव की बारात तीन मई 2022 को राजापुर थाने के नोनागर अतरसुई गांव गई थी। बारात के साथ उसका बेटा रामकरण यादव भी गांव के अन्य लोगों के साथ द्वारचार के लिए कन्या पक्ष के दरवाजे पहुंचा था। नाच-गाने के दौरान बाराती पक्ष की ओर से आए महुलिया निवासी बबुली यादव ने अपनी रायफल और गोबरिया निवासी महेश यादव ने अपनी दोनाली बंदूक से हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान उसका बेटा रामकरन यादव, इंटवा महुलिया निवासी रामलखन यादव, महुलिया निवासी राममिलन यादव और मुन्ना पाल गोलियों की चपेट में आ गए। मौके पर ही रामकरन की मौत हो गई और अन्य घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान रामलखन की भी मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद रायफल और दोनाली बंदूक बरामद किए और दोनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया था। साथ विवेचना के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध हत्यारोपी बबुली यादव और महेश यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक को 71 हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया।

# किशोरी से दुराचार के 4 आरोपी हुए गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● 12 घंटे में गिरफ्तारी, आरोपियों में 3 मानिकपुर के

**अमृत विचार।** मझगवां (मप्र) थानांतर्गत क्षेत्र निवासी एक किशोरी से दुराचार के चारों आरोपियों को पुलिस ने 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया। इनमें से तीन युवक मानिकपुर निवासी हैं।

सिविल लाइंस सतना थाने में 21 सितंबर को एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 19 वर्षीया बेटी बाजार जाने के लिए निकली तो घर नहीं लौटी। बाद में अमदरा थाने से रात में पता चला कि किशोरी को ढूंढ लिया गया है। पुलिस टीम किशोरी को लेकर सतना पहुंची। उसने पुलिस को बताया कि वह 21 सितंबर को मां से पैसे लेकर बाजार गई थी। सतना रेलवे स्टेशन पर उसे गुड्डू उर्फ दिनेश गुप्ता पिता स्व. लखनलाल निवासी मानिकपुर मिला, जिसके साथ वह घूमने फिरने की मंशा से मानिकपुर चली गई। उसका आरोप है कि वहां गुड्डू ने अपने दो दोस्तों विक्की केशरवानी पुत्र अज्जू निवासी मानिकपुर और रज्जी निषाद पुत्र जौहरिया निवासी गांधीनगर मानिकपुर के साथ उससे दुराचार किया। इसके बाद गुड्डू उसे मैहर लिवा ले गया और वहां भी एक ढाबे में गलत काम किया। पीड़िता का आरोप है कि उसके साथ वहां रूपगंज मैहर निवासी अर्जुन पटेल पुत्र स्व. जगदेव पटेल ने भी दुराचार करने की कोशिश की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मैहर और मानिकपुर से सभी आरोपियों को दबोच लिया।

# वेंटीलेटर पर जिले की चिकित्सा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए सोमवार को व्यापारियों, समाजसेवियों, अधिवक्ताओं, सभासदों आदि ने प्रदर्शन किया। बाद में इन लोगों ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

विरोध प्रदर्शन की अगुवाई करने वालों में युवा व्यापारी विनोद केशरवानी प्रिंस, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक गुप्ता आदि शामिल रहे। इनका कहना था कि जिले में लंबे समय से मेडिकल कालेज की स्थापना प्रस्तावित है। पर इस संबंध में अभी तक कोई प्रक्रिया नहीं दिख रही। स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटीलेटर पर है। जिला चिकित्सालय का आधुनिकीकरण न किया जाना और विशेषज्ञ चिकित्सकों का




बदहाल चिकित्सा व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

अभाव है। ऐसे में समुचित स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए कदम उठाना आवश्यक है। ज्ञापन में मेडिकल कालेज की प्रक्रिया को जल्द से जल्द शुरू कराने, ट्रामा सेंटर की स्थापना, विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति, जिला चिकित्सालय का आधुनिकीकरण, यहां के कथित भ्रष्टाचार में लगाम लगाने, एमआरआई मशीन लगाने, खोह के मातृ एवं शिशु अस्पताल का संचालन पूर्ण रूप से कराने, सभी विभागों में चिकित्सकों, कर्मचारियों की तैनाती करने की मांग सीएम से की गई है। ज्ञापन में सभासद शुभम केशरवानी, कान्हा केशरवानी, राजेश सिंह, पवन कुमार बद्री, अनुज निगम, राहुल, दिनेश गुप्ता, शिवांक करवरिया, विष्णु गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष प्रभास महासभा लवलेश विराग, महासचिव साधना मिश्रा आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### महिला संबंधी मामलों पर त्वरित कार्रवाई करें

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में सोमवार को कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं महिला अपराधों की समीक्षा बैठक की। डीएम ने महिला संबंधी मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी ने थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि आर्म्स एक्ट के मामलों पर पुलिस की गवाही सुनिश्चित कराई जाए। बैठक में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम मऊ सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, सीओ सिटी राजकमल, राजापुर निष्ठा उपाध्याय, मऊ जयकरन सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेंद्र प्रताप सिंह, जिला शासकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### शिविर में खाद्य कारोबारियों ने कराया पंजीकरण

**चित्रकूट।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन चित्रकूट ने बीते दिन खाद्य अनुज्ञप्ति / पंजीकरण शिविर लगाया। इसमें खाद्य कारोबारियों के 85 पंजीकरण किए गए। तीन खाद्य लाइसेंस जारी किए गए। शिविर में इनको लाइसेंस की अनिवार्यता व खाद्य सुरक्षा के संबंध में बताया गया। आयोजन प्रियंका सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य) के निर्देशन में किया गया। पंकज कुमार मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार, विनय कुमार व प्रमोद कुमार सोनकर मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त लिपिक ने फिर लगाई न्याय की गुहार

**मऊ (चित्रकूट)।** पं. पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कालेज के सेवानिवृत्त वरिष्ठ सहायक नंदकिशोर मिश्र ने एक बार फिर सीएम को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। लिपिक का कहना है कि वह पहले भी डीआईओएस कार्यालय के खिलाफ शिकायती पत्र भेज चुका है पर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। मिश्र का आरोप है कि प्रधानाचार्य और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की साठगांठ से उसका उत्पीड़न हो रहा है। इस संबंध में वह 22 अगस्त को बिंदुवार शिकायत भेज चुका है पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसने सीएम से पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराकर न्याय की गुहार की है। पत्र की प्रतिलिपियां मुख्य सचिव, जिलाधिकारी, शिक्षा निदेशक, वित्त नियंत्रक, संयुक्त शिक्षा निदेशक, जिला संपरीक्षा अधिकारी और वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय को भी भेजी हैं।

# सर्किल दरों को पुनरीक्षित कर खरीदें किसानों की जमीन

## सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी से किया अनुरोध

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने सोमवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन से मिलकर जिले के सर्किल रेट का पुनरीक्षण कराने का अनुरोध किया। उन्होंने डीएम से कहा कि किसानों को मुआवजे में पुनरीक्षित दरों का लाभ दिलाया जाए। विधायक का कहना है कि पुरानी दरों से किसानों की जमीन खरीदे जाने से उनको नुकसान हो रहा है।

सपा विधायक ने डीएम को दिए पत्र में बताया कि मंडल के जिलों बांदा, महोबा एवं हमीरपुर में सर्किल रेट बाजार की दरों के अनुरूप कर दिए गए हैं। प्रत्येक दो वर्ष में सर्किल दरों का पुनरीक्षण करना और अगस्त तक प्रकाशन करना जिलाधिकारी का दायित्व और जिम्मेदारी है। पर इनको सात अगस्त 2020 से पुनरीक्षित नहीं किया गया। बताया कि मंडल के शेष तीनों जिलों में सन् 2020 की तुलना में 23 तक 33 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी की गई है। चित्रकूट में अगर इसी आधार पर दरों को पुनरीक्षित किया जाए तो 44 फीसदी तक की वृद्धि की संभावना है। जबकि पुरानी दरों के चार गुने पर किसानों से जमीन खरीदे जाने पर उनको बाजार मूल्य से काफी कम दाम मिलेंगे, जो न्यायोचित नहीं है। डीएम से अनुरोध किया कि मुआवजे में नई पुनरीक्षित दरें लागू कर उनका लाभ किसानों को दिया जाए।



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन को मांग पत्र सौंपते सदर विधायक अनिल प्रधान।

### महानिबंधक ने भी स्वीकारी बात

सदर विधायक ने डीएम को बताया कि उन्होंने इस संबंध में एक अगस्त को महानिबंधक को किसानों का पत्र दिया था। इसके 27 अगस्त को दिए प्रतिउत्तर मंन उन्होंने भी यह माना था कि पुनरीक्षण प्रक्रिया चल रही है। डीएम की संस्तुति के बाद प्रभावी हो पाएगी।

### जिलाधिकारी ने दिया आश्वासन

सदर विधायक ने बताया कि डीएम ने उनको आश्वस्त किया है कि वह इस संबंध में जल्द ही सभी तथ्यों का पता कर कार्रवाई करेंगे। विधायक ने कहा कि अगर जल्द ही प्रशासन किसानों के हित में यह कदम नहीं उठाता है तो वह इस मुद्दे को सदन में रखेंगे। आवश्यकता पड़ी तो पार्टी सड़क पर भी उतरेगी।

# कर्मचारी, अधिकारी नहीं तो आकांक्षी दर्जे का क्या फायदा

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

● रामनगर ब्लाक की व्यथा लगातार बदले जा रहे बीडीओ

**अमृत विचार।** रामनगर को आकांक्षी विकास खंड का दर्जा भले मिल गया हो लेकिन कर्मचारियों और अधिकारियों की कमी यह बताती है कि इसे लेकर जिम्मेदार कितने संजीदा हैं। ब्लाक के लोग कहते हैं कि जब ध्यान नहीं देना था तो इस दर्जे का क्या मतलब।

बीते कुछ समय के घटनाक्रम को देखें तो यही नजर आता है कि यहां को लेकर किस तरह जिम्मेदार चिंतित हैं। पहले बीडीओ का तबादला फिर नए बीडीओ ओमप्रकाश यादव की तैनाती और फिर लगभग दो माह बाद उनका तबादला फिर दिनेश मिश्रा की तैनाती और महज दो दिन बाद उनको मुख्यालय में संबद्ध करने के आदेश से आकांक्षी ब्लॉक रामनगर सुर्खियों में है। फिलहाल किसी नए बीडीओ के बारे में लोगों को जानकारी भी नहीं है। 12 कलस्टर के आधार पर 12 सचिवों की तैनाती होनी चाहिए लेकिन यहां नौ सचिव ही फिलहाल नियुक्त हैं। एडीओ पंचायत की अलग से तैनाती न होने से एक सचिव पर अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। बताते हैं कि रामनगर में एडीओ पंचायत के अतिरिक्त जिम्मेदारी के साथ सचिव को एक मामले में निलंबित कर दिया गया था, जिसको लेकर वे न्यायालय चले गए। न्यायालय ने उनका निलंबन आदेश ही निरस्त कर उन्हें बहाल करने के निर्देश दिए। सूत्र बताते हैं कि जिला पंचायत राज अधिकारी ने बहाल तो कर दिया पर उन्हें लगभग 20 दिन से डीपीआरओ कार्यालय में संबद्ध कर दिया गया है। यही हाल खंड विकास कार्यालय का भी है। यहां पर पर्याप्त लिपिकों की तैनाती न होने से निजी कर्मचारियों से काम कराने की बात सामने आ रही है। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष व ग्राम प्रधान हन्ना दीपक तिवारी आदि पूरी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाकर सवाल पूछते हैं कि केवल आकांक्षी ब्लॉक का दर्जा दे देने से ही रामनगर ब्लॉक के विकास का कामकाज परवान चढ़ जाएगा। ऐसा आकांक्षी विकास खंड दर्जा नहीं चाहिए जहां कर्मचारी- अधिकारी की किल्लत रहे और विकास कार्य बाधित रहें। जब जिला पंचायत राज अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने फोन पर बात करने से साफ इंकार कर दिया और कहा कि कार्यालय आएं, वहीं बैठकर बात करेंगे।



**महबुलिया :** बुंदेलखंड में पितृपक्ष के दिनों में बालिकाओं द्वारा महबुलिया पूजा की परंपरा है। ये समूह में फूल तोड़कर कांटों में इनको लगाकर गीत गाती हैं और फिर प्रसाद बांटती हैं। बाद में इन फूलों को नदी या तालाब में विसर्जित कर देती हैं। मुख्यालय से सटे कछारपुरवा में सोमवार को बच्चियां महबुलिया खेलती दिखीं।

## सार-संक्षेप

### न्यायालय परिसर में लगा चिकित्सा शिविर

**चित्रकूट।** जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा. दिलीप सिंह के निर्देशन में न्यायालय परिसर में सोमवार को आयुष आपके द्वार नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने होम्योपैथी के जनक डा. हैनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। जिला जज ने होम्योपैथी को पूरक और वैकल्पिक चिकित्सा बताया। कहा कि इसका मतलब यह है कि यह उन उपचारों से महत्वपूर्ण रूप से अलग है जो पारंपरिक पश्चिमी चिकित्सा का हिस्सा हैं। शिविर में कुल 198 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क औषधि वितरित की गई। इस मौके पर राममणि पाठक विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट, राजेंद्र प्रसाद भारतीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज (सी.डि.), मनोज कंचनी सचिव जिला अधिवक्ता संघ, हेमराज सिंह एडवोकेट, डा. राजेश कुमार, डा. शकुंतला पांडेय, बद्री प्रसाद वर्मा, शिवम शुक्ला, विनय सिंह, हीरालाल, रूपम चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।



शिविर की शुरुआत करते जिला जज विकास कुमार प्रथम।

# 27 सितंबर से 15 अक्टूबर तक होगी रामलीला

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

● प्राचीन रामलीला कमेटी का किया जाएगा पुनर्गठन

**अमृत विचार।** तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी की सोमवार को हुई बैठक में तय किया गया कि कमेटी का पुनर्गठन किया जाएगा। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि 27 सितंबर से 15 अक्टूबर तक रामलीला होगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि राजापुर से ही रामलीला का मंचन प्रारंभ हुआ था। संवत् 1633 में सर्वप्रथम काशी नरेश के यहां रामलीला हुई थी। गोस्वामी तुलसीदास ने राजापुर के तत्कालीन जमीदारों से मिलकर रामलीला का मंचन प्रारंभ कराया। तब से अनवरत् रामचरितमानस के आधार पर संपूर्ण लीला का मंचन 18 दिन तक लगातार किया जाता है। उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने मानस में रिश्तों का आदर्श स्वरूप प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर संरक्षक लक्ष्मी नारायण मिश्रा, प्रबंधक राजकुमार उपाध्याय, कार्यवाहक अध्यक्ष सोमनाथ अग्रवाल, सुनील मिश्रा, अनिल त्रिपाठी, शंकर दयाल जायसवाल, दीपक जायसवाल, मंटू गुप्ता, मन्नू लाल सोनी, अशोक द्विवेदी, अनिल मिश्रा, मोनू सोनकर, ओमप्रकाश प्रजापति, विकास अग्रहरि, गंगाधर पांडेय आदि मौजूद थे।



रामलीला मंचन के संबंध में बैठक करते समिति के लोग और अधिकारी। अमृत विचार

### मानव को सीख देती है मानस

संजीव मिश्रा ने कहा कि श्रीरामचरित मानस से लोगों को जीवन की सीख मिलती है। इनका अनुकरण कर यदि मानव जीवन चलने लगे तो कठिनाई व दुख नहीं हो सकता।

### प्रशासन करेगा पूरा सहयोग

उप जिलाधिकारी ने कहा कि रामलीला में तहसील प्रशासन द्वारा संपूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। सफाई के साथ प्रकाश की उत्तम व्यवस्था कराई जाएगी। नवरात्र में विशेषकर देवी पंडालों में भी शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल की व्यवस्था कराई जाएगी।



लखनऊ में उप मुख्यमंत्री से मिलते अनुज हनुमत। अमृत विचार

### मुख्यमंत्री को सौंपा समस्याओं का ज्ञापन

**चित्रकूट।** परहित सेवा संस्थान के प्रबंधक अनुज हनुमत ने लखनऊ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिलकर जिले की समस्याओं का ज्ञापन सौंपा। इसमें अनुज ने जिला चिकित्सालय की व्यवस्था दुरुस्त किए जाने, आपातकालीन सुविधाएं ठीक किए जाने, बरगढ क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, जिले में राजकीय मेडिकल कालेज की स्थापना और हृदय और कैंसर जैसे रोगों के प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल जिले में सेंटर की स्थापना की मांगें की हैं।



तरौंहा में हुई धनुष यज्ञ की लीला। अमृत विचार

### धनुष भंग होते ही लगे प्रभु श्रीराम के जयकारे

**चित्रकूट।** तरौंहा में रामलीला महोत्सव में रविवार रात धनुष यज्ञ लीला का मंचन देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। रावण और बाणासुर संग्राम के बाद भगवान श्रीराम के धनुष भंग करते ही जयकारे लगे और पटाखों की आवाज से वातावरण गुंजायमान हो उठा। मिथिला नरेश जनक की पुत्री सीता ने राम को जयमाला पहनाई। इस दौरान मंगल गीत व नृत्य की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। सातवें दिन की लीला का राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया, पूर्व नपा चेयरमैन नीलम करवरिया व कथा प्रवक्ता बदरी प्रपन्नाचार्य ने प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और धनुष की पूजा अर्चना से शुभारंभ किया। मंचन में दिखाया कि जनकपुर में विवाह की खुशियों के बीच राजा जनक ने घोषणा की कि जो शिवजी के धनुष को भंग करेगा, उसके साथ वैदेही का विवाह होगा। इस समारोह में बड़े-बड़े योद्धा, राजा, राजकुमार आए। गुरु विश्वामित्र के साथ श्रीराम और लक्ष्मण भी सभा में शामिल हुए। धनुष को उठाने के लिए बारी-बारी से आए तमाम बड़े योद्धा हार गए। गुरु आज्ञा पाकर प्रभु श्रीराम के स्पर्श करने मात्र से धनुष टूट गया। धनुष भंग होते ही पंडाल में जय श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। पटाखे दागे गए। सीता ने श्रीराम को वरमाला पहनाई। इस दौरान हास्य कलाकार की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को ठहाके लगाने को मजबूर कर दिया। पेटल नरेश के किरदार व नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

निर्देश — जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की समीक्षा भी की

# ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाएं अभियान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सोमवार को सीएम डैशबोर्ड, कर- करेतर, राजस्व वसूली की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की समीक्षा की और कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को विद्युत, बैंक, खनन व अन्य विभागों की वसूली को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। तहसीलदारों को भी वसूली पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि खनिज अधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के साथ चेकिंग करें और अवैध खनन व ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कराएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड में सभी बिंदुओं पर प्रगति कराएं। इसके अलावा बैठक में आईजीआरएस के निस्तारण पर भी डीएम ने हिदायत दी कि शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से समाधान कराएं। आख्या स्पष्ट होनी चाहिए। समस्याग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लें, स्थलीय सत्यापन भी करें। किसी विभाग का इस माह आईजीआरएस निस्तारण में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुआ और जनपद की रैंकिंग कम हुई तो संबंधित विभागों के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजेंगे।

उन्होंने मंडी समिति के जिम्मेदारों को खेत खलिहान दुर्घटना की लंबित पत्रावलियों के तत्काल निस्तारण और उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों को इनके सापेक्ष निस्तारण शत प्रतिशत कराने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम कर्वी पूजा साहू, मानिकपुर पंकज वर्मा, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ सौरभ यादव, मोहम्मद जसीम, डीसी राज्यकर विजय कुमार सोनी, एआईजी स्टांप श्यामसुंदर, डीएसओ आनंद कुमार सिंह, एआरटीओ विवेक शुक्ला, एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, ईओ कर्वी लालजी, मानिकपुर भारत सिंह, मऊ/राजापुर बीके गौतम आदि मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

# संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** एक विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मायके वालों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यालय निवासी पूनम (27) की बीते दिन संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस में मायकेवालों ने बताया कि रविवार की रात उसके पति अरविंद ने फोन करके बताया था कि पूनम की गिरने से जान चली गई। इस पर वे लोग पहुंचे और मामले को संदिग्ध पाया। बताया गया कि पूनम की पहली शादी बदौसा में हुई थी और उसकी प्रताड़ना की वजह से वह मायके में रहने लगी थी। बाद में उसने सीतापुर निवासी अरविंद से तीन साल पहले कोर्ट मैरिज की थी। मायके वालों का आरोप है कि शादी के बाद अरविंद भी पूनम को परेशान करता था। ऐसे में आशंका है कि उसने ही पूनम को मार डाला है।

इस संबंध में पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। आरोपी से पूछतांछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पत्नी से विवाद में खाया जहर

**भरतकूप (चित्रकूट)।** थानांतर्गत सुदिनपुर में सोमवार को पत्नी से विवाद के बाद एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिला अस्पताल से उसे प्रयागराज रिफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, सीताराम (35) का किसी बात को लेकर पत्नी से झगड़ा हो गया। इस पर उसने जान देने की कोशिश की। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्रयागराज रेफर कर दिया गया।

# किशोरी को ट्यूबवेल ले जाकर किया दुष्कर्म

## थाना कबरई का मामला, आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● विद्युत विभाग में संविदा पर लाइनमैन है आरोपी

**अमृत विचार।** थाना कबरई के एक गांव में घर से किशोरी को एक ट्यूबवेल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पीड़िता ने घर लौटकर अपने साथ घटी घटना की जानकारी परिजनों को दी। मां ने बेटी के साथ थाना कबरई में जाकर विद्युत विभाग के संविदाकर्मी के खिलाफ पास्को अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना कबरई के एक गांव निवासी किशोरी घर पर सो रही थी तभी ग्राम परसाहा निवासी अर्जुन कुशवाहा ने किशोरी को रात में फोन कर बाहर बुलाया। युवक के फोन करने पर किशोरी बाहर आई तभी युवक किशोरी को अपने साथ गांव के एक ट्यूबवेल पर ले गया, जहां पर उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और किसी से कहने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। इधर किशोरी के गायब होने पर परिजन परेशान हो गए और उसकी तलाश में जुट गए। थोड़ी देर बाद किशोरी घर आ गई। परिजनों के पूछने पर किशोरी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी।

किशोरी के साथ थाना कबरई पहुंची मां ने अर्जुन कुशवाहा के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया। पीड़िता की मां ने बताया कि आरोपी बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन है। गांव में आएदिन बिजली लाइन ठीक करने आता था, जहां पर उसने बेटी से जान पहचान बना ली और फोन से बातचीत करने लगा। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# कुल्हाड़ी और डंडों से पीटकर किया घायल

कार्यालय संवाददाता, महोबा



**अमृत विचार।** कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम लाड़पुर में दबंगों ने एक ग्रामीण पर लाठी डंडों और कुल्हाड़ी से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। कुल्हाड़ी के प्रहार से पीड़ित के सिर पर दस सेमी लम्बा और चार सेमी गहरा घाव है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्यान की गुहार लगाई तो कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम लाड़पुर निवासी रामस्वरुप विश्वकर्मा का गांव के ही लोगों से विवाद हो गया। जिससे नाराज होकर दबंगों ने रामस्वरूप को घेरकर उस पर लाठी डंडों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। चीख पुकार सुनकर गांव के लोग पहुंचे और किसी तरह बीच बचाव कर खून से लथपथ हालत में पडे रामस्वरुप को सीएचसी कुलपहाड़ पहुंचाया, जहां पर उसका डाक्टरी परीक्षण किया गया। शिकायत के बाद भी कोतवाली पुलिस ने दबंगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, उल्टा दोनों पार्टियों को जेल भेजे जाने की चेतावनी दी। इससे नाराज पीड़ित रामस्वरुप विश्वकर्मा ने एसपी से मुलाकात कर घटना से अवगत कराया। इसके बाद कोतवाली कुलपहाड़ में एसपी के आदेश पर दबंगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# सचिव बोले, अपात्रों को पात्र बता रहे प्रधान

संवाददाता पनवाड़ी महोबा



खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते सचिव। अमृत विचार

● ग्राम सचिवों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा

**अमृत विचार।** विकासखंड पनवाड़ी में कार्यरत समस्त ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास प्लस-2 का पात्र लाभार्थियों का स्थलीय सत्यापन शासन के निर्देश पर किया गया। सत्यापन के दौरान अपात्र एवं पात्र के लिए निर्धारित मानक के आधार पर सत्यापन कर लाभार्थियों के चयन का कार्य किया जा रहा है जिससे अपात्रों को इसका लाभ न मिल सके। सचिवों द्वारा सत्यापन के दौरान प्रधानों की बात न मानने पर सचिवों और ग्राम प्रधान आमने सामने आ गए हैं। सचिवों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा।

इस कार्य में ग्राम प्रधानों द्वारा बड़े पैमाने पर अपात्र लाभार्थियों के चयन का दबाव प्रधानों द्वारा बनाया जा रहा है, जिससे ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम प्रधानों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। जहां प्रधान अपने चहेतों को आवास दिलाने के लिए पैरवी कर रहे हैं, वहीं ग्राम पंचायत सचिव अपनी नौकरी बचाने के चक्कर में दबाव को दरकिनार कर पात्रों का चयन कर रहे हैं। प्रधानों के मनमाफिक कार्य न करने पर ग्राम प्रधान संगठन के माध्यम से सचिवों के स्थानांतरण करने की बात कह रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम धवार में तैनात सचिव ओम तिवारी का भी है। सचिव पर दबाव बनाया जा रहा है, जिससे शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। प्रधानों की इस तानाशाही से नाराज सचिवों ने ज्ञापन सौंपा है।

# प्रभु ने माता यशोदा को 24 अवतारों के कराए थे दर्शन

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** नगर के श्रीश्री 1008 किशोरजी महाराज परिसर में चल रही संगीतमय भागवत कथा में वृंदावन से पधारे महाराज द्वारा श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता और रास पंचाधयायी की कथा का विस्तार से वर्णन किया साथ ही श्रद्धालुओं को कन्हा की बाल लीलाओं का रसपान भी कराया। कथावाचक द्वारा सुनाई जा रही श्रीमद् भागवत कथा में कस्बे के अलावा आसपास के ग्रामों के ग्रामीण भी बढ़चढ़ कर पहुंच रहे हैं। कथा में मां बाघबिराजन धाम मां पीतांबरा, मां अन्नपूर्णा, मंदिर के पुजारी पंडित नरेंद्र दुबे महाराज, अमित चतुर्वेदी ने वेदमंत्रों का पाठ किया।

कथावाचक पंडित कृष्णा जी महाराज ने प्रभु श्रीकृष्ण की बाल लीलाओ का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु कृष्ण ने यशोदा मैया को एक अवतार में 24 अवतारों के दर्शन कराए हैं। नंद यशोदा के अनेक जन्मों की साधना से कन्हा उन्हें पुत्र रूप में प्राप्त हुए। प्रभु ने ब्रज में इंद्र की पूजा रखवा कर गोवर्धन पर्वत की पूजा कराई इसमें प्रभु ने संदेश दिया है कि पर्वत तालाब वृक्ष यह हमारे साक्षात प्रभु हैं इनकी पूजा व संरक्षण करना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा में युगल भक्ति पथ व हरकिशोर जू महाराज परिवार बेलाताल के सदस्य चौधरी मैथिली शरण अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, बबलू अग्रवाल, जागेश्वर प्रसाद सोनी, कंचन, सुधीर सोनी, शिक्षक महेंद्र गुप्ता, बृजेश विश्वारी आदि मौजूद रहे।

# गलियों और मार्गों को चमकाया

स्वच्छता पखवाड़ा

कार्यालय संवाददाता, महोबा



सफाई और एंटी लार्वा का छिड़काव करते सफाईकर्मी। अमृत विचार

● नगर पालिका के ईओ के निर्देश पर शहर में चलाया जा रहा सफाई अभियान

**अमृत विचार।** जिले में स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जगह-जगह सफाई कर्मचारियों की टीमें लगाकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नियमित साफ सफाई होने व दवा का छिड़काव कराने से लोगों को मच्छरों के प्रकोप से भी निजात मिल सकेगी, जिसके मद्देनजर शहर के अलावा अन्य कस्बों में भी सफाई अभियान प्राथमिकता से चलाया जा रहा है।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सोमवार को शहर के मोहल्ला भटीपुरा में जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने सफाई कर्मचारियों की दो टीमों को लगाकर सफाई अभियान चलाया। सफाई कर्मचारियों को सफाई निरीक्षक रामसेवक और भूपेंद्र की मौजूगी में शहर के विभिन्न वार्डों में भेजा गया, जहां पर सफाई कर्मचारियों ने मार्गों और गलियों की सफाई की साथ ही जगह जगह लगे कूड़े के ढेरों को उठाकर ट्रैक्टर में भर कर वार्डों को साफ सुथरा कराया। एक तरफ वहीं सफाई कर्मचारियों की टीम साफ सफाई करने में लगी रही, वहीं कुछ सफाई कर्मचारी नाले और नालियो की सफाई में लगे रहे। दूसरी तरफ कर्मचारी एंटी लारवा तथा दवाओं का छिड़काव करते रहे।

# बाजार से हटाया गया अतिक्रमण

**कुलपहाड़ महोबा।** नगर पंचायत कुलपहाड़ के अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार के निर्देशन पर नगर पंचायत कर्मी नंदकिशोर कुशवाहा देवेंद्र लटौरिया ने व्यापार मंडल अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी और पुलिस की उपस्थिति में वाशरूम, गल्ला मंडी, मेडिकल चौराहा मुख्य बाजार में पटरी दुकानदार, ठिलिया व सब्जी दुकानदारों को अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत हटाया गया।

काफी समय से बाजार में अतिक्रमण के कारण लोगों को आवागमन में समस्या थी। इस पर अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार द्वारा बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया है। जिससे तमाम छोटे-छोटे दुकानदार बेरोजगार हो गए पलका प्रशासन की इस कार्रवाई से बेरोजगार हुए लोगों में खासा गुस्सा है।

# बैंक खाता की केवाईसी करें अपडेट, योजना का लें लाभ

कार्यालय संवाददाता महोबा

● अब समाज कल्याण विभाग करेगा राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का सत्यापन

**अमृत विचार।** समाज कल्याण विभाग के शासनादेश के अनुसार राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के लिए आवेदन, स्वीकृति और वितरण इंटरनेट आधारित प्रणाली के माध्यम से किया जाना है, जिसके लिए उपजिलाधिकारी द्वारा नामित सत्यापनकर्ता अधिकारी, कर्मचारी (लेखपाल) के स्थान पर ग्राम विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए तथा नगरी क्षेत्रों के लिए सुपरवाइजर समाज कल्याण को नामित किया गया है। उक्त जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी महोबा हर्षवर्धन नायक ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि सभी आवेदकों को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के आवेदन करने से पूर्व अपने बैंक खाता की केवाईसी, सीडिंग आदि आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करा लें और बैंक खाते को चालू रखें। कहा कि आवेदनकर्ता यह भी सुनिश्चित कर लें कि आनलाइन आवेदन करने के बाद फाइनल सबमिट हो गया है तथा उसका फाइनल प्रिंट निकाल लिया गया हो। बताया कि आवेदक पोस्ट आफिस में खाता खुलवा सकते हैं, क्योंकि पोस्ट आफिस में खुले खातों का पीएफएमएस रिस्पांस आने में कोई समस्या नहीं होती है।



संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक करते जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप व अन्य। अमृत विचार

# 27 सितंबर तक बना लें माइक्रो प्लान

संवाददाता, बांदा

● संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालन को लेकर हुई बैठक

● 11 से 31 अक्टूबर तक चलेगा दस्तक अभियान

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार एक से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित किए जाने को अंतर विभागीय विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अंतर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित किए जाने को 27 सितंबर तक माइक्रो प्लान तैयार कर प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराये l उन्होंने आकांछी ब्लाको में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिएl, उन्होंने तथा 24 से 27 सितंबर तक ब्लॉक स्तर पर नोडल अध्यापकों का संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित किए जाने के निर्देश दिए l उन्होंने 26 व 27 सितंबर तक ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों एवं ग्राम विकास अधिकारियों की खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में संवेदीकरण बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। कहा कि 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाये दस्तक अभियान में आशा एवं आंगनबाडी कार्यकत्री प्रत्येक घर पर क्षय रोग व अन्य बीमारियों के रोगियों के विषय में भी जानकारी प्राप्त करेंगी। कार्यकत्री जिले में प्रत्येक घर पर कुष्ठरोग तथा फाइलेरिया एवं कालाजार रोगों से प्रभावित लक्षणों वाले किसी व्यक्ति की सूचना प्राप्त होने पर सम्पूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर डिजिटल अपलोड करेंगी। उन्होंने कहा कि जनपद में सघन वेक्टर नियंत्रण तथा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता रखना आवश्यक है। मलेरिया विभाग एवं जिला पंचायत राज विभाग क्षेत्रवार योजना के अनुसार मच्छर जनित रोगों के नियंत्रण को दवा का छिड़काव व अन्य आवश्यक कार्य सम्पादित करें।

उन्होंने कहा कि जिन घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो अथवा मच्छरों का सामान्य से अधिक प्रजनन हुआ हो, उन्हें चिह्नित कर संबंधित विभागों के अधिकारी रोग संचरण अवधि में रोगों के अनियंत्रित नियंत्रण को सघन रूप से कार्य करें।

### स्वास्थ्य विभाग होगा नोडल

- जिलाधिकारी ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद, ब्लाक तथा पंचायत/ग्राम स्तरों पर विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाकर नोडल विभाग का कार्य करेंगे। रोगियों के नि :शुल्क परिवहन को रोगी वाहन की व्यवस्था की जाए। नगर विकास विभाग जल जनित रोगों की रोकथाम तथा साफ-सफाई के सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कार्य करेंगे। नगरीय क्षेत्र में मोहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों के विषय में जागरूकता लायी जाए। पेयजल श्रोतों/संसाधनों से शौचालयों की दूरी के उपाय तथा शौचालय से पेयजल प्रदूषित न हो इसके लिए आवश्यक उपाय किये जायें। जलाशयों एवं नालियों की नियमित सफाई तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा फंड से एन्टीलारवल छिडकॉव की व्यवस्था करायी जाए। मच्छरों के प्रजनन की समस्याओं को रोकने के लिए गड्ढों का जलभराव रोका जाए। जल निकासी एवं साफ-सफाई तथा ग्राम स्तर पर कचरा निस्तारण एवं प्रबन्धन व्यवस्था पर ध्यान दिया जाए।

### कुपोषित बच्चों को चिह्नित कर वितरित कराएं पुष्टाहार

- बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा बी.एच.एस.एन.डी. की बैठक कराने के साथ कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण एवं पोषाहार वितरण किया जाए तथा समस्त कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखते हुए आवश्यकता होने पर आवश्यक इलाज की व्यवस्था की जाए। दिव्यांग बच्चों की सुविधाओं की व्यवस्था के लिए दिव्यांग कल्याण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में वेक्टर जनित रोंगो छात्रों को रोगों से बचाव, पर्यावरणीय स्वच्छता रखने, स्वच्छ पानी पीने, खुले में शौंच न करने व हाथों को धुलने हेतु जागरूक किया जाए। इस अभियान में उन्होंने सम्बन्धित विभागों को भी अपना सहयोग कर संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान में सहयोग करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य जिलाधिकारी वित्त राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल कुमार सहित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध शराब समेत 2 आरोपी गिरफ्तार

**कालपी** । स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अलग- अलग स्थानों से पुलिस ने 10 -10 लीटर से भरी अवैध शराब समेत दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। उप निरीक्षक जगन्नाथ सिंह आरोपी शिवराज सिंह को 10 लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ा। इसी प्रकार उप निरीक्षक रामजी ने सरनाम सिंह को भी 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया।

# बाइक सवार घायल

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** थाना क्षेत्र के किटहाई निवासी 30 वर्षीय युवक विकास मिश्र अचानक राष्ट्रीय राजमार्ग-35 पर गोवंश आने से गिरकर घायल हो गया। सोमवार सुबह वह मोटरसाइकिल से तहसील कार्यालय मऊ किसी काम से जा रहा था कि मऊ थाना क्षेत्र के कटिया गांव के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। घायल युवक को राहगीरों ने तत्काल सीएचसी मऊ में भर्ती कराया।

# दस बड़े बकायेदारों से की जाए वसूली : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**अमृत विचार ।** जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्टाम्प देयकों, आबकारी, व्यापार कर, परिवहन, खनन आदि के कर-करेत्तर की वसूली तथा विद्युत देयकों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य के सापेक्ष करों की वसूली में तेजी लाएं। साथ ही विभागीय प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रतिमाह करों की वसूली कराये जाने को भी निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारियों को लंबित आरसी की वसूली के संबंध में सम्बन्धित विभागों के सहयोग से मिलान कराकर वसूली करायी जाए। व्यापार कर, विद्युत देयकों की वसूली कम पाये जाने पर प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाये जाने के साथ लक्ष्य के अनुरूप करों की वसूली किये जाने के निर्देश सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिये। विविध देयकों, भू-राजस्व व अन्य देयकों लघु सिंचाई, सिंचाई विभाग के करों की वसूली की समीक्षा की। वसूली लक्ष्य के अनुरूप किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने 10 बडे बकायेदारों से धनराशि की वसूली किये जाने के सम्बन्ध में तेजी लाकर वसूली करने के निर्देश दिये। नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में निर्धारित करों की वसूली लक्ष्य के अनुरूप तेज गति से करें।

## सार-संक्षेप



शांति समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

### त्योहार पर शांति बनाए रखने का आह्वान

**कालपी।** उप जिलाधिकारी सुनील कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. देवेन्द्र पचौरी तथा कोतवाली प्रभारी नागेन्द्र पाठक की उपस्थिति में कोतवाली कालपी सभागार में आगामी नवदुर्गा त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने उपस्थिति लोगों से कहा कि जहां-जहां देवी प्रतिमा स्थापित की जाती हैं वहां संचालक पांच बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दें। जिनमें सीसीटीवी, अग्नि बुझाने के यंत्र बालू आदि तथा पंडाल में निकलने के लिए दो द्वार रखें। किसका टेंट है, किसका डीजे है इसकी सूचना भी दें। इसी तरह अन्य सुविधाओं से सारी व्यवस्थाएं चाकचौबद बनाकर पूजा अर्चना करें। देवी पंडालों में कोई भी अनावश्यक समस्या आती है तो वह संचालक ही जिम्मेदार होंगे। कहा त्योहारों को देखते हुए किसी भी शरारतीतत्वों ने त्योहार को बिगड़ने की कोशिश की तो उसे बक्शा नहीं जाएगा। सीओ डॉ देवेंद्र कुमार पचौरी ने मौजूद लोगों से कहा नगर में मंदिर से लेकर देवी स्थापित पंडालों में सुरक्षा बल तैनात कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक ने मौजूद भक्तगणों को आश्वासन देते हुए कहा कि मंदिर से लेकर देवी प्रथम के पंडालों तक पुलिस महिला, पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। साथ ही पुलिस मंदिर तथा स्थापित देवी पंडालों में भ्रमण करके सारी व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहेंगे। यदि किसी भी शरारतीतत्व ने पर्व को बिगाड़ने की कोशिश की तो कानून का डंडा चलेगा।

सेवा पखवाड़ा | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

# मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर दीं दवाएं



फीता काटकर शिविर की शुरुआत करते विधायक राकेश गोस्वामी।



शिविर में उमड़ी भीड़। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** सेवा पखवाड़ा के तहत सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान स्वास्थ्य शिविर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख चरखार सीमा कुशवाहा थीं। शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का डाक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया।

स्वास्थ्य शिविर के मौके पर पहुंची डाक्टरों की टीम ने पहले लोगों का रजिस्ट्रेशन किया, इसके बाद एक-एक करके उपस्थित रजिस्टर्ड मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं दी। स्वास्थ्य शिविर में सुबह से ही लोग पहले नंबर पाने के लिए पहुंच गए। कुछ लोग सुबह आठ बजे से शिविर स्थल धूप और गर्मी से बचने के लिए पहुंचकर पंजीयन कराया। इसके बाद डाक्टरों से चैकअप कराने के बाद निशुल्क दवा प्राप्त की। शिविर के मौके पर जहां मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, वहीं दूसरी तरह तमाम लोगों के आयुषमान कार्ड वितरित किए गए।

### जांच और दवा लेने उमड़े लोग

- **कबरई।** सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जहां पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर डा. विभा पुरवार, जिला उपाध्यक्ष मयंक तिवारी, मंडल प्रभारी सुखलाल, मंडल अध्यक्ष हुकुम सिंह सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वास्थ्य परिक्षण के लिए लोगों की सुबह से भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद लोगों को नि :शुल्क दवा भी वितरित की गई।

# शतरंज को बढ़ावा देने की समिति में शामिल हुए राकेश कुमार

**महोबा।** शतरंज को स्कूली स्तर पर अभियान के रूप में शामिल कर बढ़ावा देने के लिए यूपी चैस स्पोर्ट्स एसोसिएशन की कानपुर में आयोजित 19वीं वार्षिक बैठक में चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया, जिसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल को भी शामिल किया गया है।



राकेश कुमार।

शतरंज स्कूल अभियान के लिए गठित चार सदस्यीय समिति की घोषणा करते हुए यूपी चैस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव व एआईएसएफ के उपाध्यक्ष एके रायजादा ने बताया कि इस समिति में महोबा के राकेश कुमार अग्रवाल, नोएडा के अतुल निगम, शाहजहांपुर के विपिन अग्निहोत्री व बलिया से उमेश सिंह को शामिल किया गया है। संविधान निर्माण समिति एवं शतरंज को पूरे प्रदेश में बढ़ावा देंगे।

# सड़क हादसे में 3 की मौत, 1 घायल

## मजदूरी करने को घर से निकले थे युवक, लोगों ने चौराहे पर लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** नरैनी करतल मुख्य मार्ग पर सोमवार सुबह तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार चार युवकों को टक्कर मार कर कुचल दिया। अस्पताल में तीन युवकों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना से आहत परिजनों व ग्रामीणों ने शवों को मुख्य चौराहे में रखकर जाम लगा दिया। पुलिस ने एक घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुलवा कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा भेजा।

जानकारी के मुताबिक मोहनपुर (खलारी) गांव निवासी विजय बहादुर (26) पुत्र कमतू अपने छोटे भाई रामबाबू (22) के साथ घर से सुबह करीब 6 बजे बाइक से निकला था। दोनों भाई पड़ोसी गांव धोबिन पुरवा (पुकारी) पहुंचे और यहां से प्रभुदयाल उर्फ पोली (30) बोंगा और बउआ उर्फ मनोज (24) पुत्र श्रीपाल को अपने साथ बाइक में बैठा लिया और लकड़ी काटने की मजदूरी करने के लिए अतर्रा जाने के लिए निकल पड़े। नरैनी करतल मुख्य मार्ग पर सुबह लगभग 8 बजे लहुरेटा गांव के आगे और जमवारा गांव के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। इससे बाइक चला रहे रामबाबू टक्कर लगते ही छिटक कर सड़क की बायीं पटरी पर गिर गया, जबकि अन्य तीनों युवक ट्रक के पहियों के नीचे आकर कुचल गए। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने कोतवाली पुलिस और एम्बुलेंस को फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी राममोहन राय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और चारों युवकों को एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। यहां चिकित्सक डा. धरम पाल प्रजापति ने विजय बहादुर, पोली उर्फ प्रभु दयाल और बउआ उर्फ मनोज को मृत घोषित कर दिया। घायल रामबाबू को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



सड़क हादसे के बाद जाम लगाए लोग। अमृत विचार

### एक घंटे बाद खुला जाम

घटना की सूचना मिलते ही तीनों मृतकों के परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने कहा कि जिलाधिकारी को मौके पर बुलाया जाए और दुर्घटना करने वाले चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। जब इनकी मांग नहीं सुनी गईं तो आक्रोशित होकर परिजन और ग्रामीण अस्पताल से शवों को उठाकर मुख्य चौराहे पर ले गए और सड़क पर शव रखकर रोड जाम कर दिया। क्षेत्राधिकारी अम्बुजा त्रिवेदी, तहसीलदार संतोष कुमार मौके पर पहुंचे और आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। तब लगभग एक घंटे बाद जाम खुला। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज भी मौके पर पहुंचे। कोतवाली प्रभारी राममोहन राय ने बताया कि बाइक चालक ने एक ट्रक को ओवर टेक कर जैसे ही आगे बढ़ा सामने से डंपर आ गया, जिससे बाइक चालक युवक संभाल नहीं पाया और सामने से आ रहे डंपर की चपेट में आ गया। बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रक और चालक की तलाश की जा रही हैं।

# मवई व महोखर में विकसित होगी आवासीय योजना

**बांदा।** मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नये शहर प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत जिले के ग्राम मवई बुजुर्ग एवं महोखर में 34.946 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 79 करोड़ रुपये की लागत की आवासीय योजना विकसित होगी। बांदा विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किये जाने के संबंध में सचिव आवास विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन बलकार सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी एवं उपाध्यक्ष बांदा विकास प्राधिकरण नगेंद्र प्रताप तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में इस प्रस्तावित योजना को आवास विकास विभाग द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है। योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत धनराशि सीड कैपिटल के रूप में उपलब्ध कराए जाने के क्रम में प्रथम किस्त के रूप में 20 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। बताया है कि शीघ्र ही इस योजना को मूर्त रूप प्रदान किया जाएगा।

# बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, उरई




- जोल्हूपुर-हमीरपुर हाईवे पर हुआ हादसा, 3 लोग हुए घायल
- आटा थाना क्षेत्र के चमारी नाला के पास अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर

**अमृत विचार।** जोल्हूपुर हमीरपुर हाईवे पर बीती रात बाइकों में भिड़ंत हो गई। इसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि बालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

कदौरा की ओर आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार शहजाद उर्फ शीबू पुत्र सगीर निवासी बमहौरी ने आगे चल रही बाईक सवार वीर सिंह निवासी परौसा व रहीस खान 30 वर्षीय पुत्र अनवार खान की बाईक मंल जोरदार टक्कर मार दी। जिनमें दोनों बाइकों पर सवार 4 वर्षीय बालक सहित चार लोग घायल हो गये। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई और राहगीरों ने सभी घायलों को उठाकर उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां पर बच्चे व रहीस खान निवासी कदौरा की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रहीस खान को डॉक्टरों ने झांसी रेफर कर दिया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि मृतक पल्लेदारी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक की पत्नी बीमार रहती है और उसके चार बच्चे है।

### ट्रैक्टर में दबने से चालक की चली गई जान

**उरई।** आटा थाना क्षेत्र में हाईवे पर ट्रैक्टर चमारी नाला के पास अनियंत्रित होकर पलट गया और दबकर चालक की मौत हो गई। शहर के मुहल्ला पटेल नगर ढड़ेश्वरी मंदिर के पीछे निवासी अशोक कुमार 44 वर्ष राधा पैलेस गेस्ट हाउस में काम करने के साथ-साथ उसके मालिक के अन्य काम भी देखता था। जब वह ट्रैक्टर ट्राली लेकर कानपुर देहात में भूसा व चोकर लेने गया था और वह रात के समय ही वापस लौट रहा था। तभी सोमवार की सुबह चमारी नाला के पास हाईवे पर ढलान होने के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, और चालक उसी में दब गया। हादसा देखकर राहगीरों ने आटा थाना व संकट मोचन चौकी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजय सिंह फोर्स के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने ट्रैक्टर के नीचे दबे चालक अशोक कुमार को बाहर निकाला और एंबुलेंस से इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां पर उसकी मौत हो गई। इस दौरान मौके पर मौजूद संकट मोचन चौकी इंचार्ज रामवीर सिंह ने उसकी जेब से मिले मोबाइल व कागजातों के आधार पर उसकी पहचान की और खबर उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए।

# 421 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी की अध्यक्षता में निशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 421 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 28 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में चिकित्सालय के परिसर में आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए भाजपा की जिला अध्यक्षा उर्विजा दीक्षित ने कहा कि सरकार के द्वारा जनता के हितों के लिए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।जिसमें आयुष्मान कार्ड से उपचार करने पर मरीज को लाभ हासिल होता है। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, डा अरुण मेहरोत्रा,विधायक प्रतिनिधि आशीष चतुर्वेदी, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव,संजीव उपाध्याय आदि ने शिविर की खूबियां बताते हुए कहा कि जनता को स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए जागरूक होना चाहिए। कार्यक्रम में अतुल गुप्ता सिंटू, भारत सिंह यादव ,अमित पांडे, अरविंद राठौर, धर्मेन्द्र पाल,मुन्ना चौधरी, , राकेश यादव,ब्रह्म सिंह यादव, रमेश तिवारी मयंक श्रीवास अवधेश तिवारी, राज योगिनी रजनी पाल, कुमकुम सिंह ,सलीम अंसारी आदि उपस्थित रहे।




स्वास्थ्य शिविर में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

# स्वच्छता अभियान के बाद चमक गया बड़ी देवी मंदिर

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** अतर्रा नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपाइयों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंडल अध्यक्ष ज्ञान प्रताप की अगुवाई में नगर के बड़ी देवी मंदिर चूड़ी गली प्रांगण पर सफाई की गई।

इस अवसर पर अतर्रा मंडल अध्यक्ष भाजपा ज्ञान प्रताप सिंह ने कहा कि आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आए इस उद्देश्य से भाजपाइयों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा हैं। अभियान में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ता एक साथ शामिल होते हैं। सोमवार को नगर की बड़ी देवी मंदिर चूड़ी गली में साफ सफाई की गई है। इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता,वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक शिव मोहन गुप्ता,पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वारिका लखेरा,मण्डल महामंत्री रमेश शर्मा,दीनदयाल द्विवेदी,मंडल मण्डल उपाध्यक्ष भारत सिंह, मंडल मंत्री विष्णु देव तिवारी, चतुर सिंह, शिवनरेश कुशवाहा,मण्डल कोषाध्यक्ष चुन्नुराम सैनी, सोशल मीडिया सहसंयोजक पवन सोनी,पूर्व मंडल उपाध्यक्ष पुष्पा कुरील जिला मंत्री महिला मोर्चा सुनीता गुप्ता,शक्ति केंद्र संयोजक हेमंत द्विवेदी, प्रभारी राजेश गुप्ता, मधुकर पाण्डे, राहुल गौतम,पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बद्री प्रसाद प्रजापति सहित एक दर्जन भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवकों के दो गुटों में मारपीट, हवाई फायरिंग भी हुई

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के नगर में वर्चस्व को लेकर युवकों के दो गुटों में जमकर मारपीट के बाद हवाई फायरिंग शुरू की। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। शहर कोतवाली क्षेत्र के राठ रोड स्थित मोहल्ला इंदिरा नगर में वर्चस्व को लेकर युवकों के दो गुट आमने-सामने आ गए। जिनमें हुई मामूली कहासुनी के बाद जमकर मारपीट शुरू हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची, तब तक युवक मौके से फरार हो चुके थे। फिलहाल पुलिस ने मामले की जानकारी ली और घटना की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।




जिला अस्पताल में बच्चियों को सम्मानित करते समाजसेवी संजय गुप्त।

# नवजात बेटियों के पैरों की छाप लेकर किया सम्मानित

संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** स्थानीय जिला महिला अस्पताल में रविवार शाम सामाजिक संस्था प्रभु आइए के सहयोग से वरिष्ठ पत्रकार संजय गुप्त ने अपने पिता स्व. रमेश चंद्र गुप्त की 92वीं जयंती पर संस्था के प्रमुख रोहित विनायक के साथ नवजात बेटियों के पैरों की छाप लेकर उनका सम्मान किया। इस दौरान उन्हें एक छोटा कंबल, एक सूट, दो, दो लंगोटिया तथा सम्मान पत्र भेंट किया।



दशहरा मेला की तैयारियों पर चर्चा करते पदाधिकारी। अमृत विचार

# कालपी में 40 फीट ऊंचे पुतले का होगा दहन

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** 12 अक्टूबर को दशहरा पर्व के अवसर पर्व पर दशहरा मेला एवं रावण वध की तैयारियों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव की उपस्थिति में श्रीसेवा समिति के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई।

स्थानीय नगर से मोहल्ला राम चबूतरा स्थित श्रीसेवा समिति जूनियर हाई स्कूल कालपी के परिसर में प्रमुख समाजसेवी डॉक्टर नरेश मैहर की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका शिक्षण कालपी के अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि दशहरा में मेले को धूमधाम से आयोजित करने के लिए पालिका परिषद के द्वारा उचित प्रबंध किये जाएंगे। संयोजक जय खत्री ने बताया कि दशहरा मेला ग्राउंड एम एस वी इंटर कॉलेज मैदान में 40 फीट ऊंचा रावण के हाईटेक पुतले को बनाया जाएगा। निर्धारित मुहूर्त रावण के पुतले का दहन होगा।

# बुजुर्गों के अनुभव से लेनी चाहिए प्रेरणा

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** समाज के बुजुर्गों का सम्मान किया जाना निश्चित ही प्रेरणादायक है। उनके अनुभवों से प्रेरणा लेकर अगर अपने कार्य करेंगे तो निश्चित ही सफलता हाथ लगेगी। यह बात स्वर्णकार समाज बैठक में देवेश स्वर्णकार ने व्यक्त की। इस दौरान स्वर्णकार समाज के 18 बुजुर्गों को सम्मानित किया गया।

स्वर्णकार युवा विकास समिति के तत्वावधान में स्वर्णकार समाज की एक बैठक स्थानीय गेस्ट हाउस में शंभू दयाल स्वर्णकार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें तहसील अध्यक्ष कपिल सोनी ने कहा कि समाज के हित में वह सदैव तत्पर हैं। समाज के युवाओं को आगे बढ़ाने में हमेशा उनका सहयोग रहेगा। इस दौरान उन्होंने तहसील स्तरीय कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए चन्द्रशेखर सोनी को उपाध्यक्ष, आशीष सोनी गधेला महासचिव, अवधेश सोनी छानी आय व्यय निरीक्षक एवं गौरव सोनी को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। कार्यक्रम में समाज के बुजुर्ग समाजसेवी शंभु दयाल, हरीबाबा गोटीराम सोनी, शिवपाल, मुन्नीलाल, रामप्रकाश, सुरेश सोनी, बद्री, मुरारी लाल, लल्लू ठेकेदार, हरीश सोनी, उमाचरण, जगदीश, रामबिहारी, शिवदास, रमेश, राधेश्याम, बृजकिशोर, ज्योतिलाल का माल्यार्पण कर व राम नाम का गमछा ओढ़ाकर एवं सुदंरकांड की पुस्तक भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देवेश स्वर्णकार ने कहा कि बुजुर्ग हमारी प्रेरणा हैं। हमें उनके अनुभवों से सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर आशीष सोनी, ऋषि सोनी, राजकुमार सोनी, अन्नू, गोलू सोनी, गौरव सोनी, दिनेश सोनी, नरेश सोनी, अनिल सोनी, अंजुल सोनी, मनीष सोनी, कल्लू सोनी, शिवम सोनी, सागर सोनी, रोहित सोनी, मोहित सोनी आदि मौजूद रहे।



सम्मान समारोह में मौजूद बुजुर्ग। अमृत विचार

- स्वर्णकार युवा विकास समिति के तत्वावधान में हुआ सम्मान समारोह

# स्वच्छता अभियान चलाकर की सफाई

**जालौन।** पतंगेश्वर मंदिर में सेवा पखवाड़ा के अंर्तगत स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई। इस दौरान सफाई के फायदे भी बताए गए। नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर पतंगेश्वर मंदिर सेवा पखवाड़ा के अंर्तगत स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें मंदिर परिसर और आसपास साफ सफाई की गई। मुख्य अतिथि वाचस्पति मिश्रा व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने कहा कि ग्रंथों में भी है जहां साफ सफाई होती है वहां देवता वास करते हैं। पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल याज्ञिक व नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत ने कहा कि वैसे भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो साफ सफाई से रहने से बीमारियां फैलाने की आशंका कम होती है। इसलिए सभी को चाहिए कि एक दिन नहीं बल्कि हर दिन साफ सफाई रखें। अपने आसपास तो स्वच्छता रखें ही साथ ही आस पड़ोस में भी स्वच्छता का ध्यान रखें। यदि बाहर जाएं तो स्वयं गंदगी न फैलाएं बल्कि जहां गंदगी फेंकने के लिए निश्चत पात्र हो वहीं अपशिष्ट पदार्थ फेंके। इस मौके पर महामंत्री कुंवर सिंह यादव, प्रदीप सक्सेना, डॉ. भूपेंद्र, सभासद अन्नू शर्मा, विवेक, प्रदुम्न द्विवेदी, वरुण निगम, यादवेंद्र सिंह, आलोक भदौरिया, अनुज शाक्य, संजय सेंगर आदि मौजूद थे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद- राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1209 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 12/09/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सोहेल पुत्र मु0 नसीम | श्री भोलानाथ पुत्र छिद्दू | फरसौलियाना –2 | 11 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1196 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 12/09/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती पूनम सिंह पत्नी दीपक सिंह | श्री तौहीद खान पुत्र सुल्तान खान | जुल्हैटी–1 | 15 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

मुआवजे की मांग

मुआवजे की मांग | सपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

# बाढ़ से फसलें बर्बाद हो गईं, शीघ्र दिलाएं मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अतुल कुमार को सौंपते हुए बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा दिलाने की मांग की। सपाइयों ने कहा कि यमुना व बेतवा नदियों में आई बाढ़ से कई लोगों के मकान ढह गए और काफी नुकसान हुआ है। जिसे देखते हुए पीड़ितों को मुआवजा दिया जाए।

बता दे कि सपा के जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर की अगुवाई में दर्जनों सपाइयो ने डीएम राजेश कुमार पाण्डेय को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अतुल कुमार को कई सूत्री ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर सांसद नारायणदास अहिरवार, पूर्व मंत्री दयाशंकर बर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष बीरपाल दादी, प्रांतीय नेता प्रदीप दीक्षित, चंद्रशेखर मौखारी, इमरान उल्ला, सुनील पाल, जब्बार शाह, राजू अहिरवार, मुन्ना अंसारी, संजू सिकरी, कुसुमलता सक्सेना, गुड्डी पटेल, रेखा परिहार सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

कालपी संवाददाता के अनुसार समाजवादी पार्टी के कालपी विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष विजय कुशवाहा व नगर अध्यक्ष अजीत सिंह के नेतृत्व में सोमवार को समाजवादियों ने बाढ़ पीड़ितों के मुवावजे की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी कालपी सुशील कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से विधानसभा अध्यक्ष विजय कुशवाहा , नगर अध्यक्ष अजीत सिंह यादव, वरिष्ठ नेता जैनुलाबदीन , अमर सिंह चंदेल , कल्लू सिंह काशीखेड़ा , हरमोहन सिंह, शिवबालक सिंह, हाजी अजहर बेग , साकिर अली , रमेश रैला, रामरूप मास्टर साहब, कृष्ण गोपाल ठेकेदार, सज्जन महाराज, राजकुमार बाल्मीक ,शिवालाल वर्मा, नफीस मुल्ला जी, कलीम गुड्डन, उबैश पठान, शमसाद कुरैसी, इरफान कुरैसी, यूनुस खान, मोहन लाल पाल, एड जयवीर यादव, जगदेव , बबलू कुशवाहा प्रधान, चंद्रपाल मामा, दयाशंकर पाल आदि मौजूद रहे ।



ज्ञापन देने जाते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जालौन।** बारिश और नदियों में आई बाढ़ के चलते तहसील क्षेत्र के 186 गांवों में काफी नुकसान हुआ है। तहसील क्षेत्र में जहां सैंकड़ों की संख्या में कच्चे घर गिरे तो हजारों बीघा फसल जलमग्न हो गई। लोगों को हुई परेशानी को लेकर पूर्व सांसद श्रीराम पाल, सपा नगर अध्यक्ष गौरीश द्विवेदी के नेतृत्व में दीपू त्रिपाठी, चंद्रप्रकाश, सुरेश राव, हरिश्चंद्र यादव, नारायण सिंह, इकबाल मंसूरी, जाकिर सिद्दीकी, गजेंद्र सिंह कुशवाहा, बबलू बाबा, दीपक पाथरे, महाते यादव, प्रियांश सोनी, इमरान राईन, प्रदुम्न यादव, रजनीश गोस्वामी, युवराज सिंह, रश्मि आदि ने एसडीएम विनय मौर्य को ज्ञापन सौंपकर मांग मुआवजे की मांग की।

**प्रारूप सं0 – 14**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 देखिये)**

**मु.अ.से. 148/2024**

**धारा 363, 376 IPC व 4(2) पाक्सो एक्ट**

**थाना– कोतवाली नगर, हमीरपुर**

**बनाम**

**संजय पुत्र सूरजपाल, नि: महना पीएस ललौली, जिला– फतेहपुर**

आज मेरे समक्ष परिवाद किया गया कि (नाम वर्णन) संजय पुत्र सूरजपाल (पता) ग्राम महना, थाना– ललौली, जनपद– फतेहपुर में भारतीय दण्ड संहिता की धारा...363, 376 IPC व 4(2) पाक्सो एक्ट के आधीन दण्डनीय होने का अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है,

कि उक्त (नाम) संजय मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान पर रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि (उक्त नाम) संजय फरार हो गया है या (उक्त वारण्ट की तामीला से बचने के लिए अपने को छिपा रहा है)।

.इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि (पता) ग्राम महना, थाना– ललौली जिला फतेहपुर के (उक्त नाम) संजय से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए (स्थान) में तारीख 3.0. दिवस को हाजिर है

दिनाँक – 12/09/2024

**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, हमीरपुर।**

**कार्यालय नगर पंचायत – कुरारा, हमीरपुर**

पत्रांक– मेमो/न0पं0कु0 / नोटिस /2023–24/ दिनांक 20.09.204

सूचना

विषय नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत नोटिस।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित भवनों का स्वामित्व परिवर्तन एवं नये भवनों पर गृहकर लगाये जाने हेतु प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में विचाराधीन है जिस पर किसी को कोई आपत्ति हो तो वह प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति कार्यालय में जमा कर दें बाद म्याद किसी भी आपत्ति पर कोई विचार न करके एकतरफा कार्यवाही कर असेसमेन्ट रजिस्टर हाउस टैक्स ने अभ्यासी के अन्तर्गत नाम परिवर्तन कर दिया जायेगा।

| क्रम सं0 | गृह सं/वार्ड सं0 | वह नाम जो गृहकर सूची में दर्ज है/विकेता है | वह नाम जो गृहकर सूची में दर्ज किया जाना है | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | नया भवन/वार्ड सं0 09 | बृजभान सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह | तारिक खान पुत्र नत्थू खान | बैनमानुसार |
| 2. | नया भवन/वार्ड सं0 09 | ओम प्रकाश पुत्र सीता राम | नितिन सोनी पुत्र ओमप्रकाश | रजि0 दानपत्र |
| 3 | नया भवन/वार्ड सं0 06 | विनय कुमार पुत्र बाबू सिंह | राजेन्द्र पुत्र समकरन व मीना पत्नी स्व0 राजू | बैनमानुसार |
| 4 | भवन सं0 9 वार्ड सं0 07 | शिवदयाल पुत्र दयाराम | गोविन्द नारायण भगवानदीन पुत्र स्व राजाराम | बैनमानुसार |
| 5 | भवन सं0 28 वार्ड सं0 03 का जुज भाग | लल्लू प्रसाद गुप्ता पुत्र बदी प्रसाद व सचिन कुमार, नितिन कुमार पुत्रगण सीताराम गुप्ता | गया प्रसाद गुप्ता पुत्र शिब्बूलाल गुप्ता व प्रेमाकान्ती पत्नी गयाप्रसाद | बैनमानुसार |
| 6 | भवन सं0 28 वार्ड सं0 03 का जुज भाग | गयाप्रसाद गुप्ता पुत्र बदी प्रसाद व विद्या देवी पत्नी केशव प्रसाद | विपिन कुमार गुप्ता नितिन कुमार गुप्ता पुत्रगण गया प्रसाद | बैनमानुसार |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर**

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2625-2650 आर. आर .21. 2725-2750 गेहूंफारम 2850-2900 जौ 2300-2400 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7300-7400 अरहर 8500-9000 मसूर 5500-5600 मटर 3600-3700 उड़दहरा 11500-12000 उड़दकाला 7500-8500 मूंग 7500-8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15400-15500 अरहरस्पेशल 12100-12200 चनादाल 8950-9000 मटरदाल 4400-4450 मसूरमलका 7100-7150 मसूरदाल 7300-7350 उड़ददाल 9000- 13800 उड़द धोवा 10000- 12800 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01. 10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000-8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1500-1600 मैदा 1600-1630 सूजी 1620-1650 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1500-1530 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900-6000 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11000- 11500 मूंगफली दाना शिवपुरी 9400- 11200 बटाली 8800-11200 सेहुआं 4000-4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 14700-14800 अलसी 12200-12300 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1960-1973 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 5150-5200 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1985-1984 मयूर 1985-1984 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौर लड्डू 4900-4950 देशी भेली 4600-4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4150-4180 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
| --- | --- |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 89850 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 76300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56850-57050 |

# वॉयस-इंटरनेट दरों में 95% की कमी: सिंधिया

## दूरसंचार विभाग के चार समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवाओं का लक्ष्य संचार मंत्री ने बताया

नई दिल्ली, एजेंसी



- मंत्रालय के 100 दिनों की उपलब्धियों पर बोले- 117 करोड़ मोबाइल धारकों की संख्या
- 2014 में कॉल की दरें 54 पैसे प्रति मिनट थी जो 2024 में घटकर 3.5 पैसे प्रति मिनट है
- 2014 में इंटरनेट की दरें 287 रुपये प्रति जीबी थी जो 2024 में घटकर 8.75 रुपये प्रति जीबी है

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दूरसंचार विभाग के 4 समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवाएं देने का लक्ष्य बताते हुए सोमवार को कहा कि कॉल ड्राप में धीरे-धीरे सुधार करने की दूरसंचार विभाग द्वारा तैयारी की गई है। सिंधिया ने अपने मंत्रालय के 100 दिनों की उपलब्धियों पर कहा कि अभी देश में 117 करोड़ मोबाइलधारकों की संख्या है। एक दशक पहले 2014 में देश में छह करोड़ इंटरनेट के कनेक्शन थे जो अभी बढ़कर 95 करोड़ हो गया है। इसी तरह से ब्रॉडबैंड कनेक्शन की संख्या भी छह करोड़ से बढ़कर 94 करोड़ हो गयी है।

उन्होंने कहा कि 2014 में कॉल की दरें 54 पैसे प्रति मिनट थी जो 2024 में 94 प्रतिशत घटकर औसतन 3.5 पैसे प्रति मिनट है। 2014 में इंटरनेट की दरें 287 रुपये प्रति जीबी थी जो 2024 में 95 प्रतिशत घटकर 8.75 रुपये प्रति जीबी है। इस तरह से कॉल और इंटरनेट दरों में 95 प्रतिशत की कमी आई है। मंत्री ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी पर काबू पाने के उद्देश्य से संचार साथी पोर्टल के माध्यम से निगरानी की जा रही है कार्रवाई के तहत 15 सितंबर तक 2.3 लाख से अधिक मोबाइल फोन को ब्लॉक किया गया है।

साथ ही 3.50 लाख हैकर को ब्लॉक किया गया है और साथ एक करोड़ मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिये गये हैं। कॉल ड्रॉप पर सिंधिया ने कहा कि इसके तहत चरणबद्ध काम करने की योजना बनायी गयी है। शुरूआत में तिमाही स्तर पर कॉल ड्राप निगरानी की समीक्षा की जा रही है और आगे चलकर इसको मासिक करने की योजना है। साथ ही प्रति टावर भी इसकी समीक्षा की जायेगी। इसको इस तरह से काबू पाने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि दूरसंचार विभाग चार स्तंभ समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवा देने के लक्ष्य के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में 6.5 लाख गांव में से 36621 गांव में दूरसंचार सेवाओं को पहुंचाना है जिसमें से 100 दिनों में 9500 गांवों में यह सेवा पहुंची है। 7200 से अधिक टावर लगाए गए हैं। गावों में सेवायें पहुंचाने के लिए 27600 से अधिक टावर लगाये जाने हैं। बीएसएनएल के लिए 4 जी की तैयारी जोरों से जारी है। इसके लिए 4 जी स्टैक लगाने का काम चल रहा है।

# रत्न-आभूषण निर्यात 18.79% घटा

मुंबई, एजेंसी

सुस्त वैश्विक मांग से अगस्त में भारत का रत्न और आभूषण निर्यात 18.79घटकर 2.01 अरब डॉलर रहा है। रत्न आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों से जानकारी मिली है। अगस्त, 2023 के दौरान रत्न एवं आभूषण निर्यात 2.47 अरब डॉलर रहा था।

जीजेईपीसी ने कहा कि समीक्षाधीन महीने के दौरान निर्यात जुलाई से बेहतर रहा, जब यह 1.66 अरब डॉलर का रहा था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने बताया कि अगस्त में तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का निर्यात 26% घटकर एक अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले वर्ष यह 1.36 अरब डॉलर रहा था। समीक्षाधीन महीने के दौरान सोने के आभूषणों का निर्यात भी 1.15% घटकर 68 करोड़ 76.9 लाख डॉलर का रह गया। कामा ज्वेलरी के प्रबंध निदेशक, कॉलिन शाह ने कहा कि वैश्विक बाजार परिदृश्य की तुलना में घरेलू स्तर पर रत्न और आभूषण क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। सीमा शुल्क में कटौती के बाद सोने की कीमत में आई कमी खरीदारों तक पहुंचेगी, जिससे अंततः बिक्री बढ़ेगी।

### सोना 600 रुपये चढ़ा, चांदी में 1,000 की गिरावट

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच देश के सर्राफा बाजार में सोने का भाव सोमवार को 600 रुपये चढ़कर 76,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। सूत्रों ने स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी का श्रेय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग को दिया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की कमजोर मांग से सात दिन की तेजी का क्रम टूट गया और चांदी 1,000 रुपये गिरकर 90,000 रुपये प्रति किलो रह गई। पिछले सत्र में यह 91,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

# प्याज की कीमतों पर नियंत्रण को बफर स्टॉक से बढ़ी बिक्री

- केंद्र ने दिल्ली और अन्य शहरों के बाजारों में भंडार से प्याज निकालना कर दिया शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने निर्यात शुल्क हटाने के बाद खुदरा कीमतों में आए उछाल के मद्देनजर थोक बाजारों में बफर स्टॉक से बिक्री बढ़ाकर प्याज की कीमतों पर अंकुश लगाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को कहा कि केंद्र ने दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों के थोक बाजारों में अपने बफर स्टॉक (भंडार) से प्याज निकालना शुरू कर दिया है। सरकार की योजना पूरे देश में सब्सिडी वाले प्याज की खुदरा बिक्री की है। खरे ने कहा कि निर्यात शुल्क हटाने के बाद हमें कीमतों में उछाल का अनुमान था। हमारे 4.7 लाख टन के बफर स्टॉक और खरीफ की बुवाई के बढ़े हुए रकबे के साथ हमें उम्मीद है कि प्याज की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी। सरकार समूचे भारत में 35 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर प्याज की खुदरा बिक्री बढ़ाने की योजना बना रही है।

## मोटर इंश्योरेंस क्लेम के लिए एक आसान गाइड

# वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो कैसे पाएं क्लेम



आज लोगों के बड़ी संख्या में निजी वाहन खरीदने से मोटर इंश्योरेंस सबसे प्रचलित बीमा उत्पाद बन गया है। परिणामस्वरूप हर साल सबसे ज्यादा क्लेम भी होते हैं, लेकिन हममें से अधिकांश लोग अपना पहला मोटर क्लेम करते समय कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करते हैं। लेकिन मोटर इंश्योरेंस के प्रकार, क्लेम से पहले और बाद की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी हो तो मुश्किलें खत्म हो जाती हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में...

**क्लेम के प्रकार-** मोटर इंश्योरेंस के क्लेम आमतौर पर दो श्रेणियों में होते हैं - कैशलेस और रीइम्बर्समेंट क्लेम।

**कैशलेस क्लेम :** इसके तहत अगर आपके वाहन को कोई नुकसान पहुंचता है, जिसे मरम्मत की जरूरत हो तो आपको आगे बढ़कर कोई खर्च नहीं करना पड़ता। बीमा प्रदाता सीधे अपने नेटवर्क गेराज को वाहन की मरम्मत के लिए खर्चों का भुगतान करता है। आप यानी ग्राहक केवल मूल्यह्रास (डेप्रिसिएशन) और डिडक्टेबल लागू होने पर उसका भुगतान करते हैं। मूल्यह्रास का प्रतिशत वाहन की आयु और भाग के अनुसार अलग-अलग होता है।

**रीइम्बर्समेंट क्लेम :** इसके तहत अगर आपके वाहन को कोई भी नुकसान होता है, तो आप किसी भी गेराज में अपने वाहन की मरम्मत करवा सकते हैं। आपको मरम्मत की लागत का भुगतान करना होगा और बीमा प्रदाता से रीइम्बर्समेंट (प्रतिपूर्ति) के लिए अप्लाई करना होगा। सुनिश्चित करें कि आप वर्कशॉप से मरम्मत से संबंधित सभी रसीदें और बिल ले लें। बीमा प्रदाता क्लेम संबंधी दस्तावेजों और बिलों को सत्यापित करने के बाद आपको भुगतान करेगा।

### तीन तरह के क्लेम

**थर्ड पार्टी (टीपी) :** भारत में थर्ड पार्टी कवर कानूनन अनिवार्य है। टीपी का उद्देश्य है आपके वाहन द्वारा किसी थर्ड पार्टी को हुए नुकसान के मुआवजे की स्थिति में आपको कानूनी दायित्वों के लिए कवरेज प्रदान करना। टीपी सेक्शन आपको या आपके वाहन को कोई कवर प्रदान नहीं करता। टीपी सेक्शन में एक थर्ड पार्टी जिसे आपके वाहन से चोट लगी हो, संपत्ति को नुकसान हुआ हो या मृत्यु हो गई हो, मुआवजे के लिए क्लेम कर सकता है। मृत्यु या चोट के मामले में मुआवजे पर कोई सीमा नहीं होती और मुआवजे की राशि कोर्ट द्वारा निर्धारित की जाती है। अगर आप दुर्घटना में थर्ड पार्टी हैं, तो आपको तुरंत एफआईआर दर्ज करवानी चाहिए और वाहन के मालिक से उनके टीपी इंश्योरेंस के विवरण लेने चाहिए।

**ओन डैमेज (ओडी) :** दुर्घटना में आपके वाहन को हानि पहुंचने पर ओडी क्लेम लागू हो जाता है। पहला कदम है पुलिस और अपने बीमा प्रदाता को सूचित करना। पुलिस और बीमा प्रदाता की सहमति के बिना अपने वाहन को दुर्घटना स्थल से न हटाएं। दुर्घटना स्थल से वाहन को हटाने की सहमति मिलने के बाद आप अपने वाहन को मरम्मत के लिए ले जा सकते हैं और बीमा प्रदाता कैशलेस या रीइम्बर्समेंट के आधार पर भुगतान करेगा।

**चोरी :** अगर आपका वाहन चोरी हो जाता है तो आपको पुलिस में एफआईआर दर्ज करवानी होगी और बीमा प्रदाता व आरटीओ को चोरी के बारे में सूचित करना होगा। आपको बीमा प्रदाता के पास एफआईआर, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट आदि की एक कॉपी जमा करवानी होगी। पुलिस इस मामले की जांच करेगी, लेकिन अगर आपका वाहन 90 दिनों के भीतर नहीं मिलता, तो पुलिस एक "नो ट्रेस रिपोर्ट" जारी करेगी। चोरी के मामले में क्लेम सेटलमेंट के लिए नो ट्रेस रिपोर्ट अनिवार्य होती है।



### डिजिटल क्लेम प्रक्रिया

बीमा उद्योग तेजी से डिजिटलीकरण की ओर बढ़ रहा है और समय पर क्लेम सेटलमेंट करने के लिए नए उपायों का उपयोग कर रहा है। क्लेम सेटलमेंट में ऐसा एक नया इनोवेशन है ऑन द स्पॉट सेटलमेंट। यह बीमा प्रदाता के एप या वेबसाइट के माध्यम से किया जाता है। बीमित व्यक्ति को केवल अपने वाहन को हुए नुकसान की कुछ फोटो क्लिक करके बीमा प्रदाता के एप या पोर्टल पर उन्हें अपलोड करना होगा। बीमा प्रदाता उन फोटो और अपने डेटा एनालिटिक्स टूल का उपयोग करके क्लेम राशि निर्धारित करते हैं। स्वीकार किए जाने पर क्लेम 20 मिनट के अंदर मिल जाता है।

टीए रामलिंगम
(चीफ टेक्निकल ऑफिसर, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस)

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### तृणमूल विधायक, डॉक्टर से सीबीआई की पूछताछ

**कोलकाता।** पिछले महीने यहां आरजी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की सीबीआई जांच के सिलसिले में सोमवार को तृणमूल कांग्रेस विधायक निर्मल घोष से केंद्रीय एजेंसी की पूछताछ जारी है। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल के फॉरेंसिक विभाग में डॉक्टर-प्रोफेसर अपूर्ब बिस्वास से भी इसी मामले के सिलसिले में सीबीआई अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के पानीहाटी से विधायक घोष सुबह साढ़े 10 बजे साल्टलेक स्थित सीबीआई के सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय पहुंचे। सीबीआई ने कहा कि हमने उन्हें आरजी कर अस्पताल की घटना के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया था।

### मेडिकल की दो छात्राओं की डूबने से मौत

**अल्लूरी सीताराम राजू जिला (आंध्र प्रदेश)।** जिले में झरने में डूबने से दो मेडिकल छात्राओं की मौत हो गई तथा एक की तलाश जारी है। सोमवार को एसपी अमित बरदार ने बताया कि मारेडुमिल्ली के जलाथरंगिनी झरने में रविवार शाम चार बजे मेडिकल की शिक्षा ले रहे पांच विद्यार्थी बह गए, जिनमें से दो को पुलिस और वन अधिकारियों ने बचा लिया, हालांकि तीन को नहीं बचाया जा सका।

### राउज के सीईओ और समन्वयक को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने सोमवार को राउज आईएएस स्टडी सर्किल के सीईओ अभिषेक गुप्ता और समन्वयक देशपाल सिंह को जुलाई में कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की मौत से संबंधित मामले में सात दिसंबर तक अंतरिम जमानत दे दी।

# कोर्ट पहुंचे स्वामी, निगरानी में जांच का अनुरोध

## तिरुपति लड्डू विवाद: याचिका में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच के निर्देश देने की मांग की

नई दिल्ली, एजेंसी

- टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त जज की समिति से जांच का किया अनुरोध

भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशुओं की चर्बी के कथित इस्तेमाल की जांच अदालत की निगरानी में किये जाने के अनुरोध के साथ सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। भाजपा नेता ने न्यायालय से अनुरोध किया कि वह आंध्र प्रदेश सरकार को लड्डू बनाने में इस्तेमाल किए गए घी के स्रोत और नमूने पर एक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दे।

स्वामी ने आग्रह किया कि वह अधिकारियों से विस्तृत फोरेंसिक रिपोर्ट के लिए अंतरिम निर्देश जारी करे। याचिका अनुसार प्रसाद में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों के आपूर्तिकर्ताओं की गुणवत्ता या उसकी कमी की निगरानी और सत्यापन के लिए आंतरिक रूप से अंकुश होना चाहिए था। स्वामी ने याचिका की जानकारी एक्स पर पोस्ट की है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि मैंने जनहित याचिका दायर कर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच के निर्देश की मांग की। नायडू ने आरोप लगाया है कि तिरुपति तिरुमाला मंदिर के प्रसाद में जानवरों के मांस और सड़े पदार्थों की मिलावट की गई है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य वाई.वी. सुब्बा रेड्डी ने भी न्यायालय में याचिका दायर कर शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व वाली स्वतंत्र समिति द्वारा जांच कराये जाने का अनुरोध किया है।

### मिलावट के आरोपों का स्वतः संज्ञान ले न्यायालय : विहिप

**तिरुपति।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने उच्चतम न्यायालय से तिरुपति के लड्डुओं में मिलावट के आरोपों का स्वत: संज्ञान लेने और दोषियों का पता लगाने के लिए जांच शुरू करने की सोमवार को अपील की। विहिप के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की तिरुपति में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। विहिप ने कहा कि उच्चतम न्यायालय को इस मामले का स्वत: संज्ञान लेना चाहिए तथा एक निश्चित समयावधि में इसकी जांच कर इस अक्षम्य अपराध के दोषियों की पहचान करनी चाहिए तथा उन्हें कड़ी सजा देनी चाहिए। उसने कहा कि इस मामले में लापरवाही और देरी की कोई गुंजाइश नहीं है, क्योंकि ऐसा होने पर हिंदू समुदाय के सदस्य राष्ट्रव्यापी आंदोलन कर सकते हैं, जो इस मामले को लेकर पहले से ही अधीर हैं। विहिप के अनुसार, तिरुपति के लड्डुओं को लेकर पिछले चार-पांच दिन में दक्षिणी राज्य में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी वाईएसआरसीपी द्वारा एक दूसरे पर लगाए गए आरोपों-प्रत्यारोपों से हिंदू समुदाय स्तब्ध है।

### एफएसएसएआई की रिपोर्ट का इंतजार

**नई दिल्ली।** तिरुपति मंदिर में बांटे गए लड्डुओं पर जारी विवाद के बीच उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को कहा कि उनका विभाग भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की रिपोर्ट मिलने के बाद ही बाजार में घी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए अतिरिक्त उपायों पर विचार करेगा। खरे ने कहा कि हम रिपोर्ट का इंतजार करेंगे।

# कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी, उसने सैलजा का किया अपमान : शाह

चंडीगढ़, एजेंसी



केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उसे दलित विरोधी पार्टी करार दिया और कहा कि उसने कुमारी सैलजा और अशोक तंवर जैसे दलित नेताओं का अपमान किया है। शाह ने आरक्षण के संबंध में टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर कोई आरक्षण की रक्षा कर सकता है, तो वह केवल प्रधानमंत्री हैं।

शाह हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए टोहाना में रैली को संबोधित कर रहे थे। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने दलित नेताओं का अपमान किया, चाहे वह अशोक तंवर हों या बहन सैलजा। सत्तारूढ़ भाजपा दलित नेता सैलजा के चुनाव प्रचार से दूर रहने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साध रही है। सैलजा के चुनाव प्रचार से दूर रहने की खबरों के बीच हाल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सैलजा को भाजपा में शामिल होने का न्योता दिया था।

### मैं कांग्रेसी हूं, दो-तीन दिन में शुरू करूंगी प्रचार: सैलजा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने नाराजगी की खबरों के बीच सोमवार को कहा कि वह कांग्रेसी हैं और दो-तीन दिन में चुनाव प्रचार शुरू करेंगी। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के साथ बैठक को लेकर कहा कि शीर्ष नेताओं के साथ अक्सर चर्चा होती रहती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने कहा कि पार्टी में 100 तरह की बातें होती हैं, लेकिन वो पार्टी के अंदर की बातें होती हैं।

# सूरत : पटरी से छेड़छाड़ मामले में रेलवे के ही कर्मचारी गिरफ्तार

सूरत, एजेंसी

- हादसा टालने का श्रेय लेने और सम्मान पाने के लिए पटरी पर फिश प्लेट रखकर दी थी सूचना

गुजरात के सूरत जिले में रेल पटरी से छेड़छाड़ करने और फिर संभावित हादसे को टालने का श्रेय लेने के आरोप में रेलवे के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी होतेश जॉयसर ने बताया कि सुभाष पोद्दार, मनीष मिस्त्री और शुभम जायसवाल रेलवे के रखरखाव विभाग में ट्रैकमैन हैं।

पोद्दार और अन्य ने कोसांबा और किम स्टेशन के बीच निरीक्षण के दौरान शनिवार सुबह 5.30 बजे रेलवे प्रशासन को सतर्क किया था कि शरारती तत्व ट्रेन को पटरी से उतारने के लिए एक तरफ की पटरी से इलास्टिक क्लिप और दो फिश प्लेट हटाकर उन्हें दूसरी तरफ की पटरी पर रख रहे हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि तीनों के पटरियों से छेड़छाड़ देखे जाने से ठीक पहले मार्ग से एक ट्रेन गुजरी थी। उन्होंने बताया कि छेड़छाड़ का पता चलने और ट्रेन के गुजरने के समय के बीच अंतर बहुत कम था और इतने कम समय में इलास्टिक क्लिप और फिशप्लेट को हटाना संभव नहीं था। पूछताछ के बाद तीनों ने इस कृत्य को कबूल किया। बताया कि उन्हें लगा कि इसके लिए सम्मानित किया जाएगा और आगे भी रात की ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा।

# जाति जनगणना बोलने से डरते हैं मोदी : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरक्षण पर भाजपा पलटवार करते हुए सोमवार को कहा कि बहुजन विरोधी भाजपा चाहे कितना भी झूठ फैला ले, लेकिन मुख्य विपक्षी दल आरक्षण पर आंच तक नहीं आने देगा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जाति जनगणना बोलने तक से डरते हैं और वह नहीं चाहते कि बहुजन को उनका हक मिले।

राहुल गांधी ने आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने की पैरवी करते हुए कहा कि बहुजन को न्याय दिलाना उनके जीवन का मिशन है। अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा आरक्षण के संदर्भ में दिए बयान को लेकर भाजपा और उसके शीर्ष नेता उन पर हमले कर रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की सभा में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा था कि किसी को भी पहाड़ी, गुज्जर, दलित, अन्य पिछड़े वर्गों सहित वंचित वर्गों को दिए आरक्षण को छूने की इजाजत नहीं दी जाएगी। राहुल अमेरिका में कह रहे हैं कि आरक्षण की जरूरत नहीं है।



श्रीनगर में सभा को संबोधित करते राहुल गांधी।

### जम्मू-कश्मीर में बोले राहुल- संसद में बनूंगा आपकी आवाज

**श्रीनगर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद में जम्मू-कश्मीर के लोगों की आवाज बनने का सोमवार को वादा किया और जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए भाजपा शासित केंद्र पर दबाव बनाने की कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराई। श्रीनगर के बाहरी इलाके जैनाकोट में चुनावी रैली में गांधी ने कहा कि जब भी आपको मेरी जरूरत होगी, आप मुझे सिर्फ आदेश दीजिए, मैं आपके समक्ष हाजिर हो जाऊंगा। मैं आपके मुद्दों को संसद में उठाऊंगा। आप जानते हैं कि मेरा आपसे कितना खास रिश्ता है। मुझे इसका जिक्र करने की भी जरूरत नहीं है।

### किश्तवाड़ में आतंकियों व सुरक्षाबलों में मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के समूह में कुछ देर तक गोलीबारी होने के बाद बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। किश्तवाड़ के चटरू इलाके में मुठभेड़ तीसरे दिन में प्रवेश कर गई है। माना जा रहा है कि दो से तीन आतंकियों के जंगली इलाके में छिपे होने की उम्मीद है। जहां सुरक्षा बलों की टीम ने घेराबंदी कर रखी है। चटरू के गुरिनाल गांव में डन्ना धार वन क्षेत्र के पास 21 सितंबर को शुरू हुई मुठभेड़ तीसरे दिन में प्रवेश कर गई है। 13 सितंबर को हुई गोलीबारी में दो जवान शहीद हो गए थे और कई घायल हो गए थे।

# हिमाचल सरकार और सोनिया के खिलाफ आरोप साबित करें कंगना

- राज्य सरकार पर कर्ज लेकर सोनिया गांधी को पैसे देने का कंगना ने लगाया है आरोप

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को मंडी की सांसद कंगना रनौत को चुनौती दी कि वह अपने इस आरोप को साबित करें कि राज्य सरकार ने कर्ज लेकर सोनिया गांधी को पैसे दिए। कांग्रेस ने कहा कि कंगना रनौत ने यदि आरोप साबित नहीं किया तो वह उनके खिलाफ मानहानि का मामला दायर करेगी। हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि कंगना रनौत की टिप्पणी भाजपा सांसद के बौद्धिक दिवालियापन को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा मूर्खतापूर्ण बयान कोई नहीं हो सकता कि केंद्र से आने वाला धन या राज्य का विकास कोष सोनिया गांधी को दिया जा रहा है।

# सैन्य अधिकारी व महिला मित्र के उत्पीड़न को लेकर आयोग गठित

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पुलिस थाने में सैन्य अधिकारी को कथित तौर पर प्रताड़ित करने और उसकी मंगेतर के यौन उत्पीड़न के मामले की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति चितरंजन दास की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित किया है।

आयोग घटनाक्रम और उससे जुड़ी परिस्थितियों के साथ ही इससे संबद्ध व्यक्तियों तथा प्राधिकारियों की भूमिका, आचरण और जवाबदेही पर गौर करेगा। जांच रिपोर्ट 60 दिन में सौंपी जाएगी। आयोग भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय सुझाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि सेना अधिकारी, उसकी मंगेतर और महिला के पिता ने सोमवार सुबह राज्य सचिवालय में माझी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा था कि सरकार दोषियों पर कार्रवाई को प्रतिबद्ध है।

# महिलाओं के पवित्र वजूद की हर हाल में रक्षा आवश्यक : अदालत

**इंदौर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति प्रेमनारायण सिंह की इंदौर पीठ ने कथित तौर पर क्रूरतापूर्ण दुष्कर्म के मामले में पीड़ित और आरोपी पक्ष के बीच समझौते पर प्राथमिकी रद करने से इनकार करते हुए कहा है कि महिलाओं के पवित्र वजूद की हर हाल में रक्षा आवश्यक है।

इस मामले के आरोपी के खिलाफ अपनी प्रेमिका की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का इल्जाम है। आरोपी ने पीड़िता से हुए समझौते पर याचिका दायर करते हुए हाईकोर्ट से गुहार की थी कि उसके खिलाफ इंदौर के थाने में इस साल तीन मई को दर्ज प्राथमिकी और निचली अदालत की लंबित कार्यवाही रद कर दी जाए।

# राहुल गांधी का विरोध करे कांग्रेस : बिट्टू

जयपुर, एजेंसी



- केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस नेता पर की टिप्पणी का बचाव करते हुए ये बात कही

केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी का बचाव करते हुए सोमवार को कहा कि कांग्रेस को विरोध करना है तो राहुल गांधी का करना चाहिए।

वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिट्टू के खिलाफ सीबीआई फाटक क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश की लेकिन पुलिस उन्हें बसों में बैठाकर ले गई। यहां खेल कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे मंत्री बिट्टू से हवाई अड्डे पर मीडिया ने जब राहुल गांधी के खिलाफ उनके बयान के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि इसमें कांग्रेस या भाजपा की बात नहीं है। बात पंजाब व सिखों की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी तो खुद कितनी बार गुरुद्वारा दरबार साहिब जाते हैं ... कौन रोकता है? इसलिए यह पार्टी की बात नहीं है, पार्टी से ऊपर की बात है। बिट्टू ने कहा कि आप कोई भी एक आदमी बताओ... किसने हमें कड़ा पहनने से रोका है? किसने हमें पगड़ी बांधने से रोका है? किसने हमें गुरुद्वारे जाने से रोका है? इसलिए अगर कांग्रेस को विरोध करना है तो राहुल गांधी का करना चाहिए। रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री बिट्टू जगतपुरा शूटिंग रेंज में 57वीं अंतर रेलवे निशानेबाजी प्रतियोगिता का उद्घाटन करने आए थे। कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता बिट्टू का विरोध करने सीबीआई फाटक क्षेत्र पहुंचे लेकिन पुलिस उन्हें वहां से बसों में बैठाकर ले गई।



# 20 साल में पहली बार खिताब जीतना गर्व का पल

**● हरिका बोलीं- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी शतरंज ओलंपियाड जीतने की खुशी है**

नई दिल्ली, एजेंसी



शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

अनुभवी डी हरिका को प्रतिष्ठित शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के सपने को साकार करने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा लेकिन उन्हें बुडापेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी इस खिताब को जीतने की खुशी है।

भारत ने रविवार को शतरंज ओलंपियाड में इतिहास रच दिया जब उसकी पुरुष और महिला टीमों ने अंतिम दौर के मैचों में क्रमशः स्लोवेनिया और अजरबैजान को हराकर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते। अजरबैजान के खिलाफ महिला टीम के लिए 33 वर्षीय हरिका ने लय में वापसी करते हुए जीत दर्ज की, जबकि 18 वर्षीय दिव्या देशमुख ने तीसरे बोर्ड पर गोवर बेयदुल्लायेवा को पछाड़ कर अपना व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी पक्का किया। हरिका ने कहा मेरे लिए जाहिर तौर पर यह इन लोगों (टीम के साथी खिलाडियों) से ज्यादा भावुक क्षण है। मैं लगभग 20 साल से खेल रही हूं लेकिन पहली बार स्वर्ण पदक जीतने का मौका मिला है। मैं इन खिलाड़ियों के लिए काफी खुश और गर्व महसूस कर रही हूं। युवा खिलाड़ियों ने टीम के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया। शायद मेरा प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था लेकिन टीम के स्वर्ण पदक से मैं सब कुछ भूलने में सफल रही। मुझे खुशी है कि हम निराशा को पीछे छोड़कर मजबूत वापसी करने में सफल रहे।

दिव्या ने कहा इसकी शुरुआत काफी अच्छी रही, लेकिन बीच में हमें कुछ सफलता मिली और जिस तरह से मैंने और मेरी टीम ने इसे संभाला उस पर मुझे गर्व है। हमने दृढ़ता के साथ मुकाबला किया और आखिरकार हम स्वर्ण पदक के साथ यहां हैं। मैं अभी भावनाओं से भरी हुई हूं। मैं काफी खुश हूं। मैंने यहां अच्छा प्रदर्शन किया है। यह करो या मरो जैसे हालात थे, आपको देश के लिए सब कुछ झोंकना होता है। दिव्या तीसरे बोर्ड पर 11 में से 9.5 अंक हासिल कर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने में भी सफल रही। तानिया ने कहा यह वह क्षण है, मुझे लगता है कि हम इसके लिए ही बने थे। पिछली बार (2022 में टीम मामूली अंतर से चूक कर कांस्य पदक जीती थी) ऐसा नहीं हुआ। पिछली बार कांस्य पदक का जश्न मनाना कठिन था लेकिन मैं अभी बहुत खुश हूं।

# श्रीलंका ने जीता पहला टेस्ट मैच

गाले, एजेंसी

प्रबथ जयसूर्या की शानदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने सोमवार को पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड को 68 रनों से हरा दिया है। आज यहां मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड की टीम कल के स्कोर आठ विकेट पर 207 रन से आगे खेलना शुरु किया।

प्रबथ ने शतक की ओर बढ़ रहे रचिन रविंद्र (92)को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके दो रन बाद विलियम ओरूर्क (शून्य) को बोल्ड कर प्रबथ ने न्यूजीलैंड की पारी को 211 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला 68 रनों से जीत लिया। मैच में नौ विकेट लेने वाले श्रीलंकाई स्पिनर प्रबथ जयसूर्या को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।



प्रबथ जयसूर्या को प्लेयर ऑफ द मैच।

**● पांचवें दिन 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड 68 रनों की हारी**

इससे पहले 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। और उसने छह रन के स्कोर पर डेवन कॉन्वे (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद प्रबथ ने केन विलियमसन (30) को स्टंप आउट करा दिया। टॉम लेथम (28) को धनंजय ने पगबाधा किया। टॉम ब्लंडल (30) को प्रबथ ने बोल्ड आउट किया। रचिन रवींद्र ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे अधिक 92 रन बनाए। न्यूजीलैंड के सात खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए प्रबथ जयसूर्या ने 68 रन देकर पांच विकेट लिए। रमेश मेंडिस को तीन विकेट मिले। धनंजय डी सिल्वा और असिथा फर्नांडो को 1-1 बल्लेबाज को आउट किया।

## खेल डायरी

### भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराया

**पुडुचेरी।** साहिल पारेख (नाबाद 109) और अभिज्ञान कुंडू (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने सोमवार को नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। आज यहां 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अंडर-19 टीम शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर में हैरी होकेस्ट्रा ने रुद्र पटेल को (10) पर रोनाल्डो के हाथों कैच आउट करा दिया। इसके बाद साहिल पारेख और अभिज्ञान कुंडू ने भारतीय पारी को संभालते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 22 ओवर में एक विकेट पर 177 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। साहिल ने 75 गेंदों में 14 चौके और पांच छक्के लगाते हुए (नाबाद 109) रनों की शतकीय पारी खेली। वहीं अभिज्ञान कुंडू ने 50 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए (नाबाद 50) रन बनाए। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

### द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप से रोका

**शारजाह।** दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सात विकेट से जीत दर्ज करके अफगानिस्तान को श्रृंखला में सूपड़ा साफ करने से रोका दिया। एडेन मार्कराम की नाबाद 69 रन की पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 ओवर शेष रहते तीन विकेट पर 172 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। अफगानिस्तान की टीम इससे पहले 34 ओवर में सिर्फ 169 रन पर ढेर हो गई। अफगानिस्तान ने श्रृंखला 2-1 से जीती। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवहीन टीम शुरुआती दो मैच में 106 और 134 रन पर सिमट गई थी लेकिन शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में एक बार फिर धीमी पिच पर मार्कराम ने अच्छी पारी खेलते हुए अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। अफगानिस्तान के लिए पिछले मैच के शतकवीर रहमानुल्लाह गुरबाज ने 94 गेंद में 89 रन की पारी खेली। टीम का शीर्ष आठ में शामिल कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन से अधिक नहीं बना पाया। इनमें से तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे एएम गजनफर ने नाबाद 31 रन की पारी खेली।

### तैराक प्रत्याशा रे को मिलेगा एकलव्य पुरस्कार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की उभरती हुए तैराक प्रत्याशा रे को 2024 के प्रतिष्ठित एकलव्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रत्याशा ने इस साल फरवरी में गुवाहाटी में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में चार स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल छह पदक जीते थे। विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए जूरी सदस्यों वाली एकलव्य पुरस्कार समिति ने यहां एक बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्याशा का चयन किया। प्रत्याशा को एक समारोह में प्रशस्ति पत्र के साथ सात लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। धावक डोंडापति मृत्युम जयराम और बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री को भी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक को प्रशस्ति पत्र के साथ डेढ़ लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा।

### बार्सीलोना ने स्पेनिश लीग में लगातार छठी जीत दर्ज की

**मैड्रिड।** बार्सीलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां विलारीयाल को 5-1 से हराकर लगातार छठी जीत दर्ज की। इस मुकाबले के दौरान हालांकि बार्सीलोना को झटका भी लगा तब उसके कप्तान और गोलकीपर मार्क आंद्रे टेर स्टेगेन के घुटने में गंभीर चोट लगी और उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर जाना पड़ा। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार टेर स्टेगेन स्टेडियम से अस्पताल एंबुलेंस में गए और अस्पताल से वापस व्हीलचेयर पर लौटे। बार्सीलोना के कोच हेंसी फ्लिक ने कहा इस चोट से हम दुखी हैं। मुझे लगता है कि चोट बहुत बड़ी होगी लेकिन हमें अधिक जानकारी के लिए इंतजार करना होगा। हमें इसे स्वीकार करना होगा। यह आसान नहीं है। बार्सीलोना ने अब तक हुए छह मुकाबलों में 22 गोल किए हैं जबकि उसके खिलाफ सिर्फ पांच गोल हुए हैं। टीम ने अंक तालिका के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है जिसने शनिवार को इस्पानयोल को 4-1 से हराया। एटलेटिको मैड्रिड ने रेयो वालेकानो से 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि गेटाफे और लेगानेस का मुकाबला भी 1-1 से बराबर रहा। एथलेटिक बिलबाओ ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराया।

# डब्ल्यूटीसी की तालिका में भारत का वर्चस्व

## बांग्लादेश पर जीत के साथ मजबूत हुई स्थिति, श्रीलंका तीसरे स्थान पर पहुंचा

दुबई, एजेंसी



जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। (फाइल फोटो) ● एजेंसी

भारत ने बांग्लादेश पर 280 रन की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली जबकि श्रीलंका ने गॉल में न्यूजीलैंड को हराकर लाड्र्स में अगले साल होने वाले फाइनल के लिए अपना दावा मजबूत किया। श्रीलंका अपने मौजूदा प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचा है।

चेन्नई में जीत और 12 डब्ल्यूटीसी अंक के साथ भारत ने 71.67 प्रतिशत अंक के साथ तालिका के शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया (62.50 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर) पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पाकिस्तान के खिलाफ शृंखला 2-0 से जीतकर चौथे स्थान पर पहुंचा बांग्लादेश (39.29 प्रतिशत अंक) इस हार के बाद छठे स्थान पर खिसक गया है। बांग्लादेश ने चौथे दिन भारत के 515 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट पर 158 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो और शाकिब अल हसन ने कुछ देर हार को टाला लेकिन रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की भारत की स्पिन जोड़ी ने मात्र 40 रन देकर शेष छह विकेट चटका दिए। अश्विन को पहली पारी में शानदार शतक जड़ने और दूसरी पारी में छह विकेट लेने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। गॉल में जीत के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचे श्रीलंका के पास 2025 के फाइनल में जगह बनाने के लिए 2023 डब्ल्यूटीसी के फाइनलिस्ट भारत और ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने का सबसे अच्छा मौका है।

गॉल में न्यूजीलैंड पर 63 रन की जीत श्रीलंका की आठ मैचों में चौथी जीत है जिससे उनके 50 प्रतिशत अंक हो गए हैं। श्रीलंका की टीम मौजूदा चक्र में अब अधिकतम 69.23 प्रतिशत अंक हासिल कर सकती है जो उसे अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में जगह दिलाने के लिए पर्याप्त होगा और फिर दक्षिण अफ्रीका तथा ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करना होगा। भारत को डब्ल्यूटीसी चक्र में अभी नौ टेस्ट और खेलने हैं और उसकी नजरें लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने पर टिकी हैं। भारत पिछले दो सत्र में उपविजेता रहा था जब उसे न्यूजीलैंड (2020) और ऑस्ट्रेलिया (2022) के खिलाफ फाइनल में हार झेलनी पड़ी।

### गिल के साथ मैदान के बाहर की दोस्ती काम आई : पंत



**चेन्नई।** भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच की दूसरी पारी में शुभमन गिल के साथ सफल साझेदारी के रहस्य का खुलासा करते हुए कहा कि दोनों के बीच मैदान के बाहर की दोस्ती से मैदान पर काफी मदद मिली। पंत और गिल दोनों पहली पारी में नहीं चल पाए थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 167 रन की साझेदारी की जिसका आखिर में मैच के परिणाम पर असर पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा जब मैदान के बाहर आपके बीच बहुत अच्छे संबंध होते हैं तो फिर उस खिलाड़ी के साथ बल्लेबाजी करते हुए काफी मदद मिलती है। हम एक दूसरे के खेल का आनंद ले रहे थे, आपस में खूब बातें कर रहे थे और मैच पर भी बात कर रहे थे तथा बेहद सहज थे। आखिर में हम दोनों यह जानते थे कि हमें क्या करना है। दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेलने वाले पंत ने कहा मेरी खेल की समझ यह कहती है कि आप जहां भी खेल रहे हों, आपके खेल में सुधार होना चाहिए। इसलिए मैं टीम की मदद करने की कोशिश कर रहा था और यह शानदार रहा। मैंने इसका पूरा लुत्फ उठाया।

### बुमराह सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज : स्टीव स्मिथ



**नई दिल्ली।** अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले जसप्रीत बुमराह की सराहना की और उन्हें सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बताया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो श्रृंखला जीती हैं। अगर भारत को लगातार तीसरी टेस्ट श्रृंखला जीतनी है तो ऑस्ट्रेलिया में बुमराह के असाधारण कौशल पर काफी कुछ निर्भर करेगा। स्मिथ ने कहा वह एक बेहतरीन गेंदबाज हैं, चाहे मैं नई गेंद से, थोड़ी पुरानी गेंद से या पुरानी गेंद से उनका सामना करूं। उनके पास सभी तरह का शानदार कौशल है। 35 वर्षीय स्मिथ पिछली कुछ श्रृंखला से ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी का आगाज कर रहे हैं और उनके भारत के खिलाफ भी ऐसा ही करने की उम्मीद है।

# टीम यूरोप ने टीम विश्व को हराकर लीवर कप जीता

**बर्लिन।** चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने टेलर फ्रिट्ज को 6-2, 7-5 से हराया जिससे टीम यूरोप ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टीम विश्व को लीवर कप टेनिस टूर्नामेंट में 13-11 से शिकस्त दी।

अल्कारेज ने दूसरे सेट के 11वें गेम में अमेरिकी ओपन उप विजेता फ्रिट्ज की सर्विस तोड़ी और फिर अपनी सर्विस बचाकर मैच जीतकर टीम यूरोप की जीत सुनिश्चित की। तीन दिन के मुकाबले के तीसरे और अंतिम दिन के खेल से पहले टीम विश्व 8-4 की बढ़त बनाकर लगातार तीसरा खिताब जीतने के करीब थी। रविवार को टीम यूरोप ने वापसी की जब अल्कारेज और कास्पर रूड ने बेन शेल्टन और फ्रांसेस टियाफो की अमेरिका की जोड़ी को युगल मुकाबले में 6-2, 7-6 से हराया। शेल्टन ने इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के उप विजेता दानिल मेदवेदेव को 6-7, 7-5, 10-7 से हराकर टीम विश्व को फिर बढ़त दिलाई। टियाफो के पास टीम विश्व को जीत दिलाने का मौका था लेकिन वह फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ हार गए। अल्कारेज ने इसके बाद फ्रिट्ज को हराकर टीम यूरोप की जीत पक्की की।

# सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार बने रहे हैं जडेजा



**● कानपुर टेस्ट में 300 विकेट और 3,000 रन के साथ ग्रैंड डबल एलीट क्लब में शामिल होने का मिलेगा मौका**

चेन्नई, एजेंसी

अगर आप जसप्रीत बुमराह जैसे विलक्षण नहीं हैं तो फिर रविचंद्रन अश्विन के साथ खेलने वाले गेंदबाजों के लिए इस दिग्गज ऑफ स्पिनर की छाया से बाहर निकलना आसान नहीं होता, फिर भले ही वह रविंद्र जडेजा जैसा प्रतिभाशाली खिलाड़ी ही क्यों ना हो।

इस हफ्ते शुरू होने वाले कानपुर टेस्ट में जडेजा के पास टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट और 3,000 रन के ग्रैंड डबल को हासिल करने वाले खिलाड़ियों के एलीट क्लब में शामिल होने का मौका होगा। इस ऑलराउंडर के नाम पर अभी 299 विकेट और 3,122 रन दर्ज हैं। भारत के दो खिलाड़ियों अश्विन और कपिल देव सहित अब तक दुनिया के केवल 10 खिलाड़ी ही इस उपलब्धि को हासिल कर पाए हैं।

गैरी सोबर्स और जाक कैलिस जैसे महान खिलाड़ी भी इस सूची का हिस्सा नहीं हैं लेकिन इसके बावजूद जडेजा को उतनी सुर्खियां नहीं मिलती जितनी इन्हें मिला करती थी। एक तरह से जडेजा का काम करने का तरीका इसका मुख्य कारण है।

अश्विन बोलने में तेज हैं और वह प्रेस कांफ्रेंस या अपने यूट्यूब चैनल पर अपने कौशल के बारे में बात करने से नहीं डरते। जडेजा इनमें से कुछ भी नहीं करते। वह रडार की पकड़ में नहीं आने वाले लड़ाकू विमान की तरह अपना काम करते हैं। हालांकि भारत जब भी मुश्किल में होता है तो जडेजा की लड़ाकू प्रवृत्ति तुरंत सामने आ जाती है।

### स्वदेश में हमने 45 मैच खेले, जडेजा ने लिए 218 विकेट : अश्विन

अश्विन ने कहा अब यह प्रशंसा एक कदम और बढ़ गई है, यह जानते हुए कि मैं जडेजा को कभी नहीं हरा सकता। इसलिए मैं अपने खेल में सहज हूं, लेकिन उन्होंने जो किया है, उससे पूरी तरह प्रेरित हूं। उन्होंने पहले टेस्ट के बाद कहा वह काफी प्रेरणादायक है। कभी-कभी जब आप अपने साथी क्रिकेटरों के साथ दौड़ में होते हैं तो आप एक-दूसरे से आगे निकलना चाहते हैं, और फिर आप धीरे-धीरे एक-दूसरे की प्रशंसा करने लगते हैं। वर्ष 2012 में जोड़ी बनाने के बाद से अश्विन और जडेजा स्वदेश में एक साथ 45 टेस्ट खेले जिनमें से भारत ने 34 जीते, तीन में हार और शेष आठ ड्रॉ रहे। इन 45 मैचों में जडेजा ने 218 जबकि अश्विन ने 263 विकेट चटकाए।

## बॉलीवुड हलचल



# मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 बनीं रिया सिंघा

**जयपुर।** गुजरात की रिया सिंघा मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 की विजेता बन गईं हैं। मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का ग्रैंड फिनाले को राजस्थान के जयपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर से चुनी गई 51 फाइनलिस्टों ने एक से बढ़कर एक जबरदस्त परफॉर्मेंस दी। 51 फाइनलिस्टों में पहले दो राउंड के बाद से टॉप 20 फाइनलिस्ट चुनी गई। दिल्ली की प्रांजल प्रिया को हराकर गुजरात की रिया सिंघा ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 एवं बॉलीवुड स्टार उर्वशी रौतेला ने रिया सिंघा को मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज पहनाया। रिया इस वर्ष मैक्सिको में होने वाले मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। रिया ने इस अवसर पर कहा, मैंने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब जीत लिया है। मैंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है, जहां मैं खुद को इस ताज के लायक समझ सकती हूं। मैं पिछले विजेताओं से बहुत प्रेरित हूं। कार्यक्रम में जज के रूप में मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 के डायरेक्टर निखिल आनंद, बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, फिलीपींस के जाने माने फैशन डिजाइनर ग्युयें कुयन्ह, रियान फर्नांडिस एवं राजीव श्रीवास्तव थे। गौरतलब है कि तीन भारतीय सुंदरियों ने मिस यूनिवर्स का ताज जीता है, जिसमें वर्ष 1994 में सुष्मिता सेन, वर्ष 2000 में लारा दत्ता और वर्ष 2022 में हरनाज संधू शामिल है।

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुए चिरंजीवी



**हैदराबाद।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार चिरंजीवी को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। चिरंजीवी अब गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के धारक बन गए हैं। चिरंजीवी को यह सम्मान 45 वर्षों में अपनी 156 फिल्मों के 537 गानों में 24,000 डांस मूव्स करने के लिए मिला। इसी दिन सुपरस्टार चिरंजीवी 1978 में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। चिरंजीवी को यह सम्मान आमिर खान ने दिया। इस अवसर पर आमिर खान ने कहा, यहां आना मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात है। मैं चिरंजीवी गारू के प्रशंसकों को देखकर खुश हूं और मुझे भी अपने बीच शामिल करने के लिए आप सभी का धन्यवाद क्योंकि मैं भी उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैं उन्हें अपने बड़े भाई की तरह देखता हूं। जब चिरंजीवी गारू ने मुझे फोन किया और मुझे इस कार्यक्रम में आमंत्रित करना चाहा तो मुझे नहीं पता कि उन्होंने मुझसे क्यों बुलाया था और मैंने उनसे पहले ही कहा था कि आपको केवल ऑर्डर करना है, कोई मांग नहीं है। मुझे बहुत खुशी है कि चिरंजीवी गारू को यह सम्मान दिया गया है। चिरंजीवी ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक बन जाएंगे। उन्होंने दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

### अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज हो गया है। पुष्पा 2 : द रूल इस साल की सबसे ज्यादा प्रतीक्षित फिल्म है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म अब अपनी रिलीज से सिर्फ 75 दिन दूर है और जल्द ही दुनिया पुष्पा और उनके बेमिसाल जलवे को बड़े पर्दे पर देखेगी। पुष्पा 2 : द रूल के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर अल्लू अर्जुन का एक रोमांचक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें वे पुष्पराज के रूप में नजर आ रहे हैं, जिसमें उनका सिग्नेचर स्वैग साफ झलक रहा है। उन्होंने कैप्शन में लिखा 75 दिन में दुनिया को पुष्पा और उनकी बेमिसाल आभा को बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। #पुष्पा 2 द रूल भारतीय सिनेमा में एक अभूतपूर्व अध्याय लिखेगा द रूल 6 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सुकुमार द्वारा निर्देशित और माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत टी सीरीज का है।

# भांबरी, जीवन और प्रशांत अलग-अलग टूर्नामेंट के युगल फाइनल में

नई दिल्ली, एजेंसी



विजय सुंदर प्रशांत व जीवन नेदुनचेझियान।

**● फाइनल मुकाबला जीवन और विजय का कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की जर्मन जोड़ी से होगा**

भारत के जीवन नेदुनचेझियान, विजय सुंदर प्रशांत और युकी भांबरी ने सोमवार को चीन में खेले जा रहे दो अलग-अलग एटीपी टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में जगह बनाई।

जीवन और विजय की गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने हांग्झोऊ ओपन के सेमीफाइनल में एरियल बेहार (उरुग्वे) और रॉबर्ट गैलोवे (अमेरिका) की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ पहले सेट में करारी हार के बाद शानदार वापसी की तथा एक घंटे और 11 मिनट के रोमांचक मुकाबले में 0-6, 6-2, 10-4 से जीत हासिल की। फाइनल में जीवन और विजय का मुकाबला कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैरवरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी से होगा।

उन्होंने रिंकी हिजिकाटा (ऑस्ट्रेलिया) और मैकेंजी मैकडोनाल्ड (अमेरिका) से वॉकओवर मिलने के बाद फाइनल में जगह बनाई। इस बीच चेंगदू ओपन में युकी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटल की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे और 31 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में क्रोएशिया के इवान डोडिग और ब्राजील के राफेल माटोस को 6-3, 7-6 से हराया। फाइनल में युकी और अल्बानो का मुकाबला सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में मिगुएल रेयेस-वरेला और जॉन-पैट्रिक स्मिथ को 4-6, 6-3, 12-10 से हराया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## अनोखी प्रतियोगिता



केरल में बैलों की दौड़ प्रतियोगिता चर्चा में रहती है। खास मौकों पर यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। कोझिकोड जिले में एक किसान अपने बैलों के साथ दौड़ता हुआ। एजेंसी

# सामाजिक दबावों के बीच पुरुष अकेलेपन की महामारी से जूझ रहे

जस्टिन बीबर और उनकी पत्नी हैली ने मई 2024 में घोषणा की थी कि वे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं, उससे कुछ हफ्ते पहले पॉप आइकन ने एक सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा की थी जिसमें उनकी आंखों में आंसू थे और वह परेशान दिखाई दे रहे थे। मीडिया का ध्यान तुरंत ही हैली की गर्भावस्था की ओर चला गया जबकि एक पुरुष सेलिब्रिटी और भावी पिता द्वारा सार्वजनिक रूप से अपनी कमजोरी साझा करने के महत्व पर बहुत कम ध्यान दिया गया। फिर भी, बीबर का सोशल मीडिया पोस्ट उनके आंतरिक संघर्ष को उजागर करने के लिए काफी है। भावनात्मक दर्द गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है। लेकिन, पुरुषों की भावनाओं और कमजोरियों की अभिव्यक्ति के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया अक्सर कमतर होती है, भले ही उन्हें पूरी तरह खारिज नहीं किया जाता हो। उदाहरण के लिए, बीबर के आंसू भरे पोस्ट के जवाब में हैली ने उन्हें काफी रोने वाला बताया।



### कनाडाई रैप गायक ने अपने दिल की भावनाएं पेश की

एक साल पहले, कनाडाई रैप गायक डैक्स ने टू बी ए मैन गाना रिलीज किया था। उस समय उन्होंने कहा था, यह एक ऐसा गाना है जिसमें मैंने अपने दिल की भावनाएं पेश की हैं। मैं प्रार्थना कर रहा हूं कि यह उन सभी तक पहुंचे जिन्हें इसकी जरूरत है। आज, इस गाने का संदेश समय के अनुकूल है। इस गाने का भाव कुछ इस तरह है : हां, मुझे पता है कि यह जिंदगी आपको वाकई हरा सकती है, तुम चीखना चाहते हो लेकिन तुम आवाज नहीं निकाल पाओगे, इतना वजन है कि तुम उसे थामे हुए हो लेकिन एक पुरुष के तौर पर कोई भावना नहीं दिखा पाओगे, जो अनकही रह जाएगी।

### अमेरिकी सर्जन ने महामारी बताया

पुरुषों पर अकेलेपन का असर को लेकर अमेरिकी सर्जन डॉ. विवेक मूर्ति ने एक सलाह जारी की, जिसमें उन्होंने देश में अकेलेपन और अलगाव को एक महामारी के रूप में वर्णित किया। हाल ही में हमने 75 नए और भावी पिताओं पर एक अध्ययन किया, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत और सामूहिक आघात से निपटने की आवश्यकता पर बात की। उन्होंने कहा कि इससे अंततः उनके परिवारों को सहायता मिलेगी। लेकिन नए और भावी पिताओं का कहना है कि पुरुषों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में मदद करने के लिए संसाधन अक्सर अनुपलब्ध या बहुत सीमित होते हैं।

### पुरुष होने के नाते बाहर से दिखाते मजबूत

शोध में शामिल एक प्रतिभागी ने कहा एक पिता और एक पुरुष होने के नाते, आपको माहौल खुशनुमा रखना है और बाहर से खुद को मजबूत दिखाना है। लेकिन, अंदरुनी तौर पर आप कुछ अलग ही महसूस कर रहे होते हैं। शोध एक स्थायी सामाजिक स्वास्थ्य चुनौती को दर्शाता है, वह चुप्पी जो आमतौर पर पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य के इर्द-गिर्द रहती है।

## एक नजर

### ईरान में भूकंप के झटकों में 28 लोग घायल

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत उत्तरी खुरासान के बोजनुर्द काउंटी में रविवार को आए भूकंप के तीव्र झटकों के कारण कम से कम 28 लोग घायल हो गए। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी एवं कम से कम 28 लोग घायल हो गए। ईरानी भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार स्थानीय समयानुसार 16:13 बजे आए भूकंप की गहराई आठ किमी पर थी। इसके बाद चार झटके महसूस किए गए जिनमें एक ही काउंटी में 4.7 और 4.1 तीव्रता के दो झटके शामिल थे।

### पाकिस्तान में युवक पर लगा ईशनिंदा का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने साहीवाल जिले के चिचावतनी शहर के एक युवक (25) पर सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट को लेकर ईशनिंदा का आरोप लगाया है। स्थानीय अखबार डॉन ने सोमवार को बताया कि शनिवार रात चिचावतनी के सदर थाना के सहायक उप-निरीक्षक शमसुल हसन की शिकायत पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वह शख्स इस्लामाबाद में सीनेट का कर्मचारी था, लेकिन हाल ही में उसे नौकरी से हटा दिया गया।

### इराक के आतंकवादी गुट ने ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली

**बगदाद।** इराक के आतंकवादी गुट एक शिया मिलिशिया समूह ने रविवार शाम को जॉर्डन घाटी में एक इजराइली ठिकानों पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। मिलिशिया समूह ने एक बयान में कहा कि रविवार को अपनी तरह का पांचवां हमला गाजा पट्टी के लोगों के साथ एकजुटता में किया गया था जिसमें दुश्मन के गढ़ों को निशाना बनाना जारी रखने का संकल्प लिया गया था। समूह ने प्रभावित स्थलों को निर्दिष्ट नहीं किया या किसी हताहत की सूचना नहीं दी। इससे पहले दिन में समूह ने इज़रायली ठिकानों पर कई ड्रोन और मिसाइल हमलों की जिम्मेदारी ली जिसमें भोर में दक्षिणी इज़राइल में स्थलों पर ड्रोन हमला, उत्तर में कई स्थलों पर उन्नत अल-अरक़ब क्रूज मिसाइलों से हमले और सुबह में जॉर्डन घाटी में एक इजराइली सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमला शामिल है।


# भारत में विकास की अनंत संभावनाएं : मोदी

## प्रधानमंत्री ने अमेरिका की 15 प्रमुख प्रौद्योगिक कंपनियों के सीईओ के साथ की बैठक

न्यूयॉर्क, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया और इस दौरान भारत में विकास की संभावनाओं पर जोर दिया एवं विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की पहलों पर चर्चा की। बैठक मोदी की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के दूसरे दिन रविवार को लोट्टे न्यूयॉर्क पैलेस होटल में हुई।

बैठक में एआई क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों पर काम करने वाली अमेरिका की 15 प्रमुख कंपनियों के सीईओ ने हिस्सा लिया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया न्यूयॉर्क में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों के सीईओ के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया। प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष और अन्य विषयों से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की। इस क्षेत्र में भारत की प्रगति पर भी प्रकाश डाला। भारत के प्रति आशावादी दृष्टिकोण को देखकर मुझे खुशी हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग और महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (आईसीईटी) जैसे प्रयास भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के मूल में हैं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और उन्होंने कंपनियों को सहयोग एवं नवोन्मेष के मामले में भारत की विकास गाथा का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। कंपनियां भारत में दुनिया के लिए सह-विकास, सह-डिजाइन और सह-उत्पादन कर सकती हैं। भारत के आर्थिक और तकनीकी विकास से अवसरों का लाभ उठा सकती हैं। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, अडोब के सीईओ शांतनु नारायण, एक्सेंचर की सीईओ जूली स्वीट के सीईओ शामिल हुए।



न्यूयॉर्क के एक होटल में कंपनियों के सीईओ के साथ उपस्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। एजेंसी

### प्रधानमंत्री ने आर्थिक परिवर्तन पर प्रकाश डाला

बौद्धिक संपदा की सुरक्षा और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारत की गहरी प्रतिबद्धता के बारे में उद्योगपतियों को आश्वस्त करते हुए मोदी ने देश में विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विनिर्माण और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में हो रहे आर्थिक परिवर्तन पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य लोगों में एएमडी की सीईओ लिजा सु, एचपी इंक के सीईओ एनरिक लोरेस, आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा, मॉडर्ना के चेयरमैन डॉ. नौबर अफयान और वेरिजॉन के सीईओ हैंस वेस्टबर्ग शामिल थे।

### भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध

सीईओ के साथ बैठक में मोदी ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश को बायोटेक पावरहाउस के रूप में विकसित करने के लिए भारत की बायो ई3 (पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति के बारे में भी बात की। उन्होंने एआई के विषय पर कहा कि भारत की नीति सभी के लिए एआई को बढ़ावा देने तथा इसके नैतिक और जिम्मेदारी से उपयोग पर आधारित है।

### सीईओ ने भारत के साथ निवेश और सहयोग करने में गहरी रुचि व्यक्त की

सीईओ ने ऐसे वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में भारत के बढ़ते प्रभुत्व की सराहना की, जो इसकी नवोन्मेष-अनुकूल नीतियों और समृद्ध बाजार के अवसरों से प्रेरित है। उन्होंने भारत के साथ निवेश और सहयोग करने में भी गहरी रुचि व्यक्त की। सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य लोगों में बायोजेन इंक के सीईओ क्रिस विहबैकर, ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब के सीईओ क्रिस बोर्नर, एली लिली एंड कंपनी के सीईओ डेविड ए रिक्स, एलएएम रिसर्च के सीईओ टिम आर्चर, ग्लोबलफाउंड्रीज के सीईओ थॉमस कौलफील्ड और किंड्रिल के सीईओ मार्टिन श्रोएटर शामिल थे।

# प्रधानमंत्री ने औली समेत विश्व के कई नेताओं से की मुलाकात

- द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की
- प्रधानमंत्री ने फिलस्तीनी राष्ट्रपति सहित से की गहन चर्चा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने नेपाली समकक्ष केपी शर्मा ओली और फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास सहित विश्व के कई नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें की, जिनमें द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मोदी अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा के तहत न्यूयॉर्क में हैं। उन्होंने रविवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) सत्र के इतर अब्बास से मुलाकात की।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री केपी ओली के साथ बैठक बहुत अच्छी रही। भारत और नेपाल की मित्रता बहुत मजबूत है और हम अपने संबंधों को और गति देना चाहते हैं। हमारी बातचीत ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे मुद्दों पर केंद्रित रही। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घनिष्ठ मित्रता को और प्रगाढ़ करते हुए यूएनजीए सत्र से इतर नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली से आज मुलाकात की। इसमें कहा गया दोनों नेताओं ने सदियों पुरानी, बहुआयामी और विस्तारित साझेदारी के तहत सभी क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए आपसी हित के मामलों पर चर्चा की। ओली प्रधानमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद सबसे पहले किसी पड़ोसी देश का दौरा करने की परंपरा को तोड़ते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अपनी पहली विदेश यात्रा पर अमेरिका आए हैं।



नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ मोदी।

### गाजा में मानवीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की

मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से भी यहां मुलाकात की और गाजा में मानवीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रति भारत के समर्थन की पुष्टि की। मोदी ने एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, न्यूयॉर्क में (फलस्तीन के) राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की।

## अगर हारा, तो 2024 का चुनाव मेरा आखिरी मुकाबला होगा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि अगर वह 2024 में व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय और आवास) में वापसी करने में नाकाम रहते हैं तो उन्हें नहीं लगता कि वह 2028 में राष्ट्रपति पद के लिए दोबारा चुनाव लड़ेंगे। जब पत्रकार शेरिल एटकिसन ने ट्रंप से फिर से राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा नहीं, मैं (चुनाव नहीं) लड़ पाऊंगा। ट्रंप की यह टिप्पणी इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि उन्होंने व्हाइट हाउस के लिए चौथी बार दावेदारी की संभावना को खारिज कर दिया है और वह कभी इस संभावना को स्वीकार नहीं करते हैं कि वह वैध रूप से चुनाव हार सकते हैं।

# रूसी व अमेरिकी नागरिक को लेकर पृथ्वी पर लौटा कैप्सूल

मॉस्को, एजेंसी

- दो यात्रियों ने परिक्रमा कर रही अंतरिक्ष प्रयोगशाला में रिकॉर्ड-लंबा प्रवास पूरा किया

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से दो रूसी और एक अमेरिकी नागरिक को लेकर सोयूज कैप्सूल सोमवार को कजाकिस्तान में उतरा। इसके साथ ही रूस के दोनों अंतरिक्ष यात्रियों का लंबा प्रवास समाप्त हो गया। आईएसएस से अलग होने के लगभग साढ़े तीन घंटे बाद कैप्सूल कजाकिस्तान के मैदान पर उतरा। ओलेग कोनोनेंको और निकोलाई चूब अंतरिक्ष स्टेशन पर 374 दिन बिताने के बाद वापस लौटे, जो वहां उनका सबसे लंबा निरंतर प्रवास था। इस कैप्सूल में अमेरिकी ट्रेसी डायसन भी थीं, जो छह महीने तक अंतरिक्ष स्टेशन में रहीं। कोनोनेंको और चूब 15 सितंबर, 2023 को अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुए और शुक्रवार को आईएसएस पर सबसे लंबे समय तक लगातार रहने का रिकॉर्ड बनाया। डायसन, बाहरी अंतरिक्ष में अपने तीसरे मिशन में छह महीने अंतरिक्ष में रहीं।



## लेबनान एक और गाजा में हो सकता है तब्दील : गुटेरेस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि इजराइल व हिजबुल्ला के मध्य बढ़ते हमलों के बीच लेबनान एक और गाजा में तब्दील हो सकता है। गुटेरेस ने अमेरीकी समाचार आउटलेट सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि लेबनान में संचार उपकरणों के हाल ही में विस्फोट का मतलब है कि बहुत अधिक वृद्धि की संभावना है जिसके बारे में उन्हें डर है कि यह दुनिया के लिए विनाशकारी त्रासदी हो सकती है। लेबनान के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष समन्वयक जीनिन हेनिस ने एक्स पर कहा क्षेत्र एक आसन्न तबाही के कगार पर है और इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है, ऐसा कोई सैन्य समाधान नहीं है जो किसी भी पक्ष को सुरक्षित कर सके।

# इजराइली हमलों में 182 लोग मारे गए

## लेबनान के लिए 2006 के बाद सर्वाधिक घातक दिन, 300 ठिकानों पर हमला किया

मरजायौन (लेबनान), एजेंसी

लेबनान के लिए वर्ष 2006 के बाद सोमवार सर्वाधिक घातक दिन रहा और हिजबुल्ला के खिलाफ इजराइल के हमलों में 180 से अधिक लोग मारे गए। इजराइली सेना ने हिजबुल्ला के खिलाफ व्यापक हवाई अभियान से पहले दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के निवासियों को अपने घर खाली करने की चेतावनी दी थी।

दक्षिण लेबनान से इजराइल की चेतावनी के बाद हजारों लेबनानी अपने घरों को छोड़कर भाग गए। वर्ष 2006 के इजराइल-हिज़बुल्ला युद्ध के बाद इस सबसे बड़े पलायन में दक्षिणी बंदरगाह शहर सिडोन के पास मुख्य राजमार्ग बेरूत की ओर जाने वाली कारों से जाम हो गया। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हिजबुल्ला आतंकवादी समूह के खिलाफ दबाव बढ़ाते हुए लेबनान में सोमवार को लगभग 300 ठिकानों पर हमला किया। इजराइल की सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में तस्वीर जारी करते हुए घोषणा की कि सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी, तेल अवीव स्थित सैन्य मुख्यालय से अतिरिक्त हमलों को मंजूरी दे रहे हैं। हिजबुल्ला के खिलाफ पिछले एक साल से चल रही लड़ाई में यह सबसे घातक हवाई हमलों में से एक है।



# मध्यस्थता सुनवाई में रूस पर जड़े आरोप

द हेग, एजेंसी

- यूक्रेन और रूस के बीच एक उच्चस्तरीय मध्यस्थता मामले की सुनवाई शुरू

यूक्रेन और रूस के बीच एक उच्च-स्तरीय मध्यस्थता मामले की सुनवाई सोमवार को शुरू हुई। इस दौरान, कीव ने मॉस्को पर रणनीतिक रूप से अहम अजोव सागर और केर्च जलडमरूमध्य पर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (पीसीए) में यह सुनवाई रूस और यूक्रेन से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय कानूनी मामलों की श्रृंखला में नवीनतम है। ये मामले 2014 में मॉस्को के क्रीमिया पर कब्जा करने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण करने से जुड़े हुए हैं। यूक्रेन के प्रतिनिधि एंटन कोरिनविच ने मध्यस्थों के एक पैनल को बताया रूस अजोव सागर और केर्च जलडमरूमध्य पर कब्जा करना चाहता है। इसलिए उसने प्रवेश स्थल पर एक विशाल द्वार बनाया है, ताकि छोटी रूसी नौकाओं को प्रवेश की अनुमति दी जा सके और अंतर्राष्ट्रीय जहाजों को बाहर रखा जा सके। प्रवेश द्वार से यूक्रेन का संदर्भ क्रीमिया पर कब्जे के बाद केर्च जलडमरूमध्य पर रूस द्वारा बनाए गए एक पुल से था।



मध्यस्थता सुनावाई के दौरान पक्ष रखते जेलेंस्की। • एजेंसी

### जेलेंस्की ने गोला बारूद फैक्टरी का दौरा किया

**स्क्रैंटन (अमेरिका)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अत्यधिक कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को पेंसिल्वेनिया में गोला-बारूद की उस फैक्टरी का दौरा किया जो रूसी बलों के साथ उनके देश की लड़ाई के लिए आवश्यक हथियारों में से एक का उत्पादन कर रही है। स्क्रैंटन सेना गोला बारूद संयंत्र के निरीक्षण के साथ ही अमेरिका की उनकी यात्रा शुरू हो गयी है और इस दौरान वह युद्ध में यूक्रेन के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे।

## माली के राष्ट्रपति ने आतंकवाद पर अंकुश लगाने का लिया संकल्प

**बमाको।** पश्चिमी अफ्रीकी देश माली के राष्ट्रपति असिमी गोइता ने देश में शांति, सुरक्षा एवम विकास को आगे बढ़ाने के अपने दृढ़ संकल्प की पुष्टि की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का संकल्प लिया। गोइता ने देश की आजादी की 64वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक सैन्य परेड के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा जब तक हमारा देश इस खतरे से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाता, हम दिन-रात इन सशस्त्र समूहों का समर्थन करेंगे। मालियान लोगों की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए, जो चुनौतियों के बावजूद राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने मिशन में मालियान सशस्त्र बलों का सक्रिय रूप से समर्थन करना जारी रखते हैं। गोइता ने रक्षा और सुरक्षा बलों के आसपास एक पवित्र संघ की आवश्यकता पर जोर दिया।

बदलाव | श्रीलंका के नव नियुक्त राष्ट्रपति ने ली शपथ

# दिसानायके ने नया युग लाने का किया वादा

कोलंबो, एजेंसी

मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने सोमवार को श्रीलंका के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली और कहा कि वह अपने देश में पुनजार्गरण की शुरुआत करेंगे। दिसानायके (56) ने सोमवार को श्रीलंका के नौंवे राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। प्रधान न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने राष्ट्रपति सचिवालय में उन्हें शपथ दिलायी।

दिसानायके ने चुनाव जीतने के बाद पहली बार देश को संबोधित करते हुए जनादेश का सम्मान करने और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के लिए पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे का आभार जताया। उन्होंने शपथ ग्रहण करने के बाद दिए संबोधन में कहा मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि मैं लोकतंत्र को बचाने और नेताओं का सम्मान बहाल करने की दिशा में काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा क्योंकि लोगों के बीच नेताओं के आचरण को लेकर संदेह है। दिसानायके ने कहा कि श्रीलंका अलग-थलग नहीं रह सकता और उसे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह कोई जादूगर नहीं हैं बल्कि उनका उद्देश्य आर्थिक संकट से जूझ रहे देश को ऊपर उठाने की सामूहिक जिम्मेदारी का हिस्सा बनना है। मैं इस देश में जन्मा आम नागरिक हूं। मुझमें क्षमताएं और अक्षमताएं हैं। मैं कुछ चीजें जानता हूं और कुछ नहीं जानता। मेरा पहला काम लोगों की प्रतिभाओं का इस्तेमाल करना और इस देश का नेतृत्व करने के लिए बेहतर निर्णय लेना है। उन्होंने कहा मैं सामूहिक जिम्मेदारी में एक योगदानकर्ता बनना चाहता हूं।



शपथ ग्रहण समारोह के बाद संबोधन करते राष्ट्रपति दिसानायके।

### मोदी का जताया आभार

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उन्हें बधाई दिए जाने पर उनका आभार जताया और कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता का समर्थन करते हैं। दिसानायके ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और समर्थन के लिए धन्यवाद।